इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव






## किसान आंदोलन : देश भर में 'आक्रोश दिवस' मनाएगा किसान मोर्चा, दिल्ली मार्च पर आज फैसला लेंगे किसान नेता

नई दिल्ली। न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर फसलों की खरीद की गारंटी समेत कई मांगों को लेकर पंजाब के किसान 10 दिनों से धरना दे रहे हैं. सरकार से चौथे दौर की बातचीत फेल होने के बाद किसानों ने 21 फरवरी (बुधवार) को दिल्ली मार्च की तैयारी की थी. हालांकि, एक किसान की मौत के बाद किसान संगठनों ने दिल्ली मार्च का प्लान टाल दिया गया है. संयुक्त किसान मोर्चा की चंडीगढ़ में हुई मीटिंग के बाद शुक्रवार को देश भर में ब्लैक डे मनाने का ऐलान किया है. 26 फरवरी को ट्रैक्टर मार्च और 14 मार्च को दिल्ली रामलीला मैदान में महापंचायत होगी. वहीं, दिल्ली मार्च पर फैसला शुक्रवार को लिया जाएगा।



किसान आंदोलन के 10वें दिन शंभू और खनौरी बॉर्डर पर हालात सामान्य हैं. किसान शुभकरण की मौत के बाद किसानों ने 23 फरवरी को आक्रोश दिवस मनाने का ऐलान किया है. वहीं, संयुक्त किसान मोर्चा ने हरियाणा के सीएम मनोहर लाल खट्टर का इस्तीफा मांगा है। खनौरी बॉर्डर पर बुधवार को किसानों और पुलिस के बीच टकराव हुआ था. इस दौरान युवा किसान शुभकरण (21) की मौत हो गई थी. हालांकि, किसान की मौत कैसे हुई, इसकी स्पष्ट जानकारी नहीं गई है. पुलिस के मुताबिक, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारणों की वजह साफ हो पाएगी. फिलहाल किसानों ने शुभकरण का पोस्टमार्टम को रोक दिया है. उनकी मांग है कि जब तक सरकार आर्थिक मुआवजे की घोषणा नहीं करेगी, तब तक पोस्टमार्टम नहीं होनें देंगे. किसान नेताओं ने शुभकरण को शहीद का दर्जा दिए जाने की मांग भी की है. किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा, जिस तरह से केंद्र ने हमारे क्षेत्र में घुसकर हमला किया, हमारे ट्रैक्टर और ट्रकों में तोड़फोड़ की, पंजाब सरकार को उनके खिलाफ 302 का मामला दर्ज करना चाहिए... हमारे पास सबूत हैं कि पंजाब सरकार ने हमारा लंगर बंद कर दिया, पंजाब सरकार को हमारे बारे में अपना रुख साफ करना चाहिए।

शुभकरण की मौत के बाद भारतीय किसान यूनियन (कादियां) ने जालंधर-लुधियाना की सीमा पर फिल्लौर में जम्मू-दिल्ली नेशनल हाईवे 2 घंटे के लिए जाम किया. हरियाणा में भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता भी रोड जाम कर धरने पर बैठे। खनौरी बॉर्डर पर जान गंवाने वाले युवा किसान शुभकरण सिंह की मौत के मामले में पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट में याचिका लगाई गई है. मोहाली के एडवोकेट हरिंदर सिंह ने लगाकर आंसू गैस के गोलों और पैलेट गन पर सवाल उठाए हैं. हाईकोर्ट में इस मामले की 29 फरवरी को सुनवाई करेगा। किसान आंदोलन को लेकर पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में नई पिटीशन दायर हुई है. पंचकूला के वकील ने पिटीशन में कहा कि शंभू और खनौरी बॉर्डर पर माहौल खराब है. हाईकोर्ट में यह चौथी जनहित याचिका है. हाईकोर्ट ने कहा कि 29 फरवरी को इन सभी पिटीशन पर सुनवाई होगी. (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## सरकारी अस्पतालों में अब होगा रोबोट से इलाज, एम्स की तर्ज पर संभागों में बनेगा सुपरस्पेश्यालिटी अस्पताल, स्वास्थ्य मंत्री ने सदन में की घोषणा

रायपुर। सरकारी अस्पतालों में अब प्रदेशवासियों को रोबोट तकनीक से इलाज की सुविधा मिलेगी। इस तकनीक से इलाज के लिए स्वास्थ्य विभाग ने काम करना शुरू कर दिया है। विभाग की टीम ने देश व विदेश का दौरा भी कर लिया है। विधानसभा सत्र के दौरान गुरुवार को स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के अनुदान मांगों पर चर्चा के दौरान स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने यह जानकारी दी। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों से लेकर शहरों के सरकारी और सुपर स्पेश्यालिटी अस्पतालों में ज्यादा से ज्यादा सुविधाएं बढ़ाई जाएंगी। एम्स की तर्ज पर संभागों में सुपर स्पेश्यालिटी अस्पताल बनाए जाएंगे।




### आयुष्मान से इलाज नहीं होने पर कड़ी कार्रवाई

सदन के भीतर चर्चा के दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने साफ किया कि केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना आयुष्मान भारत का फायदा प्रदेश के सभी नागरिकों को मिलेगा। यह योजना शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान भारत योजना के नाम जाना जाएगा। कार्ड होने के बाद भी चिन्हित अस्पतालों द्वारा इलाज नहीं करने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। लाइसेंस भी रद किया जा सकता है। सरकार आम नागरिकों को बेहतर इलाज सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

### 778 करोड़ से संवरेगा मेकाहारा, दोगुनी होगी क्षमता

राजधानी के मेकाहारा की 650 बिस्तरों की क्षमता को 1200 बिस्तरों तक बढ़ाया जाएगा। अस्पताल के उन्नयन के लिए 778 करोड़ रुपये का प्रविधान किया गया है। यहां मरीजों के परिजनों के रुकने के लिए भी कमरे बनाए जाएंगे। वित्तीय वर्ष 2024-25 में सात आयुर्वेद चिकित्सालय, 12 आयुष पालीक्लीनिक एवं 692 आयुष औषधालयों का जनभागीदारी के माध्यम से उन्नयन एवं सुविधाएं प्रदाय किए जाने के लिए 2.12 करोड़ रुपये का बजट रखा गया है।

### चार जिलों में मेडिकल कालेज भवन के लिए राशि

अनुदान मांगों पर चर्चा के दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि मनेंद्रगढ़, जांजगीर, कवर्धा, दंतेवाड़ा में मेडिकल कालेज निर्माण के लिए 50-50 करोड़ स्वीकृत किए गए हैं। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## किसानों, जवानों को नजरअंदाज कर लोकतंत्र की हत्या कर रही है सरकार : राहुल

नयी दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर किसानों और जवानों को नजरअंदाज करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि मोदी शासन में लोगों की बात नहीं सुनी जा रही है और जनता की आवाज दबाकर लोकतंत्र की हत्या की जा रही है।



श्री गांधी ने गुरुवार को कहा कि दिक्कत यह है कि जब लोग हक के लिए सड़क पर उतर कर आंदोलन करते हैं तो सरकार गोली चलाकर उनकी आवाज को दफन कर देती है। किसान अपने हक की बात कर रहे हैं तो उन्हें गोली मारी जा रही है। सोशल मीडिया पर लोगों की आवाज को दबाया जा रहा है।

सरकार पर लोकतंत्र की हत्या करने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा, ÷किसान एमएसपी मांगें तो उन्हें गोली मारो-ये है मदर ऑफ डेमोक्रेसी। जवान नियुक्ति मांगें तो उनकी बातें तक सुनने से इनकार कर दो -ये है मदर ऑफ डेमोक्रेसी। पूर्व गवर्नर सच बोलें तो उनके घर सीबीआई भेज दो - ये है मदर ऑफ डेमोक्रेसी। श्री गांधी ने कहा, सबसे प्रमुख विपक्षी दल का बैंक अकाउंट फ्रीज़ कर दो- ये है मदर ऑफ डेमोक्रेसी। धारा 144, इंटरनेट बैन, नुकीली तारें, आंसू गैस के गोले - ये है मदर ऑफ डेमोक्रेसी। मीडिया हो या सोशल मीडिया, सच की हर आवाज़ को दबा देना - ये है मदर ऑफ डेमोक्रेसी। मोदी जी, जनता जानती है कि आपने लोकतंत्र की हत्या की है और जनता जवाब देगी।

## जांजगीर में अमित शाह की विजय संकल्प रैली, बोले- भाजपा का वादा पत्थर की लकीर, मोदी की हर गारंटी होगी पूरी

जांजगीर-चांपा। भाजपा ने जो वादा किया है वह पत्थर की लकीर है। मोदी की हर गारंटी पूरी होगी और एक बार फिर नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने पर भारत विश्व गुरु बनेगा। देश की अर्थव्यवस्था विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगी। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने जांजगीर के हाईस्कूल मैदान में विजय संकल्प शंखनाद सभा को संबोधित करते हुए यह बातें कहीं।




उन्होंने कहा कि यह लोकसभा चुनाव देश का भविष्य तय करने वाला है। भारत को पूर्ण विकसित राष्ट्र बनाने वाला है। शाह ने कहा कि वर्ष 2014 में छत्तीसगढ़ के मतदाताओं ने राज्य की 11 में से 10 सीटें भाजपा को दी थीं। वर्ष 2019 में नौ सीटें दी और हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा को अब तक की सर्वाधिक सीटें देकर यहां की नकारा सरकार को हटाया। शाह ने आरोप लगाया कि यहां की पूर्ववर्ती सरकार ने न तो नक्सलवाद को रोका और न ही लोगों को न्याय दिया। लाखों- करोड़ों रुपये का भ्रष्टाचार हुआ। अब विष्णुदेव साय के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार राज्य के लोगों ने बनाई है। भाजपा की सरकार के गठन में यहां की माता- बहनों का प्रमुख योगदान है। केंद्र सरकार ने दस साल में देश के 60 करोड़ गरीबों के घर में नल से जल पहुंचाया। सिर्फ छत्तीसगढ़ में ही 38 लाख से ज्यादा घरों में पानी पहुंचा है। देश में 10 करोड़ शौचालय बने इसमें से 38 लाख शौचालय छग में बने हैं। देश के 130 करोड़ लोगों को कोरोना का टीका लगा और मोदी सरकार ने देश को कोरोना मुक्त किया। उन्होंने कहा कि 75 साल में किसी गरीब आदिवासी को पहली बार नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रपति बनाकर आदिवासियों का सम्मान बढ़ाया है। ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण दिया है। ओबीसी आयोग का गठन किया गया। अंतरिक्ष में चंद्रयान भेजकर भारत अंतरिक्ष के क्षेत्र में तीसरी बड़ी ताकत बना है। साढ़े पांच सौ साल बाद रामलला को मंदिर में स्थापित कर नरेन्द्र मोदी ने उनकी प्राण प्रतिष्ठा की है। उन्होंने कहा कि छग में विष्णुदेव की सरकार अभी-अभी बनी है और मोदी की अधिकांश गारंटियां पूरी हो गईं। उन्होंने कहा कि वह यहां से वादा लेकर जाएंगे कि प्रदेश की सभी 11 सीट इस बार भाजपा को देंगे।

### सीएम साय ने भी सभा को किया संबोधित

इसके पूर्व मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि जांजगीर लोकसभा क्षेत्र में हम एक भी विधानसभा सीट पर (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## छत्तीसगढ़ में जल्द होगी 33 हजार शिक्षकों की भर्ती: टीईटी परीक्षा आयोजित करने शिक्षा मंत्री बृजमोहन ने दिए निर्देश

रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ में शिक्षक बनने की राह देख रहे युवाओं के लिए खुशखबरी है। प्रदेश में जल्दी ही 33 हजार शिक्षकों की भर्ती होगी। इसके लिए तैयारियां जोरों पर है। इसके साथ ही टीईटी परीक्षा का आयोजन भी जल्द होगा। इसके लिए स्कूल शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने स्टेट काउंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग छत्तीसगढ़ के संचालक राजेंद्र कटारा को राज्य में जल्द शिक्षक पात्रता परीक्षा टेट आयोजित कराने के निर्देश दिए है।



शिक्षा मंत्री अग्रवाल के निर्देश के बाद एससीईआरटी ने व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापमं) को पत्र लिखकर राज्य में जल्द से जल्द टीईटी परीक्षा के आयोजन के लिए कहा है। उन्होंने विधानसभा में राज्य में 33 हजार शिक्षकों की भर्ती की घोषणा की थी। उसी क्रम में राज्य में टीईटी की परीक्षा के आयोजन की तैयारी की जा रही। हमारी सरकार में किसी भी युवा के साथ अन्याय नहीं होगा। ज्यादा से ज्यादा युवा भर्ती प्रक्रिया में शामिल हो सके इसके लिए टीईटी परीक्षा के आयोजन की तैयारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि परीक्षा को पूरी पारदर्शिता के साथ आयोजित किया जाएगा। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## छत्तीसगढ़ को मिली एक और राष्ट्रीय उपलब्धि, आउटस्टैंडिंग कम्यूनिटी बेस्ड ग्रीन एनर्जी प्रोजेक्ट में बना विजेता

रायपुर। छत्तीसगढ़ ने राष्ट्रीय स्तर पर फिर उपलब्धि हासिल की है। इंडियन फेडरेशन ऑफ ग्रीन एनर्जी, नई दिल्ली द्वारा छत्तीसगढ़ के ऊर्जा विभाग के अंतर्गत छत्तीसगढ़ बायोफ्यूल विकास प्राधिकरण (सीबीडीए) को 'इंडिया ग्रीन एनर्जी अवार्ड, 2024' से नवाजा गया है। छत्तीसगढ़ बायोफ्यूल विकास प्राधिकरण राष्ट्रीय स्तर पर 'आउटस्टैण्डिंग कम्यूनिटी बेस्ड ग्रीन एनर्जी प्रोजेक्ट' श्रेणी में विजेता बना है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस उपलब्धि के लिए छत्तीसगढ़ बायोफ्यूल विकास प्राधिकरण को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितीन गड़करी ने 21 फरवरी को नई दिल्ली में यह पुरस्कार सीबीडीए के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सुमित सरकार को प्रदान किया। कार्यक्रम में केन्द्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री श्री रामेश्वर तेली भी उपस्थित थे।



गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ बायोफ्यूल विकास प्राधिकरण द्वारा विगत् एक दशक से भी अधिक समय से जैव ईंधन तथा जैव ऊर्जा के क्षेत्र में ग्रामीण किसानों और हितग्राहियों को जोड़कर उल्लेखनीय काम किया है। छत्तीसगढ़ बायोफ्यूल विकास प्राधिकरण द्वारा बायोडीजल, बायो-एथेनॉल, बायोजेट एवीयेशन फ्यूल, जैव-सीएनजी, (शेष पृष्ठ 6 पर...)




## दिल्ली में पुलिस ने पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह, डॉ. उदित राज को किया गिरफ्तार, ईवीएम के विरोध में निकाल रहे थे रैली



नई दिल्ली। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के खिलाफ मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह व पूर्व सांसद और ईवीएम हटाओ मोर्चा के संयोजक डॉ. उदितराज ने एक मार्च निकाला। दिग्विजय सिंह व डॉ उदिराज को रायसीना रोड से पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

मुझे दो हफ़्ते पहले ईव्हीएम हटाओ मोर्चा द्वारा 22 फरवरी 2024 को ईव्हीएम से देश में 2024 लोकसभा चुनाव ना कराने के मुद्दे को लेकर जंतर मंतर दिल्ली में शांति पूर्ण धरना देने का निमंत्रण प्राप्त हुआ था। जो मैंने स्वीकार किया।

## हार का बदला लेने के लिए भाजपा की ईडी ने केजरीवाल को भेजा सातवां समन- 'आप'

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) ने गुरवार को कहा कि चंडीगढ़ मेयर चुनाव में हार का बदला लेने के लिए 'भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रवर्तन निदेशालय' (ईडी) ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सातवां ग़ैरक़ानूनी समन भेजा है।



'आप' की वरिष्ठ नेता एवं दिल्ली कैबिनेट मंत्री आतिशी ने आज संवाददाताओं से कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने चंडीगढ़ में लोकतंत्र को बचाया, उसका बदला लेने के लिए भाजपा ने श्री केजरीवाल को एक बार फिर ग़ैर-क़ानूनी समन भेजा है। उन्होंने कहा कि, जब कोर्ट नॉन-अपीरिएंस के मामले की सुनवाई कर रहा है तो ईडी कोर्ट के फ़ैसले का इंतज़ार क्यों नहीं कर सकती है। अदालत के फ़ैसले का इंतज़ार किए बिना सातवां समन इस बात का प्रमाण है कि ईडी को किसी क़ानूनी प्रक्रिया या जांच से मतलब नहीं, ये सब सिर्फ़ 'आप' और श्री केजरीवाल को डराने-धमकाने का प्रयास है।

'आप' नेता ने कहा, भाजपा को यह जान लेना चाहिए कि श्री केजरीवाल इनके ग़ैर-क़ानूनी समन से डरने वाले नहीं है, हम डटकर लड़ेंगे। चाहे चंडीगढ़ मेयर चुनाव हो या संसद के चुनाव जहां जहां भाजपा देश के लोकतंत्र को संविधान को कमजोर करने की कोशिश करेगी हम डटकर मुक़ाबला करेंगे (शेष पृष्ठ 6 पर...)




## यूएन सुधार पर जयशंकर ने की सीधी बात, चीन-पश्चिमी देशों को आड़े हाथों लिया

नई दिल्ली। भारत एक बार फिर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में सुधार के एजेंडे को आगे बढ़ाया है। इस बार नई दिल्ली में आयोजित रायसीना डायलॉग के मंच पर इस एजेंडे को विदेश मंत्री एस जयशंकर ने ना सिर्फ जोरदार तरीके से पेश किया बल्कि इसका विरोध करने वाले सभी देशों को आड़े हाथों भी लिया।



यूएनएससी में सुधार के भारत की कोशिशों में सबसे बड़ी अड़चन चीन पर निशाना साधते हुए विदेश मंत्री कहा कि, सुधार की कोशिशों में सबसे बड़ी अड़चन पश्चिमी देश नहीं है। इसके लिए भारत को थोड़ा-थोड़ा करके लंबे समय तक कोशिश करनी पड़ सकती है। भारत लंबे समय से यूएनएससी में स्थाई सदस्यों की संख्या को बढ़ाने और खुद को इसका सदस्य बनाने की मांग कर रहा है। यूएनएससी के पांच स्थाई सदस्यों भारत का किया समर्थन अभी यूएनएससी के पांच स्थाई सदस्यों में से चार (अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस और रूस) भारत की मांग का समर्थन करने की बात कई बार कह चुके हैं। जयशंकर ने कहा कि, ÷जब संयुक्त राष्ट्र की स्थापना हुई तो इसमें तकरीबन 50 सदस्य थे और आज इनकी संख्या चार गुणा बढ़ चुकी है। यह सामान्य ज्ञान की बात है कि हम यह स्वीकार करें इसे इसी स्थिति में नहीं चलाया जा सकता।

### पश्चिमी देशों को भी आड़े हाथों लिया

चीन पर निशाना साधने के साथ ही भारतीय विदेश मंत्री ने पश्चिमी देशों को भी आड़े हाथों लिया जिन्होंने समय पर यूएन में सुधार के लिए कदम नहीं उठाये। आज दुनिया में कर्ज, कनेक्टिविटी जैसी जो समस्याएं हैं वह पश्चिमी देशों ने पैदा नहीं की हैं लेकिन पश्चिमी देश जब बड़ी शक्ति थे तब इस पर ध्यान नहीं दिया। इस समस्या को सुलझाने में नई वैश्विक शक्तियों ने भी ध्यान नहीं दिया।

### हमें अलग-अलग देशों से बात करनी होगी

विदेश मंत्री ने आगे कहा कि, अगर यूएनएससी सुधार की बात करे तो इसके सबसे बड़े विरोधी पश्चिमी देश नहीं है। हमें समस्या को सही तरीके से समझना होगा। इस मुद्दे पर धीरे-धीरे हमें आगे बढ़ना होगा और अलग-अलग देशों से बात करनी होगी। इसमें लंबा समय लगेगा तभी किसी मुद्दे पर पहुंचा जा सकेगा। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## 22 मार्च से होगा आईपीएल मुकाबलों का आगाज

नयी दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 की शुरुआत 22 मार्च को गत चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच मुकाबले से होगी। यह मुकाबला चेन्नई के एम चिदंबरम स्टेडियम में खेला जायेगा। टूर्नामेंट में चार प्लेऑफ मुकाबलों के साथ कुल 74 मैच खेले जाएंगे।



22 मार्च से 7 अप्रैल के बीच दिल्ली कैपिटल्स दिल्ली के फिरोज शाह कोटला में नहीं खेल पाएगी। इस दौरान उनके दोनों मैच विशाखापटनम के एसीए-वीडीसीए स्टेडियम में खेले जाएंगे। महिला प्रीमियर लीग के आखिरी दौर के मैच सहित फाइनल 17 मार्च को खेला जाएगा। इस वजह से यहां आईपीएल का कोई मैच नहीं रखा गया है।

दिल्ली, गुजरात टाइटंस और आरसीबी इन 17 दिन के शुरुआती कार्यक्रम में अपने 14 में पांच मैच खेलेंगे। कोलकाता नाइटराइडर्स केवल तीन मैच तथा शेष सभी टीम चार मैच खेलेंगी। पंजाब किंग्स अपने घरेलू मैच मोहाली में खेलेगी या फिर पंजाब क्रिकेट संघ के मुल्लानपुर में बने नए स्टेडियम में खेल सकती है। आईपीएल गवर्निंग काउंसिल पूरा शेड्यूल जारी करने से पहले देश में होने वाले आम चुनाव के मतदान की तिथि जारी होने का इंतजार है। वर्ष 2009 में पूरा टूर्नामेंट और 2014 में पहले 20 मैच आम चुनाव की वजह से बाहर हुए थे लेकिन इस बार भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) पूरा टूर्नामेंट भारत में ही कराना चाहती है इसी कारण से सुरक्षा और अन्य चीजो को देखते हुए चुनाव की तिथि का इंतजार कर रही है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## शरदचंद्र पवार को मिला नया चुनाव चिह्न 'तुतारी', निर्वाचन आयोग ने किया आवंटित




नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव से पहले शरद पवार गुट को चुनाव आयोग से नई पहचान मिल गई है। भारत निर्वाचन आयोग ने गुरुवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार को नया चुनाव चिह्न आवंटित कर दिया। चुनाव आयोग ने पार्टी को तुतारी (तुरहा बजाते हुए एक व्यक्ति) आवंटित किया है। मालूम हो कि तुतारी एक तरह का पारंपरिक वाद्य यंत्र है। मालूम हो कि शरद पवार द्वारा स्थापित राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) पिछले साल दो खेमों में बंट गई थी। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

पी-4 सद्भावना क्रिकेट लीग प्रतियोगिता

# न्यायालय की धमाकेदार तो प्रशासन व पुलिस की आसान जीत, प्रेस क्लब, डॉक्टर व नगर निगम स्पर्धा से बाहर

राजनांदगांव (दावा)। प्रशासन, पुलिस, प्रेस, पब्लिक सोसायटी द्वारा आयोजित की जाने वाली पी-4 सद्भावना क्रिकेट लीग प्रतियोगिता 2024 में कल रात्रि खेले गये मैच में न्यायालय इलेवन ने एक बड़ा उलटफेर करते हुए गत वर्ष की उपविजेता नागरिक इलेवन सी को, वहीं प्रशासन इलेवन ने गत वर्ष की विजेता नगर निगम को हराकर इस वर्ष अपने पूल में आगे बनी हुई है। वहीं पुलिस इलेवन ने प्रेस क्लब को आसानी से हराकर स्पर्धा से बाहर कर दिया। दिग्विजय स्टेडियम में खेले जा रहे प्रतियोगिता में सांसद संतोष पाण्डेय, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू, कलेक्टर व आयोजन समिति के अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने खिलाडियों से परिचय प्राप्त किया। सांसद संतोष पाण्डेय ने कहा कि संस्कारधानी राजनांदगांव अपने संस्कारों और विशेषताओं के लिए पहचानी जाती है। पी-4 सद्भावना क्रिकेट लीग प्रतियोगिता इसी की एक मिसाल है। उन्होंने प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए आयोजन समिति एवं खिलाडियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।


सांसद संतोष पाण्डेय हुए शामिल

दिग्विजय स्टेडियम के प्राकृतिक घास के पिच पर दूधिया रौशनी में खेली जा रही प्रशासन, पुलिस, प्रेस, पब्लिक सोसायटी द्वारा आयोजित की जाने वाली पी-4 सद्भावना क्रिकेट लीग प्रतियोगिता 2024 में कल रात्रि खेले गये पहले मैच में न्यायालय इलेवन ने एक बड़ा उलटफेर करते हुए गतवर्ष की उपविजेता न्यायालय इलेवन सी को 9 रनों से रोमांचक मुकाबले में हरा दिया। न्यायालय इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए योगेश सिन्हा 17 रन, मुकेश 14 रन और जितेन्द्र वैष्णव के 12 रन के सहारे 8 ओवर मे 6 विकेट खोकर 63 रन बनाये। जिसके जवाब में नागरिक इलेवन सी की टीम 7 विकेट पर 54 रन ही बना सकी। दूसरे खेले गये आसान मैच में गतवर्ष की विजेता नगर निगम को प्रशासन इलेवन के हाथों 10 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। नगर निगम ने 8 ओवर में 5 विकेट खोकर 55 रन बनाये थे, जिसमें आयुक्त अभिषेक गुप्ता की शानदार 17 रन की पारी थी। प्रशासन इलेवन ने जीत के लिये आवश्यक 56 रन 4.3 ओवर में बिना कोई विकेट खोये बनाकर 10 विकेट से मैच जीत लिया। प्रशासन इलेवन की ओर से परमानंद साहू ने 25 रन और नितिन गौर ने 18 रन बनाये।

तीसरे खेले गये एकतरफा मैच में पुलिस इलेवन ने प्रेस क्लब को 8 विकेट से पराजित कर प्रतियोगिता में दूसरी जीत दर्ज की। इस मैच में प्रेस क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए संदीप साहू के 9 रन व सुनील हूकरे के 8 रन की बदौलत महज 39 रन बनाये, जिसके जवाब में पुलिस इलेवन ने कप्तान राहुल देव शर्मा के 12 रन की बदौलत 2 विकेट पर 40 रन बनाकर मैच 8 विकेट से अपने पक्ष में कर लिया। आज खेले पहले मैच में भावेश बैद द्वारा प्रदत्त मैन-ऑफ-द-मैच का पुरस्कार न्यायालय इलेवन के योगेश सिन्हा को दूसरे मैच में प्रशासन इलेवन के नितिन गौर को व तीसरे मैच में पुलिस इलेवन के कप्तान व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा को दिया गया।

**आज के मैच-** पहला मैच संध्या 5 बजे से नगर निगम विरूद्ध टैक्स बार एसोसिएशन, दूसरा मैच संध्या 6.15 बजे से पुलिस इलेवन विरूद्ध नागरिक इलेवन ए, तीसरा मैच रात्रि 7.30 बजे से प्रशासन इलेवन विरूद्ध नागरिक इलेवन सी एवं चौथा मैच रात्रि 8.45 बजे से प्रेस क्लब विरूद्ध डॉक्टर इलेवन के मध्य खेला जाएगा।

# कुदरत का करिश्मा: महिला ने एक के बाद एक तीन बच्चों को दिया जन्म, खुशी से झूम उठा परिवार

राजनांदगांव (दावा)। जिले में एक महिला ने नार्मल डिलवरी के जरिये तीन स्वस्थ बच्चों को जन्म दिया है। तीनों नवजात बालक हैं। जिला चिकित्सालय की महिला चिकित्सक ने लेबर रूम में कार्यरत स्टॉफ नर्सों के साथ सफल प्रसव कराया। एक साथ तीन बच्चों की किलकारी सुनकर मां और परिजनों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। वहीं स्वास्थ्यकर्मी भी स्वस्थ बच्चों की सफल डिलीवरी से बेहद गदगद हैं। तीनों नवजात स्वस्थ हैं।

जानकारी के मुताबिक डोंगरगांव विकासखंड के अंतर्गत बडग़ांव की रहने वाली 24 वर्षीय द्रौपती साहू ने 20 फरवरी की सुबह स्थानीय 100 बिस्तर मातृ-शिशु शासकीय चिकित्सालय में तीन बच्चों को जन्म दिया। मेडिकल भाषा में तीनों बच्चों को ट्रिपलेट कहते हैं। बताया जा रहा है कि तीनों बच्चों का वजन क्रमशः 2 किलो 100 ग्राम, 3 किलो व एक किलो 400 ग्राम है।


जिला अस्पताल की डॉ. देशमुख और स्टाफ नर्सों ने कराया सफल प्रसव

### मां और तीनों बच्चे स्वस्थ

जिला अस्पताल में दाखिल होने के बाद चिकित्सकों को पता चला कि महिला के पेट में एक से अधिक बच्चे हैं, इसलिए सावधानीपूर्वक डिलवरी कराने के लिए स्त्री रोग चिकित्सक बुद्धेश्वरी देशमुख और स्टॉफ नर्स सविता जामुलकर, सुनीता साहू, प्रणिका साहू ने उत्कृष्ट सेवा प्रदान करते हुए नार्मल डिलवरी कराया। तीनों बच्चों का जन्म 20 फरवरी की सुबह 7 बजे के दौरान कुछ मिनटों के अंतराल में हुआ।

बच्चों के जन्म के पश्चात मां ने सभी का स्तनपान भी कराया। बच्चों को अस्पताल के नवजात शिशु कक्ष में निगरानी में रखा गया है। नार्मल डिलवरी होने से परिजन भी खुश हैं। वहीं स्वास्थ्य कर्मियों की सूझबूझ की भी प्रशंसा हो रही है। उम्मीद की जा रही है कि अगले एक-दो दिन में प्रसूति महिला की अस्पताल से छुट्टी कर दी जाएगी।

## पहला कॉलम...

### हरिश भानुशाली ने अपना सोलवां रक्तदान किया



राजनांदगांव (दावा)। जीवनदान सेवा संस्था के प्रदेश महासचिव हरिश भानुशाली ने अपना सोलवां रक्तदान करने के पश्चात हरीश भानुशाली ने अपनी देहदान का मेडिकल कॉलेज में फॉर्म भरा जिससे मेडिकल कॉलेज में पढ़ने वाले छात्र एवं छात्राओं इंसान के शरीर की संरचनाओं एवं उसकी बीमारियों और उसके इलाज के बारे में सही-सही अध्ययन कर सकें और यदि मेरी मृत्यु के पश्चात तुरंत मेरे शरीर के किसी अंग को किसी दिव्यांग को आवश्यकता हो तो उसे मेरा अंग प्रत्यारोपण कर सकते हैं, जिससे उसे दिव्यांग की जिंदगी सुगमता पूर्वक चल सके।

### नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा राकेश चन्द्राकर 26 को आएंगे


दुर्ग संभागीय कार्यसमिति बैठक में होंगे शामिल

राजनांदगांव (दावा)। आगामी 26 फरवरी को दुर्ग संभागीय भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा की कार्य समिति बैठक आयोजित है। जिसमें नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा एवं नगर पंचायत अध्यक्ष तुमगांव महासमुंद राकेश चन्द्राकर मुख्य अतिथि होंगे। जिला भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष पवन निर्मलकर ने बताया कि संभागीय कार्य समिति की बैठक जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित किया गया है। जिसकी तैयारी जिला अध्यक्ष शिव वर्मा के मार्गदर्शन में मोर्चा के पदाधिकारी व सदस्यगण जुटे हुए है। बैठक में 7 जिलों के पदाधिकारी शामिल होंगे। जिसकी भव्य तैयारी की जा रही है।

### संत रविदास जयंती कल, निकलेगी शोभायात्रा

राजनांदगांव (दावा)। संत शिरोमणी रविदास की जयंती 24 फरवरी को धूमधाम के साथ मनाई जाएगी। इसके लिए छ.ग. सर्व रविवादा समाज रायपुर द्वारा राजनांदगांव के बजरंगपुर वार्ड नं. 2 के संत शिरोमणी मंगल भवन में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया है। समाज के अध्यक्ष योगराज जगने ने बताया कि जयंती अवसर पर शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। डीजे रथ में सजावट के साथ संत कवि रैदास जी का भव्य तैल चित्र लोगों का आकर्षण का केन्द्र रहेगा। शोभायात्रा 24 फरवरी शनिवार को 11 बजे समाज के महिलाओं द्वारा सिर पर कलश धारण किए हुए निकलेगी। जिसका बाजे-गाजे के साथ संत रामदास नगर मोतीपुर से रामनगर, शंकरपुर, के रास्ते नगर निगम महावीर चौक हुए जय स्तंभ चौक, गुरूद्वारा चौक जगहों का नगर भ्रमण करेगी तत्पश्चात दिग्विजय स्टेडियम रोड से आबेडकर चौक होते हुए बजरंगपुर वार्ड में पहुंच कर बालक छात्रावास समीप स्थित संत रविदास मंगल भव में समाप्त होगी। अध्यक्ष द्वारा संत रविदास जी की भव्य शोभायात्रा में समाज के अधिकाधिक लोगों को शामिल होने व कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने की अपील की है।

### संतराम साहू का निधन



राजनांदगांव (दावा)। ग्राम करमरी निवासी संतराम साहू 82 वर्ष का निधन 22 फरवरी को रात्रि 9:00 बजे हो गया है जिनका अंतिम संस्कार 23 फरवरी को प्रातः 11:00 बजे गृह ग्राम करमरी में किया जाएगा। संत राम साहू अपने पीछे दो पुत्री और दो पुत्र उत्तम साहू और दीनदयाल साहू भाजपा नेता के पिता थे।

SILVER SCREEN Multiplex
23rd Feb to 29th Feb 2024

Crakk Jeetaga Toh Jiyegaa - 12:00, 03:00, 03:15, 06:00, 09:00 and 09:15 pm
Article 370 - 12:30, 03:30, 06:30 and 09:30 pm
Teri Baaton Main Aisa Uljha Jiya - 12:15 and 06:15 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G.) 8085600200

# विकसित भारत विकसित छत्तीसगढ़ कार्यक्रम 24 फरवरी को



- प्रधानमंत्री विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से करेंगे बात
- जिले के सभी विधानसभा में होगा कार्यक्रम का आयोजन, कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ ने कार्यक्रम की आवश्यक व्यवस्था के लिया जायजा

राजनांदगांव (दावा)। विकसित भारत विकसित छत्तीसगढ़ का कार्यक्रम 24 फरवरी को प्रस्तावित है। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से बात करेंगे। यह कार्यक्रम पीएम संवाद के रूप में आयोजित होगा। इसके अलावा डोंगरगांव के अर्जुनी ब्लॉक में एसईसीआई के सौर ऊर्जा संयंत्र का भी लोकार्पण प्रधानमंत्री के हाथों किया जाएगा। इसे विधानसभा क्षेत्रवार संचालित किया जा रहा है।

राजनांदगांव जिले में यह कार्यक्रम राजनांदगांव ब्लॉक के पारीखुर्द, डोंगरगांव ब्लॉक के अर्जुनी, डोंगरगढ़ ब्लॉक के कलकसा और छुरिया ब्लॉक के गेंदाटोला में प्रस्तावित है। इन कार्यक्रम की व्यवस्था और इसे सफल बनाने के लिए जिला प्रशासन की पूरी टीम लगी हुई है। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने अर्जुनी गांव का भ्रमण भी किया और कार्यक्रम को सफल बनाने तथा व्यवस्था के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में कार्यक्रम की योजना बनाने के लिए पूरे जिले का दौरा कर रही हैं। पूर्व में भी जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह इस संबंध में समस्त जिला अधिकारियों की बैठक भी ले चुकी हैं, जिसमें हर विभाग को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा जनपद सीईओ और विकासखंड स्तर के अधिकारी भी तैयारियों में जुट गए हैं।

# गायत्री स्कूल के बच्चों द्वारा स्वदेशी मेला में कराते तथा योगा का अद्भुत प्रदर्शन

राजनांदगांव (दावा)। स्टेट स्कूल मैदान में चल रहे स्वदेशी मेला में 21 फरवरी बुधवार को गायत्री विद्यापीठ के योगा तथा कराते के खिलाड़ियों द्वारा हैरत अंगेज प्रदर्शन कर मेले में उपस्थित अतिथियों व दर्शकगणों का मन मोह लिया। यह गायत्री स्कूल का चौथा कार्यक्रम था जो हर दिन शाम 7.30 बजे के बाद इसी मेले में हो रहा था।



कल के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संतोष पाण्डेय (सांसद), मधुसूदन यादव (पूर्व सांसद) तथा रमेश पटेल (जिलाध्यक्ष भाजपा) मुख्य रूप से उपस्थित थे, जिन्होंने इस कार्यक्रम के लिए गायत्री विद्यापीठ के खिलाड़ियों की विशेष रूप से सराहना कर उन्हें आशीर्वचन दिया तथा सभी को इस खेल के प्रति जुड़ने के लिए आग्रह किया।

इस विशेष कार्यक्रम को देखने के लिए गायत्री स्कूल की प्राचार्य श्रीमती वत्सला अय्यर तथा पिंकी खण्डेलवाल विशेष रूप से अपनी उपस्थिति दी। इस कार्यक्रम के प्रभारी शिक्षक जयप्रकाश साहू (कराते प्रशिक्षक) तथा श्रीमती भारती साहू (योगा प्रशिक्षक) थे जिन्होंने बच्चों को कड़ी प्रशिक्षण देकर इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी विशेष भूमिका निभाई। स्वदेशी मेले के सांस्कृतिक प्रभारी प्रशांत कुशवाहा जो कि हमारी शाला के संगीत प्रशिक्षक भी है, उन्होंने इस कार्यक्रम को मंच प्रदान किया। दिनांक 18 से 22 फरवरी तक इस मेले के आयोजन में गायत्री विद्यापीठ एकमात्र स्कूल है जो अपने प्रदर्शन से इस विशेष मेले में अपनी छाप छोड़ी है।

# आयुक्त एवं निगम के अधिकारी सफाई तथा निर्माण कार्य का जायजा लेने आज सुबह पहुंचे इंदिरा नगर चौखड़िया पारा क्षेत्र में

राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता तथा निगम के अधिकारी प्रतिदिन प्रातः शहर में सफाई व्यवस्था एवं निर्माण कार्य का जायजा लेने वार्डो में पैदल भ्रमण कर रहे है। आज प्रातः इंदिरा नगर और चौखडिया पारा क्षेत्र में सफाई एंव निर्माण का जायजा लेकर गीला व सुखा कचरा अलग करने के पश्चात ही टेंचिग ग्राउण्ड भेजने तथा निर्माण कार्य समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश आयुक्त ने अधिकारियों को दिये।


मलमा सड़क में रखने तथा ठेला खोमचा वालों द्वारा कचरा फैलाने पर लगाये जुर्माना

आयुक्त श्री गुप्ता इंदिरा नगर एसएलआरएम सेंटर का निरीक्षण कर कचरा पृथककरण की जानकारी लेकर प्रतिदिन गीला सुखा कचरा पृथककर गीला कचरा से खाद बनाने में तेजी लाने के निर्देश दिये। उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारी दीपक अग्रवाल को कम्पोस्ट मशीन जल्द चालू कराने कहा, ताकि कचरा विनष्टिकरण आसानी से हो सके। उन्होंने सुलभ शौचालय निरीक्षण के दौरान शौचालय के मरम्मत कार्य जल्द पूर्ण करने प्र. कार्यपालन अभियंता कामना सिंह यादव को निर्देशित किये। साथ ही शौचालय में अव्यवस्था पर संचालक को नोटिस जारी करने स्वास्थ्य अधिकारी को कहा। इसके अलावा रोड व गलियों तथा नालियों की सफाई कर कचरा उठाने के निर्देश वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक राजेश मिश्रा को निर्देशित किये। उन्होंने कहा कि मलमा सडक पर रखने वालों व ठेला खोमचे वालों के द्वारा कचरा फैलाने पर जुर्माना लगावे। निर्देशानुसार सफाई की टीम निरीक्षण कर समझाईस देकर संबंधित पर जुर्माना लगाने की कार्यवाही कर रहे है।

आयुक्त श्री गुप्ता निर्माण कार्य निरीक्षण के दौरान गौरव पथ में पानी टंकी के पास निर्माणाधीन उद्यान का निरीक्षण कर पानी तराई करने, कार्य में तेजी लाने के निर्देश देते हुये कहा कि उद्यान निर्माण उपरांत इसका रख रखाव पर भी ध्यान देना है, ताकि क्षेत्रवासी इसका लाभ उठा सके। चौखड़िया पारा में साहू समाज के सामुदायिक भवन निर्माण कार्य में गति लाकर समाज वालों की भावनाओं के अनुरूप समय सीमा मे भवन निर्माण पूर्ण कराने कहा। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सभी निर्माण कार्य की सतत मानिटरिंग कर जल्द पूर्ण करावे। निरीक्षण में प्र.सहायक अभियंता दिलीप मरकाम व सुश्री पिंकी खाती, उपअभियंता अनिमेष चंद्राकर व तिलकराज ध्रुव, स्वच्छता निरीक्षक दीपक श्रीवास्तव, जिला समन्वयक एसबीएम कीर्तन साहू, सहायक उद्यान प्रभारी दिलीप गिरी उपस्थित थे।

# संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन के प्रशिक्षणार्थियों ने की अपोलो कॉलेज में सद्भावना कार्यक्रम में



राजनांदगांव (दावा)। अपोलो कॉलेज दुर्ग में दो दिवसीय अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन, ठाकुरटोला के प्रशिक्षणार्थियों के द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन कर 100 मीटर दौड़ में प्रीति द्वितीय स्थान व कबड्डी ग्रुप द्वितीय स्थान, दुल्हन बनो प्रतियोगिता में विकास और मिनाक्षी प्रथम स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया।

# जल जीवन मिशन के कार्य को अधूरा एवं प्रारंभ नहीं करने पर ठेकेदार का अनुबंध निरस्त

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देश पर जल जीवन मिशन के अंतर्गत कार्य अधूरा एवं प्रारंभ नहीं करने वाले ठेकेदारों के अनुबंध निरस्तीकरण की कार्रवाई लगातार की जा रही है।

जिसके अंतर्गत डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम खुर्सीपार के ठेकेदार मेसर्स मनीष कंस्ट्रक्शन एण्ड सप्लायर को सूचना देकर संबंधित अनुबंध को निरस्त कर दिया गया है।

कार्यपालन अभियंता समीर शर्मा ने बताया कि ठेकेदार द्वारा निविदा में प्रस्तुत अमानत राशि को राजसात करने की कार्रवाई की जा रही है। जल जीवन मिशन के कार्यों को गंभीरता एवं गुणवत्ता पर ध्यान नहीं देने वाले ठेकेदार पर कार्रवाई की जा रही है। पूर्व में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड द्वारा दो ठेकेदारों का अनुबंध निरीस्त किया गया है। कार्यों में अधूरा छोडने या कार्य प्रारंभ नहीं करने वाले ठेकेदारों को चिन्हांकित कर कार्रवाई की जाती है। जिससे जमीनी स्तर पर जल जीवन मिशन के कार्य को सुचारू रूप से चलाया जा सके तथा ग्रामीणों को योजना का लाभ मिल सकें।

### गाताटोला और पेंडरवानी सिंचाई जलाशय को मछली पालन के लिए पट्टे पर देने 7 मार्च तक आवेदन आमंत्रित

राजनांदगांव (दावा)। जनपद पंचायत डोंगरगांव के अंतर्गत गाताटोला और पेंडरवानी सिंचाई जलाशय को मछली पालन के लिए 10 वर्षीय पट्टा प्रदान करने 7 मार्च तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। जो समिति या समूह लीज में प्राप्त करना चाहते हैं वे जनपद पंचायत कार्यालय डोंगरगांव से नियम व शर्तों की जानकारी ले सकते हैं। अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्र पर विचान नहीं किया जायेगा।

**शुभांक**

अनुमानित
बी. के
1-3-7
112-4 460-0
राजधानी
2-6-0
126-9 155-1

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरुपयोग न करें। दुरुपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

## कार्यालय ग्राम पंचायत अर्जुनी
### जनपद पंचायत डोंगरगांव जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

क्रमांक/.... बा.नी./ग्रा.पंचा.अर्जुनी 2024 — अर्जुनी दिनांक 19/ 02 /2024

**-: बाजार नीलाम की सूचना :-**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छ.ग. पंचायत अधिनियम 1993 की धारा 80 के तहत ग्राम पंचायत अर्जुनी के नियंत्रणाधीन, साप्ताहिक बाजार, सब्जी काटा एवं पशु पंजीयन का नीलाम वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिये व हटरी बाजार का नीलामी 01 अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 तक के लिये दिनांक **25/02/2024** दिन रविवार को सुबह 11 बजे ग्राम पंचायत भवन अर्जुनी में नीलाम रखा गया है। इच्छुक बोलीदार निर्धारित तिथी एवं समय में उपस्थित होकर बोली में भाग ले सकते हैं।

**नीलाम की अवधि 01 अप्रैल से 31 मार्च 2025 तक**

| क्रं. | बाजार नीलाम | अमानत राशि | सरकारी बोली | विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | साप्ताहिक बाजार | 10000/- | 599150/- | प्रत्येक रविवार |
| 2 | सब्जी कांटा | 10000/- | 746900/- | प्रतिदिन |
| 3 | हठरी बाजार | 5000/- | 202000/- | प्रतिदिन |
| 4 | पशु पंजीयन शुल्क | 700/- | 1650/- | |

**बाजार नीलाम की आवश्यक शर्ते निम्नानुसार होगी:-**

1. किसी भी बकायादार को बोली लगाने की पात्रता नहीं होगी। 2. बोली लगाने के पूर्व अमानत राशि उपरोक्तानुसार जमा करनी होगी, यह अमानत राशि असफल बोलीदारों को बोली समाप्त होने के बाद वापस कर दी जावेगी। 3. अधिकतम बोली को प्राथमिकता दी जावेगी बोली समाप्ति/अंतिम करने के पूर्व पंचायत की राय व निर्णय अंतिम होगा। 4. सफल बोलीदार को ठेके की कुल राशि का 25 प्रतिशत राशि बोली पश्चात तत्काल जमा करना अनिवार्य होगा। शेष बचत राशि अप्रैल 2024 से दिसंबर 2024 तक प्रतिमाह चेक/नगद भुगतान करना होगा यदि निर्धारित समयावधि में राशि जमा नहीं होने पर बाजार पुनः नीलाम किया जावेगा। जिसके लिए ठेकेदार स्वतः जिम्मेदार रहेंगे। 5. वसूली प्रारम्भ करने के पूर्व पंजीयन करवाना अनिवार्य होगा। उसमें जो भी व्यय आएगा उसका भुगतान ठेकेदार को करना अनिवार्य होगा। 6. वसूली दर निर्धारित वसूली दर ग्राम हस्ताक्षरित होगा जिसका पालन करना अनिवार्य होगा। 7 मंडई उत्सव आयोजन हेतु साप्ताहिक बाजार 25000 रू. सब्जी कांटा ठेकेदार को 2000 रू. एवं हटरी बाजार ठेकेदार को 1000 रू. आवश्यक सहयोग राशि देना अनिवार्य होगा। 8. बाजार अंदर काटा एवं लेन-देन होगा सड़क किनारे लेन-देन किये जाने पर 500 रू. तक जुर्माना किया जा सकता है। 9. नीलाम की सूचना ग्राम कोटवार से मुनादी पश्चात पंचायत के सूचना फलक में चस्पा किया गया। 10. सब्जी काटा वसूली दर प्रतिकाटा 5 रू.। 11. हटरी वसूली दर प्रति पसरा 10 रू.।

सरपंच- ग्राम पंचायत अर्जुनी — सचिव - ग्राम पंचायत अर्जुनी

# कलेक्टर का राशन कार्ड नवीनीकरण पर जोर, सर्वर दिक्कत के कारण लटके हजारों राशन कार्ड

### नवीनीकरण के लिए हितग्राही काट रहे चक्कर.... कल नवीनीकरण अंतिम तारीख

राजनांदगांव (दावा)। अविभाजित जिले में कलेक्टर द्वारा राशन कार्ड नवीनीकरण पर जोर दिया जा रहा है। लेकिन सर्वर डाउन की समस्या के चलते हजारों राशन कार्ड का नवीनीकरण नहीं हो पाया है। राजनांदगांव जिले में ही 38 हजार राशन कार्ड का नवीनीकरण नहीं हो पाया है। सर्वरडाउन की समस्या के चलते हितग्राहियों को राशन कार्ड नवीनीकरण के लिए चक्कर काटने पड़ रहे है।



बता दे कि 24 फरवरी तक राशन कार्ड नवीनीकरण का लक्ष्य रखा गया है लेकिन लगातार सर्वर में आ रही दिक्कतों के चलते हितग्राहियों को परेशानी उठानी पड़ रही है। प्रदेश सरकार के निर्देश के बाद जिले में चलाएं जा रहे राशन कार्ड नवीनीकरण के चलते राशन दुकानों में हितग्राहियों की अच्छी खासी भीड़ उमड़ रही है। एक राशन दुकानदार ने बताया कि उनके यहां लगभग सौ-डेढ़ सौ राशन कार्डधारी नवीनीकरण कराने से बचे हुए है। उन्होंने बताया कि पूर्व में भी केवाइसी के समय सर्वर डाउन की समस्या बनी रही। कई लोग आन लाईन नवीनीकरण करवा ले रहे है। इससे थोड़ी सहुलियत बनी हुई है नहीं तो सर्वर की समस्या के चलते और भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता था। बता दे कि वर्तमान में भाजपा की सरकार आने के बाद पूराने राशन कार्ड को बदलने हेतु नवीनीकरण की प्रक्रिया जारी है इसके लिए राशन कार्ड में दर्ज हितग्राहियों का ई-केवाईसी के साथ-साथ नवीनीकरण की प्रक्रिया भी सुनिश्चित की जा रही है। बताते चले कि गत एक माह से जारी राशन कार्ड नवीनीकरण की प्रक्रिया के चलते शहर के सभी 51 वार्डों में संचालित होने वाले राशन दुकानों में हितग्राही पहुंच कर अपने राशन कार्ड का नवीनीकरण करा रहे खाद्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार नांदगांव जिले में 2 लाख 38 हजार राशन कार्डधारी है जिनके राशन कार्ड का नवीनीकरण राशन दुकानों के माध्यम से कराया जा रहा है। पहले राशन कार्ड के नवीनीकरण सुनिश्चित कराने का लक्ष्य 15 फरवरी रखा गया था लेकिन सर्वर में आ रही दिक्कतों के चलते अभी भी 38 हजार हितग्राही राशन कार्ड नवीनीकरण से बचे हुए है।

यानि कि अभी तक राजनांदगांव जिले के 2 लाख हितग्राहियों के राशन कार्ड का नवीनीकरण हो पाया है। शेष हितग्राही कल 24 फरवरी तक का समय निर्धारित किए जाने के कारण अपने राशन कार्ड का नवीनीकरण कराने के लिए पहुंच रहे है। इसमें राशन दुकानों में भीड़ देखी जा रही है।

# सबके प्रयास से प्रगतिशील है ब्राह्मण समाज-संतोष पांडे



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ी सरयूपारीय ब्राह्मण सभा भवन ( अतिरिक्त कक्ष व बाउण्ड्री वाल) निर्माण का भूमि पूजन जिला राजनांदगाँव सांसद संतोष पांडे , पूर्व सांसद अशोक शर्मा, प्रदेश भाजपा प्रवक्ता नीलू शर्मा, प्रदेश भाजपा महामंत्री भरत वर्मा, जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल, वरिष्ठ पार्षद शिव वर्मा, युवा नेता प्रखर श्रीवास्तव, पार्षद गगन आईच, वरिष्ठ भाजपा नेता राधेश्याम गुप्ता, रमेश सोनवानी आदि की गरिमामय उपस्थिति किया गया।

भूमिपूजन के अवसर पर सांसद संतोष पांडे ने छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण समाज की प्रशंसा करते हुए विकास के सभी कार्यों को समाज की मदद से पूरा करने की बात कही। वहीं पूर्व सांसद अशोक शर्मा ने भाजपा के पदाधिकारियों की उदारता की प्रशंसा करते हुए सभी को मिलकर प्रयास करने की अपील की। अपने गरिमामय आभार प्रदर्शन करते हुए भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता नीलू शर्मा ने समाज के सभी लोगों के द्वारा समाजिक विकास की दृष्टिकोण से बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का आह्वान किया ।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ी सरयूपारीय ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष शरद तिवारी, लव कुमार मिश्रा, मिथलेश शुक्ला, अभ्यूदय पाण्डेय, राकेश कुमार मिश्रा, नवीन शर्मा, अशोक तिवारी, कौशल किशोर शर्मा, दिलीप तिवारी, दिनेश तिवारी, उमेश कुमार मिश्रा, अशोक कुमार पाण्डे, नितिन शुक्ला, बोधन शुक्ला, रितेश शर्मा, आलोक शर्मा, नीरज शुक्ला, अजय शर्मा, अरविन्द तिवारी, आलोक तिवारी, राहुल मिश्रा, शुभांशु तिवारी, रोहित तिवारी, कृष्ण कुमार मिश्रा, सुरेन्द्र पांडे, विष्णु नंद चौबे, महिला समाज से श्रीमती संगीता मिश्रा, श्रीमती रेणु नवीन शर्मा, श्रीमती रमा तिवारी, श्रीमती किरण तिवारी, छत्तीसगढ़ी सरयूपारीय ब्राह्मण महिला सभा के अध्यक्ष श्रीमती शकुन तिवारी, श्रीमती प्रीति तिवारी, श्रीमती मंजू मिश्रा, श्रीमती वंदना तिवारी, साक्षी भाटिया आदि उपस्थित थे।

# निगम को अल्टीमेटम, सफाई ठेका बंद करें निगम, वरना होगा उग्र आंदोलन : गोलू नायक



राजनांदगांव (दावा)। नगर पालिक निगम सफाई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष गोलू नायक ने नगर पालिका निगम को अल्टीमेटम दिया है और सफाई ठेका बंद करने कहा है। सफाई ठेका बंद न होने की स्थिति में उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

नगर पालिक निगम सफाई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष गोलू नायक ने विसंगतियों को गिनाते हुआ कहा कि, वेतन विसंगति के कारण, निगम के सफाई कर्मियों को नियमित रूप से वेतन नहीं मिल पाता। सफाई कर्मचारियों का इपीएफ भी नहीं काटा जाता। सफाई का कार्य ठेका पद्धति से कराने से निगम को नुकसान ही उठाना पड़ता है, वहीं कर्मचारियों को भी बड़ा नुकसान होता है। ठेका पद्धति की प्रक्रिया पारदर्शिता से इतर होती है, और अपने चाहेतों को ठेका दिलवाकर और सांठगांठ कर निगम की राशियों का दुरूपयोग किया जाता है।

सफाई कर्मियों को कलेक्टर दर पर वेतन नहीं दिया जाता। जिस भी ठेकेदार को वार्ड में सफाई ठेका दिया जाता है, ज्यादा मुनाफे के चक्कर में कम सदस्यों से सफाई का कार्य कराता है। जिसके चलते ही वार्ड की सफाई व्यवस्था चरमरा जाती है। इतना ही नहीं ठेकेदार अपना धौंन्स जमाते हुए कर्मचारियों को काम से निकाल देने की भी धमकियां आये दिन देता रहता है। इन सभी विसंगतियों का ठीकरा निगम पर फोड़ते हुए गोलू नायक ने निगम को अल्टीमेटम देते हुए कहा है कि, यदि वार्डो को ठेके में दिया जाता है तो हम सभी सफाई कर्मचारी मिलकर उसका बहिष्कार करेंगे और उग्र आंदोलन करेंगे।

# राजनांदगांव प्रवास पर पहुंचे विधानसभा नेता प्रतिपक्ष

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष एवं वर्तमान नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत गुरुवार को राजनांदगांव जिले के प्रवास पर पहुंचे। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महंत ने शहर के करीब 10 किलोमीटर दूर सुकुलदैहान से लगे पेन्ड्री में आयोजित कबीर सत्संग के आयोजन में शामिल हुए। वहीं पंथ श्री हजुर अर्धनाम साहब के जन्मदिवस के अवसर पर उनकी माता जी की प्रतिभा अनावरण कार्यक्रम में भी शामिल हुए। इसके बाद डॉ. चरण दास महंत राजनांदगांव शहर पहुंचे जहां उन्होंने वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं के निवास में जाकर उनसे सौजन्य भेंट की।



### जीत सकते हैं लोकसभा चुनाव

डॉ. चरण दास महंत ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि बहुत दिनों बाद मैं अपने पुराने मित्रों से मिलने राजनांदगांव आया हूं। उन्होंने कहा कि मैं जानना चाहता हूं कि यहां क्या स्थिति है, कैसे हम विधानसभा चुनाव में राजनांदगांव सीट हार गए और कैसे हम यहां लोकसभा चुनाव में जीत सकते हैं। डॉ. महंत ने कहा कि पुराने साथियों से इस विषय में चर्चा से समझ आया कि सब एकजुट होकर लड़ेंगे तो हम राजनांदगांव लोकसभा सीट जरूर जीतेंगे।

### इन नेताओं के पहुंचे घर

डॉ. चरणदास महंत, नेता प्रतिपक्ष छत्तीसगढ़ विधानसभा छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महंत ने कांग्रेसी नेत्री श्रीमती शारदा तिवारी के निवास स्थान पहुंचकर उनसे सौजन्य भेंट की। वहीं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री शाहिद खान के कार्यालय भी पहुंचे। वहां से वे महापौर हेमा देशमुख के निवास कार्यालय पहुंचने पर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने उनकी आरती उतारी और फूलमाला पहन कर स्वागत किया। महापौर ने उन्हें स्मृति के रुप में अशोक चिन्ह भी भेंट किया। दौरान डॉ. चरणदास महंत ने महापौर निवास कार्यालय में कई वरिष्ठ कांग्रेसी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं से रूबरू होते हुए उनसे राजनीतिक हालातों पर चर्चा की। इस अवसर पर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा, पूर्व महापौर सुदेश देशमुख, कांग्रेस के जिला अध्यक्ष भागवत साहू, वरिष्ठ कांग्रेसी कमलजीत पिन्टु, पार्षद अजय छेदैया मानव देशमुख शाहिद बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# केन्द्रीय विद्यालय में सृजनात्मकता व संचार कौशल पर सेमिनार संपन्न



राजनांदगांव(दावा)। पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय राजनांदगांव में पीएमश्री गतिविधियों के अंतर्गत 16 फरवरी को 21वीं सदी के कौशल सृजनात्मकता एवं संचार कौशल-कविता लेखन के विशेष संदर्भ में विषय पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। हास्य व्यंग्य विधा के राष्ट्रीय कवि पद्मलोचन शर्मा 'मुंहफट' कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। मुख्य वक्ता के रूप में कवि थंगेश्वर साहू उपस्थित थे। प्राचार्य मनोज कुमार, शिक्षकगण डॉ. योगेंद्र पांडेय, सुश्री एस.के.गहिर, अनिल डोंगरवार, नारद जांगड़े, शुभम धनगर एवं कार्यालय से चंदन कन्नौजिआ ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पद्मलोचन शर्मा ने विद्यार्थियों को कविता लेखन की विभिन्न शैलियों का ज्ञान कराया और काव्य विधा का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए मौलिक कविता लेखन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने अपनी स्वरचित कविताएं प्रस्तुत कीं और निर्णायकों के द्वारा उनका मूल्यांकन किया गया।

अपने संबोधन में पद्मलोचन शर्मा ने कहा कि रचनात्मकता एक विशिष्ट प्रतिभा है जो विभिन्न संज्ञानात्मक और व्यक्तिगत संयोजनों से बनी संरचना है। प्रत्येक व्यक्ति एक सीमा तक रचनात्मक रूप से सोच सकता है और यह सीमा निश्चित तथा अपरिवर्तनीय नहीं है।रचनात्मकता के दो आयाम हैं,एक मौलिकता और दूसरी नवीनता। उन्होंने कहा कि भाषा और विचार अभिव्यक्ति के बीच संबंध बनाने में विद्यार्थी का मौलिक चिंतन और उसकी कल्पना शक्ति आवश्यक है। इसके लिए उसे चीजों को सामान्य पाठ्यक्रम और प्रचलित सिद्धांतों से अलग हटकर देखना होगा। दृष्टिकोण में परिवर्तन होने से ही उसके भीतर रचनात्मकता आएगी। सृजन अनायास नहीं होता और इसके लिए स्वयं के भीतर रचनात्मक बोध विकसित करना आवश्यक है। रचनात्मकता को सिखाया नहीं जा सकता बल्कि स्वरुचि से इसका विकास करना संभव है। उन्होंने कहा कि सफल कविता सृजन के लिए अपने आसपास घट रही घटनाओं तथा विचारों के प्रति सजग एवं संवेदनशील होना आवश्यक है। इनसे मस्तिष्क में भाव बनते हैं। मौलिकता, कल्पना शक्ति एवं सार्थक शब्दों तथा उपयुक्त छंदों के द्वारा भावों को कविता रूप में प्रस्तुत किया जाता है। संचार कौशल के लिए एक अच्छा वक्ता होने के साथ-साथ एक अच्छा श्रोता होना आवश्यक है। श्रोता केवल किसी बात को सुनता ही नहीं है बल्कि उसकी अवलोकन और ग्रहण शक्ति भी प्रभावी होती है। संचार कौशल के लिए विषय वस्तु पर पर्याप्त अधिकार, प्रभावी अभिव्यक्ति, स्पष्ट संदेश, उचित भावभंगिमाएं और सार्थक प्रतिक्रियाओं का होना आवश्यक है। कविता पाठ के लिए भी ये संचार कौशल अत्यंत उपयोगी हैं। इस अवसर पर कवि थंगेश्वर साहू ने अपनी कविताओं का पाठ करते हुए विद्यार्थियों को कविता पाठ की विधियों से परिचित कराया।

विद्यालय के हिंदी अध्यापक डॉ. योगेंद्र पांडेय ने भी इस अवसर पर अपनी मौलिक कविताओं का पाठ किया। इस अवसर पर आयोजित कविता पाठ प्रतियोगिता में अभिनव खरे कक्षा आठवीं अ ने प्रथम, वसुधा गुप्ता कक्षा सातवीं ब ने द्वितीय तथा सौम्या वर्मा कक्षा सातवीं ब ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा सातवीं अ की छात्रा खुशबू, कक्षा छठी ब की छात्राओं वैभवी वर्मा और काव्या ठाकुर को सांत्वना पुरस्कार मिला। कार्यक्रम का संचालन हिंदी अध्यापक दीपक यादव ने किया एवं आभार हिंदी अध्यापक डॉ. योगेंद्र पांडेय ने व्यक्त किया।

# रेलवे एसपी जे.आर.ठाकुर आईपीएस अवार्ड से हुए सम्मानित



मोहला विकासखण्ड के ग्राम ककईपार के मूल निवासी श्री ठाकुर को मित्रों एवं शुभचिंतकों ने दी बधाई एवं शुभकामनाएं

राजनांदगांव (दावा)। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा पुलिस अधीक्षक रेलवे झाड़ूराम ठाकुर सहित राज्य पुलिस सेवा के कुल 07 अधिकारियों को आज आईपीएस अवार्ड दिया गया है। जेआर ठाकुर के आईपीएस अवार्ड होने पर अंचल में बहुत ही हर्ष व्याप्त है। श्री ठाकुर के आईपीएस अवार्ड होने पर पुलिस विभाग के अलावा आदिवासी समाज के लोगों तथा उनके मित्रों एवं शुभचिंतकों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

उल्लेखनीय है कि जेआर ठाकुर नवगठित मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चैकी के सुदूर ग्राम ककईपार के मूल निवासी है। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा अपने ग्राम ककईपार एवं गोटाटोला में करने के पश्चात् शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहला से हायर सेकण्डरी परीक्षा की उत्तीर्ण की है। इसके पश्चात् वे शासकीय पोस्ट मेट्रिक आदिवासी छात्रावास राजनांदगांव में रहकर शासकीय महाविद्यालय राजनांदगांव में एमए समाज शास्त्र में स्नातकोत्तर की उपाधि प्राप्त की है। वे सन् 1987 में राज्य लोक सेवा आयोग के माध्यम से सहायक प्राध्यापक के पद पर चयनित होकर सन् 1998 तक शासकीय दाऊ कल्याण सिंह महाविद्यालय बलौदाबाजार में एक उत्कृष्ट प्राध्यापक के रूप में अपनी सेवाएं दी है। इसके पश्चात् वे सन् 1998 में मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग के माध्यम से उप पुलिस अधीक्षक के पद पर चयनित होकर उप पुलिस अधीक्षक, नगर पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सेनानी सहित गरियाबंद के पुलिस अधीक्षक के रूप में अपनी सराहनीय सेवाएं दी है। वर्तमान में वे एसपी रेलवे के पद पर रायपुर में पदस्थ है।

श्री ठाकुर के भारतीय सेवा के अधिकारी के रूप में आईपीएस अवार्ड होने पर आदिवासी छात्रावास के भूतपूर्व अध्यक्ष एवं वित्त नियंत्रक तिलक सोरी, भूतपूर्व छात्र एवं चीफ इंजीनियर मर्चेंट नेवी हीरेसिंह घावड़े, जगत सलामे, जनसंपर्क अधिकारी चन्द्रेश ठाकुर, छात्रावास एलुमिनी के अध्यक्ष अरविंद गोटे, पवन तुलावी, लालदेव तारम, भूपेंद्र मण्डावी, राममिलन रावटे, गौरीशंकर भुआर्य, देवशंकर तारम, लखन सोरी, पुरूषोत्तम मण्डावी, गुलशन सलामे, महेश पडोती, चंद्रशेखर बघेल, धर्मेंद्र पौसार्य, बिश्राम पिस्दा, मनोज चंद्रवंशी, बिट्टू कोमरे सहित छात्रावास के भूतपूर्व एवं वर्तमान विद्यार्थियों के अलावा आदिवासी समाज के लोगों ने उनकी उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# डंडा लेकर सड़क पर खड़े होने वाले यातायात कर्मियों को तत्काल हटाए पुलिस प्रशासन-मदन साहू



राजनांदगांव (दावा)। इन दिनों यातायात पुलिस के चेकिंग अभियान को लेकर जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष मदन साहू ने नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि, यह अभियान यातायात कानूनों के पालन और सुरक्षा का विषय न रहकर ग्रामीण वाहन चालकों से उगाही और उन्हें परेशान किया जाने का अभियान साबित हो रहा है।

उन्होंने कहा कि शहर और आऊटर इलाकों में ऐसे अभियान की कोई मॉनिटरिंग नहीं होती जिससे इसके असल उद्देश्य प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि पुलिस अधीक्षक को ऐसे मामलों पर त्वरित तौर पर संज्ञान लेना चाहिए। सामान्यजन को हो रही असुविधाएं और निर्मित हो रही अप्रिय स्थिति चिंताजनक है। जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष मदन साहू ने कहा कि ग्रामीण इलाकों में हो रही जांच में ग्रामीणों को रोककर परेशान किया जा रहा है। उन्हें यातायात नियमों में गलती या खामी पर समझाईश दी जानी चाहिए लेकिन मौके पर मौजूद रहने वाले जवान चालान का डर दिखाकर वसूली कर रहे हैं। कई बार ऐसा भी प्रतित होता है कि यातायात विभाग को राजस्व जुटाने का कोई टारगेट मिला हुआ है और वे बस चालान काटने के लिए सड़क किनारे मौजूद हैं। यातायात पुलिस अपने मूल कर्तव्यों से हटकर डराने और वसूली जैसे मामलों में सक्रिय है जो कि उचित नहीं है।

शहर आने वाले ग्रामीण वाहन चालकों के साथ किए जाने वाले व्यवहार पर भी उन्होंने निराशा जताई। मदन साहू ने कहा कि किन्हीं कामों से, स्वास्थ्यगत कारणों से या किसी और वजह से अपने परिवार के साथ या अकेले शहर पहुंचने वाले लोगों को शहर के बीच रास्तों में डंडे दिखाकर रोक दिया जाता है। भोले-भाले ग्रामीण सहम जाते हैं। वे आवश्यक कार्यों के लिए भी राजनांदगांव आने से डरने और हिचकिचाने लगे हैं।

ये पुलिस प्रशासन की असफलता है कि लोगों में उन्हें लेकर भय पैदा हो रहा है। उन्होंने पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग से मांग करते हुए कहा कि यातायात पुलिस के रवैयों पर तत्काल रोक लगाई जाए। डंडा लेकर सड़क पर खड़े रहने वाले पुलिसकर्मियों को हटाने की जरुरत है। यातायात पुलिस को संयम के साथ संवेदनशीलता बरतने की जरुरत है। इस विषय पर तत्काल कार्रवाई की जरुरत है अगर ऐसा नहीं होता है तो आने वाले दिनों में पुलिस प्रशासन के खिलाफ जिस तरह के भी प्रदर्शन की जरुरत होगी हम करेंगे।

# राष्ट्र संत आचार्य 108 विद्यासागर महाराज को बाल रत्न मंच सेवा समिति की भावपूर्ण भावांजलि

### हनुमान जी की भक्ति आराधना सामूहिक हनुमान चालीसा के साथ



राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी राजनांदगांव की सेवाभावी संस्था गौ सेवा रथ दो रोटी बाल रत्न मंच सेवा समिति के उपाध्यक्ष संदेश जैन एवं सचिव सौरभ खंडेलवाल ने बताया कि गत मंगलवार को प्रत्येक सप्ताह मंगलवार को सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन स्थानीय महालक्ष्मी मंदिर हमाल पारा किया जाता है जिसमें हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ एवं श्री राम संकीर्तन राम स्तुति एवं आरती के पश्चात प्रत्येक सप्ताह बच्चों एवं मातृशक्ति महिलाओं के लिए धार्मिक सामान्य ज्ञान एवं पर्यावरण संरक्षण, वेद पुराण व संस्कार, देश भक्ति, संबंधी प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया जाता है जिसमें विजेता को तत्काल पुरस्कृत किया जाता है।

मोहल्लेवासीयो ने छोटे-छोटे नन्हे बच्चों सहित आसपास के लोगों का जुड़ाव प्रति सप्ताह बढ़ता जा रहा है। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों को संस्कारवान बनाना एवं सभी में धर्म के प्रति जागरूक करना है। उपाध्यक्ष संदेश जैन कहां की आज सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ के पश्चात गुरुओं में श्रेष्ठ 108 राष्ट्रसंत संत आचार्य विद्यासागर महाराज जिनकी दिव्य अलौकिक वाणी से करोड़ों करोड़ों भक्तों को सदमार्ग प्राप्त हुआ संत श्री के मुखारविंद से एक एक शब्द अमृत की बूंद होते हैं जो भक्त के क्षण को अमृत की वह बूंद सौभाग्य में बदल देती है। आज संत श्री हमारे बीच मौजूद नहीं है किंतु वे सदा हमारी यादों में सदा अजर अमर रहेंगे संस्कारधानी राजनांदगांव की सेवाभावी संस्था गौ सेवा रथ दो रोटी बाल रत्न मंच सेवा समिति परिवार द्वारा परम पूज्य दिगंबर राष्ट्र संत 108 आचार्य विद्यासागर महाराज के ब्रह्मलीन होने पर संस्था परिवार की ओर से पूज्यवर के श्री चरणों में भावपूर्ण भावांजलि के श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए 2 मिनट का मौन रखकर मौन भावांजलि अर्पित कि गई। इस दौरान बाल रत्न मंच सेवा समिति के उपाध्यक्ष संदेश जैन सचिव सौरभ खंडेलवाल कार्यकारी सदस्य लोकेश अग्रवाल, महेश शर्मा प्रशांत अग्रवाल, पप्पू कन्हैया एवं उपस्थित महिलाओं में मीना सिन्हा, प्रतिभा खंडेलवाल, जयश्री कन्हैया इंडिया नागवंशी, शीतल चौरसिया, शकुंतला यादव, रोमा नागवंशी, सेजल, नीरजा देवांगन एवं छोटे-छोटे नन्हे बच्चे सार्थक शर्मा, युग खंडेलवाल, गोपाल अग्रवाल, वंदित शर्मा, वैदिक शर्मा संचित खंडेलवाल अन्य बच्चों ने मौन रखकर भावपूर्ण भावांजलि अर्पित की। उपरोक्त जानकारी संस्था के सचिव सौरभ खंडेलवाल ने दी।

# वेल्डिंग वर्कर का गुमा मोबाइल, यातायात पुलिस ने लौटाई



राजनांदगांव (दावा)। पुलिस वालों द्वारा कभी कभी अच्छे कार्य भी किए जाते दिख जाते है। गुरूवार को प्रेसक्लब राम दरबार चौक के समीप ट्रक हटाने की कार्रवाई के दौरान पुलिस को किसी व्यस्त का मोबाइल पड़ा मिला। उक्त मोबाइल को रामदरबार चौक में तैनात महिला यातायात सिपाही ऐलिजावेश को सौंप दिया गया।

उक्त महिला यातायात सिपाही ने सिंगदई निवासी युवक मनीष निषाद को उनके गुम मोबाईल को सौंप दिया है। बताया जाता है कि मनीत निषाद वेल्डिंग का कार्य करता है। काम करते वक्त उसी क्षेत्र में उसका मोबाइल कही गुम हो गया था जिसे ट्रक हटाने गए पुलिस वालों के हाथ लगने से सुरक्षित मोबाइल धारक के हाथों पहुंच गया।

अपना खोया मोबाइल पुलिस वालों द्वारा फिर से प्राप्त होने से उक्त युवक के चेहरे में मुस्कुराहट देखी गई और उन्होंने पुलिस वालों की इस सहयोग भाव की प्रशंसा की। बता दे कि बीते दिनों गायत्री स्कूल के बच्चों ने रास्ते में मिले सोने-चांदी के जेवर को पुलिस को सौंपा था जिसे कोतवाली थाना प्रभारी एमन साहू ने उसके वास्तविक मालिक को लौटाया था तथा स्कूल जा कर उन बच्चों को सम्मनित एवं प्रोत्साहित किया गया।

## अनमोल दावा

> सबसे खराब असमानता वो है जब असमान चीजों को समान बनाने की कोशिश की जाती है।

# इसराइली पीएम बिन्यामिन नेतन्याहू ने क्या हमास को रोकने का मौक़ा गंवा दिया

पिछले साल सात अक्टूबर को हमास के बंदूकधारियों ने इसराइल के दक्षिणी इलाक़े में घुसकर लगभग 1200 लोगों को मार डाला था और ढाई सौ से ज़्यादा लोगों को बंधक बना लिया था. इनमें से 130 बंधकों के बारे में अब तक कोई ख़बर नहीं मिल सकी है.

इस हमले के जवाब में इसराइली सेना ने ग़ज़ा पर हमला किया था. ग़ज़ा में हमास द्वारा चलाए जाने वाले स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक़, इसराइली सेना की कार्रवाई में अब तक 29 हज़ार फलस्तीनी मारे जा चुके हैं.युडी लेवी का कहना है कि उन्होंने हमास को भरपूर मात्रा में मिल रही पूंजी के बारे में आगाह किया थायुडी लेवी, 2016 तक इसराइल की ख़ुफ़िया एजेंसी मोसाद में आर्थिक युद्ध इकाई के प्रमुख थे.वह कहते हैं कि उन्होंने बिन्यामिन नेतन्याहू से कई बार कहा था कि ग़ज़ा पर नियंत्रण रखने वाले हमास को कुचलने के लिए इसराइल के पास पर्याप्त संसाधन हैं.उसका ख़ात्मा केवल 'वित्तीय हथियारों के इस्तेमाल से ही' किया जा सकता है.युडी लेवी कहते हैं कि उनको अपने इस प्रस्ताव पर बिन्यामिन नेतन्याहू की तरफ़ से कोई जवाब नहीं मिला.

जब उनसे पूछा गया कि क्या वो ये मानते हैं कि हमास को मिलने वाली आर्थिक मदद पर रोक लगाने को लेकर नेतन्याहू की अनिच्छा और उसके बाद सात अक्टूबर के हमले के बीच कोई संबंध हैं, तो लेवी ने बिना किसी हिचक के जवाब दिया.

लेवी कहते हैं, %%हां. बिल्कुल. इस बात की काफ़ी संभावना है कि हम ग़ज़ा को होने वाली धन की आपूर्ति को रोक सकते थे. तब हमास ने जितनी ख़तरनाक और शैतानी ताक़त जुटाई, वो उतना बड़ा राक्षस न बन पाता, जिसका सामना हमने सात अक्टूबर को किया था.%%इसराइल के इस पूर्व ख़ुफ़िया अधिकारी के मुताबिक़, ग़ज़ा के नीचे सुरंगों का जाल बिछाने और लगभग तीस हज़ार लड़ाकों वाली फौज का ख़र्च चलाने के लिए हमास को 'करोड़ों नहीं, अरबों डॉलर' की दरकार होती.युडी लेवी ने हमास को मिलने वाली रक़म के जिस एक ख़ास स्रोत के बारे में बिन्यामिन नेतन्याहू को बताया था, वो करोड़ों डॉलर का एक निवेश कार्यक्रम था.इसराइल की ख़ुफ़िया एजेंसियों के मुताबिक़, ये खाता तुर्की से चलाया जा रहा था और उस पर हमास का नियंत्रण था.युडी लेवी कहते हैं कि जानकारी देने के बावजूद, नेतन्याहू ने इस सूचना पर कोई कार्रवाई न करने का फ़ैसला किया.हमास अपने 50 हज़ार कर्मचारियों पर खर्च करता है 700 मिलियन डॉलर, कहाँ से आता है ये पैसा?



हमास इसराइल के अस्तित्व में रहने के अधिकार को ख़ारिज करता है और उसको तबाह करने को लेकर प्रतिबद्ध है. वो किसी सैन्य ताक़त से बढ़कर बहुत कुछ और भी है. ये एक राजनीतिक आंदोलन है, जिसको ग़ज़ा के बाहर से भी वित्तीय मदद मिलती है. बिन्यामिन नेतन्याहू के साथ हुई बातचीत के बारे में युडी लेवी बताते हैं, ों में तुर्की ज़्यादा अहम है, क्योंकि हमास के वित्तीय ढांचे के प्रबंधन के लिहाज़ से तुर्की एक महत्वपूर्ण केंद्र बिंदु है. बीबीसी उन दस्तावेज़ों की पड़ताल करता रहा है, जो 2020 में हासिल किए गए थे. इन दस्तावेज़ों से हमास के निवेश के पोर्टफोलियो के दायरे का पता चलता है. ये दस्तावेज़ आठ महीने के दौर की जानकारी देते हैं, जो 2018 में ख़त्म हो गया था. इसराइल की ख़ुफ़िया एजेंसियां कहती हैं कि इन दस्तावेज़ों से पता चलता है कि हमास अपनी आमदनी का कुछ हिस्सा कैसे हासिल करता है.

इस पोर्टफोलियो के बारे में कहा जाता है कि इसमें लगभग 40 कंपनियां हैं, जो पूरे मध्य पूर्व और उत्तरी अफ्रीका में फैली हुई हैं. इनमें सऊदी अरब, अल्जीरिया, सूडान, मिस्र, खाड़ी देश और तुर्की भी शामिल हैं.

इस कथित निवेश में सड़क निर्माण, दवाओं और मेडिकल उपकरणों से लेकर, पर्यटन, खनन, सोने की तलाश और लग्ज़री रियल एस्टेट की परियोजनाएं तक शामिल हैं. इस दस्तावेज़ में दर्ज छह कंपनियों के बारे में 2022 से अमेरिका के ट्रेज़री विभाग का कहना है कि इन पर सीधे तौर पर या फिर पर्दे के पीछे से हमास का नियंत्रण है. अमेरिका ने इन पर प्रतिबंध लगाकर इनके ट्रेडिंग करने की क्षमता को सीमित कर दिया है.

इस पोर्टफोलियो में दर्ज हर कंपनी के सामने हमास के नियंत्रण वाली क़ीमत दर्ज है. कई कंपनियों में तो हमास की हिस्सेदारी करोड़ों डॉलर में है और कुल मिलाकर हमास की इन संपत्तियों की क़ीमत 42 करोड़, 25 लाख, 73 हज़ार 890 डॉलर बैठती है. रॉयल यूनाइटेड सर्विसेज़ इंस्टीट्यूट (रूसी) में सेंटर फॉर फाइनेंशियल क्राइम ऐंड सिक्योरिटी स्टडीज़ के संस्थापक निदेशक टॉम कीटिंग कहते हैं कि प्रॉपर्टी में निवेश की गई रक़म का मूल्य स्थिर रहता है. इनसे किराए की आमदनी होने की भी संभावना बनी रहती है. इसलिए, हमास जैसे संगठन के लिए अपनी रक़म का हिसाब किताब चलाने के लिए ये सबसे सही तरीक़ा है.

अमेरिका ने हमास से जुड़ी जिन कंपनियों पर पाबंदी लगाई है, उनमें से एक ट्रेंड जीवायओ है. ये तुर्की की रियल एस्टेट कंपनी है. 2018 में मिले दस्तावेज़ों के मुताबिक़, कई बार इस कंपनी का ज़िक्र अंदा तुर्क के नाम से भी किया गया है. दस्तावेज़ों के अनुसार ट्रेडिंग कंपनी का ये पुराना नाम था और बाद में इसका नाम बदलकर ट्रेंड कर दिया गया था. इसे इस्तांबुल के शेयर बाज़ार में दर्ज कराया गया था. हाल ही में ट्रेंड के पूर्व चेयरमैन हामिद अब्दुल्लाह अल-अहमर ने 7 अक्टूबर के हमले की तारीफ़ की थी, जिन्हें हमास %ऑपरेशन अल अक़्सा फ्लड% कहता है. हामिद अब्दुल्लाह 2022 में कंपनी के चेयरमैन पद से हट गए थे, लेकिन वो इसकी मूल कंपनी के मुखिया अभी भी बने हुए हैं.

जनवरी 2024 में इस्तांबुल में एक सम्मेलन के दौरान रिकॉर्ड किए गए एक बयान में हामिद अब्दुल्लाह ये कहते हुए सुनाई देते हैं, %%हम ऐसे समय में मिल रहे हैंज्जब अक़्सा की बाढ़ अपने शीर्ष पर है, ये तबाह करने वाली गरज़दार बाढ़ है, जो तब तक नहीं रुकेगी जब हमारे प्रिय फलस्तीन पर क़ब्ज़ा करने वालों को शिकस्त नहीं दे दी जाती.%%इस कांफ्रेंस में हामिद अब्दुल्लाह ने %कट्टर यहूदीवाद को एक नस्लवादी और आतंकवादी आंदोलन साबित करने की मुहिम चलाने% की अपील की थी.बीबीसी ने हामिद अब्दुल्लाह अल-अहमर से इस मामले पर प्रतिक्रिया मांगी थी, मगर उनकी तरफ़ से कोई जवाब नहीं आया.ट्रेंड ने हमें बताया कि अमेरिका के ट्रेज़री विभाग ने उनकी कंपनी और हमास के बीच जिस रिश्ते का इल्ज़ाम लगाया है, वो 'बेबुनियाद और नाइंसाफ़ी' हैं.तुर्की के अधिकारियों ने कहा है कि उन्होंने ट्रेंड की पड़ताल की है और उन्हें 'हमारे देश की वित्ताीय व्यवस्था के किसी तरह के दुरुपयोग के सबूत नहीं मिले हैं', और तुर्की अंतरराष्ट्रीय वित्तीय नियमों का पालन करता है.हमास के लिए फंड जुटाने वाले शुरुआती लोगों में सबसे अहम तो यह्या सिनवार थे, जो अब ग़ज़ा में हमास की सियासी शाखा के मुखिया हैं. इसराइल के मुताबिक़, सिनवार ने हमास के लिए फंड जुटाने की शुरुआत तभी से कर दी थी, जब वो इसराइल की जेल में क़ैद थे. 1988 में यह्या सिनवार को एक फलस्तीनी की हत्या के आरोप में जेल भेजा गया था, जिस पर उन्हें शक था कि वो इसराइल के लिए जासूसी करता है.

# पहाड़ों की पीड़ा : विकास के नाम पर अतार्किक निर्माण कार्य होने से परेशानी

पहाड़ों पर बर्फबारी और हिमस्खलन से मार्ग अवरुद्ध हो जाना सर्दियों में हर वर्ष की सामान्य घटना जैसा है। मगर अब जिस तरह ये घटनाएं तबाही का सबब बन रही हैं, वह चिंता का विषय है। कश्मीर के सोनमर्ग हंग इलाके में पहाड़ से बर्फ की चट्टानें गिरने से वहां बह रहा नाला अवरुद्ध हो गया। इसके चलते नाले का पानी उफन कर सड़क पर बहना शुरू हो गया।

गनीमत है कि उस तेज धार पानी में जान-माल का कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ, मगर सड़क को जो क्षति पहुंची उससे लंबे समय तक लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ेगा। पिछले वर्ष इसी तरह हिमस्खलन में दो मजदूर दब कर मर गए थे। हिमाचल प्रदेश के मनाली इलाके में भी हिमस्खलन से ऐसी दुर्घटनाएं सामने आती रहती हैं। हालांकि हिमस्खलन वाले इलाकों में खतरे की चेतावनी वाली तख्तियां लगी होती हैं, फिर भी प्रशासन की मुस्तैदी और समय पूर्व दुर्घटना की चेतावनी जारी न हो पाने की वजह से दुर्घटनाएं हो ही जाती हैं।

मगर पहाड़ों की पीड़ा दिन-ब-दिन इस बात से अधिक बड़ती जा रही है कि वहां विकास के नाम पर अतार्किक निर्माण कार्य होने लगे हैं। पर्यटन को प्रोत्साहित करने के लिए सड़कों, पुलों, होटल, मोटल, दुकानों आदि के निर्माण बड़े पैमाने पर होने लगे हैं। इससे पहाड़ों को तोड़ने, नदियों और नालों की जलधारा मोड़ने या अवरुद्ध कर देने की प्रवृत्ति भी बड़ी है।सैलानियों को लुभाने की मंशा से बहुत सारी नदियों के किनारे और उनके भीतर तक अतिक्रमण कर खाने-पीने, मनोरंजन, यहां तक कि रुकने-ठहरने के लिए ढांचे खड़े कर लिए गए हैं। उत्तराखंड में बादल फटने की वजह से हुई तबाहियों के पीछे बड़ा कारण यही था कि खुदाई के चलते वहां के पहाड़ हिल कर भुरभुरे हो गए हैं, नदियों की जल संग्रहण क्षमता काफी घट गई है।

इससे नदियों का पानी उफन कर सड़कों और रिहाइशी इलाकों में पहुंच जाता है। कश्मीर के सोनमर्ग में भी यही हुआ। हालांकि प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए समस्या पर काबू पा लिया, मगर यह इस बात का संकेत है कि आने वाले समय में ऐसी दुर्घटनाएं बड़ी तबाही का कारण भी बन सकती हैं।




## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम 74 : पुष्पवाटिका में श्री राम और सीता जी

**डॉ.योगेंद्र कुमार पांडेय**



श्री राम और लक्ष्मण की उपस्थिति से अनभिज्ञ सीता जी अपनी सखियों के साथ मां भवानी के मंदिर की ओर बढ़ रही हैं।रास्ते में उनकी दृष्टि पूजा की थाल पर पड़ी।

'अरे! पूजा की सभी सामग्रियां यहां हैं लेकिन केवल पुष्प नहीं हैं।' सीता जी ने एक सखी से कहा।

'हमने सोचा पुष्प वाटिका में पुष्प मिल ही जाएंगे, इसलिए हमने राजप्रासाद से फूल नहीं लिए।' सखी ने उत्तर दिया।

'सच ही तो है,राजप्रासाद में फूल इसी वाटिका से तो जाते हैं। पर लाओ,आज मैं पुष्प अपने हाथों से चुनूंगी।'ऐसा कहते हुए सीता जी ने पुष्प की खाली डलिया को अपने हाथ में ले लिया।

'अपने हाथों से क्यों? हम ले आती हैं।' सखी ने पूछा।

'नहीं! मुझे माता भवानी से वर मांगना है। इसलिए मैं अपनी इच्छा के अनुसार फूल चुनूंगी।' सीता जी ने कहा।

'ओहो राजकुमारी जी! आप किस वर की बात कर रही हैं? कहीं वह तो नहीं जो कल अयोध्या के राजपथ पर भ्रमण कर रहे थे और सुना है कि कि वे आपके रथ के पास से होकर गए।' सखी ने उलाहना दिया।

'री! तुम यह क्या उल्टी बात कर रही हो।मैं अपने विवाह हेतु वर नहीं बल्कि कुछ इच्छाओं की पूर्ति वाला वर मांगने की बात कह रही हूं। क्या वर का एक ही अर्थ होता है?' सीता जी ने थोड़ा रूठते हुए कहा।

'नहीं राजकुमारी जी! आप जो चाहती हैं, वैसा ही वर, पर हम क्या करें जब से उन्हें देखा है और मैं ही क्या? सारी अयोध्या ने जबसे उन्हें देखा है, उन्हीं की चर्चा हो रही है। कदाचित आपने भी उन्हें देखा होगा।' सखी ने जवाब दिया।

बात टालने के उद्देश्य से सीता जी ने कहा,

'तुम लोग मंदिर की ओर बढ़ो। मैं पास की क्यारियों से फूल लेकर आ रही हूं।'

ऐसा कहते हुए सीता जी उन क्यारियों की ओर बढ़ीं। कुछ कदम आगे चलने पर वे ठिठक गईं। उनके सामने कुछ ही धनु की दूरी पर पुष्प चुनते हुए दो धनुर्धारी युवक दिखाई दिए। सीता जी ने ध्यान से देखा।

'अरे! ये तो वही दो युवक हैं,जो कल राजपथ पर दिखाई दिए थे। ये इतनी सुबह राज उद्यान में क्या कर रहे हैं?' उनकी दृष्टि श्री राम पर ठहर गई।

'ऐसा सुकुमार व्यक्तित्व, कैसा अद्भुत आभामंडल है,ये धनुर्धर हैं, मुख पर ओज है। ऐसा आत्मविश्वास वीर योद्धाओं में ही होता है।बार-बार इनसे सामना क्यों हो रहा है? ये ठहरे कहां हैं? ये फूल क्यों चुन रहे हैं? क्या पिताश्री ने इन्हें भी धनुष यज्ञ के लिए आमंत्रित किया है? क्या ये भी माता भवानी के मंदिर में कोई वर मांगने के लिए पुष्प चुन रहे हैं?'सीता जी ने सकुचाते हुए स्वयं से ही अनेक प्रश्न एक साथ पूछ डाले। उन्हें सखियों के उलाहने का स्मरण हुआ और एकाएक किंचित संकोच भाव से उनकी पलकें नीचे झुक गईं।

(भगवान श्री विष्णु के मनुज अवतार भगवान श्री राम और माता सीता की कथा हजारों वर्षों से भारतीय जनमानस में प्रचलित है।

संस्कृत और हिंदी साहित्य से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं में अब तक सैकड़ों रामायण लिखी गई हैं।लेखक ने इस रचना में रामकथा का एक साधारण भक्त की अपनी कल्पनादृष्टि से,मूल कथा सूत्रों के रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

## लघुकथा

### // बस ऐसे ही //

पूर्वी ने अपनी पड़ोसन योगिता से पूछा- ''गीतू की मम्मी! सुबह तुम्हारे घर से चीखने-चिल्लाने की बहुत आवाज आ रही थी। क्या हुआ था बहन ?''

योगिता मुस्कुराती हुई बोली- ''कुछ नहीं दीदी। बस ऐसे ही। गीतू के पापा की तो आदत ही है बात-बात पर बेवजह गुस्सा करने की। दरअसल सुबह से ही बहुत पी ली थी न। उनके लिए नाश्ते में पोहा बनाया था। नमक कुछ ज्यादा हो गया था।''

''पर मारने-पीटने की आवाज आ रही थी बहन ?'' पूर्वी बोली।

''हाँ..., बस कुछ नहीं दीदी। उनकी तो आदत ही है न, मार ही देते हैं। बस चुपचाप रहती हूँ। मैं मुँह नहीं लगती। उन पर न कभी मुझे गुस्सा आता है, न हिं रोना। मुझे रोना-धोना कतई पसंद नहीं है दीदी।'' योगिता के होंठों पर अब भी मुस्कान थी; जबकि उसके घर का यह रोज का मसला था।

टीकेश्वर सिन्हा ''गब्दीवाला''
व्याख्याता (अंग्रेजी)
घोटिया-बालोद (छत्तीसगढ़)
सम्पर्क - 9753269282.



# धरती पर कभी भी, कहीं भी गिर सकता है उपग्रहों का 'दादा' ईआरएस-2



एक समय काफ़ी अहमियत रखने वाला यूरोप का एक उपग्रह चंद घंटों के अंदर धरती पर गिरने वाला है. ईआरएस-2 नाम के इस सैटेलाइट को साल 1995 में लॉन्च किया गया था.इसकी मदद से उन आधुनिक तकनीकों के विकास में मदद मिली, जिन्हें आज अंतरिक्ष से पृथ्वी की निगरानी में इस्तेमाल किया जा रहा है.

उपग्रह ने साल 2011 में काम रोक दिया था, जिसके बाद यह धीरे-धीरे पृथ्वी के क़रीब आ रहा था. अब यह अचानक अनियंत्रित होकर बुधवार को किसी भी समय वायुमंडल में दाख़िल हो जाएगा.यूरोपीय स्पेस एजेंसी (ईएसए) का कहना है कि दो टन वज़नी इस सैटेलाइट का ज़्यादातर हिस्सा पृथ्वी की सतह पर पहुंचने से पहले ही जल जाएगा.

ईएसए के अर्थ ऑब्ज़र्वेशन ग्राउंड सेग्मेंट डिपार्टमेंट के मिरको एल्बानी ने कहा, ÷यह बताना अहम है कि जो हिस्से पृथ्वी में आएंगे, वे रेडियोएक्टिव के ज़हरीले नहीं हैं.÷जो हिस्से पृथ्वी में बिना जले आ सकते हैं, उसमें इसके कुछ आंतरिक पैनल और धातु से बने कुछ हिस्से हो सकते हैं.


यूरोपीय स्पेस एजेंसी ने 1990 के दशक में दो एक जैसे अर्थ रिमोट सेंसिंग (ईआरएस) उपग्रह लॉन्च किए थे - ईआरएस-1 और ईआरएस-2.वे उस समय के सबसे आधुनिक उपग्रह थे, जिनमें ज़मीन, समंदर और हवा में होने वाले बदलावों को मापने वाले उपकरण लगे हुए थे.इन उपग्रहों ने बाढ़ पर नज़र रखी, समंदर और महाद्वीपों के तापमान को मापा, बर्फ़ की परतों में आए बदलाव को देखा और भूकंप के दौरान हुए बदलावों की जानकारियां भी जुटाई.इनमें से ईआरएस-2 में सूर्य की पराबैंगनी किरणों से पृथ्वी की सुरक्षा करने वाली ओज़ोन परत की जांच करने की भी क्षमता थी.इन दोनों उपग्रहों को यूरोप में पृथ्वी की निगरानी करने वाले उपग्रहों का ग्रैंडफ़ादर यानी दादा कहा जाता था.ईआरएस-2 इन दोनों में पहला है जो पृथ्वी की ओर आ रहा है. जब ईआरएस उपग्रहों को लॉन्च किया गया था, उस समय अंतरिक्ष में बेकार हो चुके उपग्रहों से फैलने वाले मलबे को लेकर ज़्यादा सख़्त दिशानिर्देश नहीं थे.अब ईपीए ने नई नीति बनाई है, जिसके अंतरिक्ष में बिल्कुल भी मलबा नहीं छूटना चाहिए. इसके लिए काम करना बंद कर चुके उपग्रह को नष्ट करने के लिए पांच साल से ज़्यादा समय की छूट नहीं मिल सकती. साथ ही, भविष्य में छोड़े जाने वाले उपग्रहों में अतिरिक्त ईंधन रखा जाना है।

## शब्द सामर्थ्य -342

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. याद, स्मरण 3. अग्नि, आग, पवित्र करने वाला 6. गौ जाति का नर 8. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 10. मुस्कुराहट, तबस्सुम 11. खारा, नमक के स्वाद जैसा 14. मुख्यभाग, निचोड़ 16. पिंडली व एड़ी के बीच की दोनों ओर उभरी हड्डी, गुल्फ 18. अद्भुत, विचित्र 21. सम्राट, बादशाह, नरेश 22. कृति, निर्माण करना, बनाना 23. बड़ी थाली 24. समूह, दल 26. एहसानमंद, कृतज्ञ 27. ध्वनि, सदा 28. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर।

**ऊपर से नीचे**
2. अपमान, अनादर, अवज्ञा 3. जल, नीर, अम्बु 4. वाणी, वादा, कथन 4. कर्म शब्द का अपभ्रंश, भाग्य 7. लकड़ी का घूमने वाला एक गोल खिलौना, बिजली का बल्ब 9. लोग, प्रजा 10. यात्री, राही, पथिक 12. कीड़ा 13. चोंचला, अदा 15. दंड 17. अवैध, अनुचित 18. जो आधिकारिक न हो, जो अधिकार प्राप्त न हो 19. जैसा होना चाहिए ठीक वैसा, सत्यपरक, वाजिब 20. ताकत, शक्ति 24. प्रश्न, समस्या 25. घटना, घटना का वर्णन 26. एक प्रसिद्ध पक्षी जो रात में विचरण करता है, लक्ष्मीजी की सवारी 27. पानी, चमक।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 341 का हल**



## सू- दोकू क्र.342

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 4 | | | 7 | |
| | | 6 | 9 | | 2 | | | 1 |
| | 7 | | | 6 | | 8 | | 2 |
| 1 | | | | | | | 8 | |
| | 8 | | | 5 | | 2 | | 3 |
| 3 | | 2 | | | 4 | | 1 | |
| | 3 | | 2 | | | 4 | | |
| | | 8 | | 1 | 6 | | | 7 |
| 9 | | | 4 | | | | 2 | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र 341 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 6 | 8 | 2 | 5 | 4 | 7 | 1 |
| 8 | 2 | 5 | 1 | 7 | 4 | 6 | 3 | 9 |
| 7 | 1 | 4 | 6 | 9 | 3 | | 2 | 5 |
| 1 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | [illegible] | 5 | 4 |
| 2 | 6 | 7 | 5 | 4 | 8 | 1 | 9 | 3 |
| 5 | 4 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 6 |
| 6 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 5 | 1 | 8 |
| 9 | 5 | 1 | 7 | 8 | 6 | 3 | 4 | 2 |
| 4 | 3 | 8 | 2 | 5 | 1 | 9 | 6 | 7 |

## राशिफल

**मेष** — आज आपका दिन खास रहने वाला है। आज आपको परिवार के लोगों से सपोर्ट मिलेगा। माता-पिता के साथ किसी तीर्थस्थल पर जाने का योग बन रहा है। जो लोग टूर एंड ट्रेवलिंग का बिजनेस कर रहे हैं,उन्हें आज उम्मीद से अधिक फायदा होगा। आप कोई नया वाहन खरीदने के लिए जीवनसाथी से सलाह ले सकते हैं।

**वृषभ** — आज का दिन शानदार रहने वाला है। जो शिक्षक हैं, वो आज छात्रों को कुछ नया सिखाएंगे। घर में किसी दूर के रिश्तेदार के आने की संभावना बन रही है। आज शाम का समय परिवार के साथ बीतेगा। परिवार में खुशी का माहौल बना रहेगा। वहीं जो लोग स्वीट्स का बिजनेस कर रहे हैं, उनको अच्छा मुनाफा होगा।

**मिथुन** — आज का दिन ठीक-ठाक रहेगा। आपको खुद पर ध्यान रखने की जरूरत है। आज आप कोई चीज भूल सकते हैं। ऑफिस जाते समय सामान और जरूरी पेपर को लेना न भूलें। गुस्से पर काबू रखें, वरना आपके काम बिगड़ सकते हैं। आज बॉस आपके द्वारा किए गए काम की लिस्ट को चेक कर सकते हैं।

**कर्क** — आज का दिन कुछ मिला-जुला रहने वाला है। आपका पूरा दिन भाग-दौड़ में बीतेगा। पेपर वर्क पूरा न होने से कोई जरूरी काम बनते-बनते रुक सकता है। पेपर वर्क पूरा होने पर कार्य पूरा भी हो जाएगा। आज कोई नया काम शुरू करने की सोच रहे हैं, तो बेहतर होगा कि बड़ों की सलाह लेकर ही शुरुआत करें।

**सिंह** — आज का दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। आज अपना कॉन्फिडेंस कम न होने दें, मन लगाकर काम करें। उचित मेहनत से आपके काम में आई रुकावट से भी पार पा लेंगे। जो लोग कहीं बाहर घूमने जा रहे हैं,उनका प्लान किसी कारण वश अंतिम समय में कैंसिल हो सकता है। कारोबार में पैसों का मामला कहीं उलझ सकता है।

**कन्या** — आज का दिन बहुत ही बढ़िया रहने वाला है। बिजनेस में कोई नया निवेश करने का विचार बना सकते हैं। आप अपनी रूटीन लाइफ में थोड़ा बदलाव कर सकते हैं। जहां जरूरत लगे, वहां समझौता करने के लिए तैयार रहेंगे, इससे आपको काफी फायदा भी होगा। आज किसी पुराने दोस्त से आपकी अचानक मुलाकात होगी।

**तुला** — आज का दिन ठीक रहने वाला है। काम को लेकर किसी तरह का डर मन में न रखें। आज ऑफिस में आपने कार्यों को लेकर सतर्क रहें। कुछ लोग आपके विरुद्ध प्लानिंग कर सकते हैं, आपको ऐसे लोगों से थोड़ा संभलकर रहना चाहिए। शारीरिक रूप से आपको थोड़ी थकावट महसूस होगी।

**वृश्चिक** — आज का दिन उत्साह से भरा रहेगा। परिवार के किसी खास व्यक्ति के बारे में आपको कुछ रोचक बात पता चल सकती है। आज आप ज्यादातर काम आसानी से निपटाने में सफल रहेंगे। आपका आत्मविश्वास भी बढ़ा हुआ रहेगा। आज अपने पुराने कामों का फॉलोअप ले सकते हैं।

**धनु** — आज का दिन खुशियां लेकर आया है। आज आपकी सोच और प्लानिंग स्पष्ट रहेगी। आपकी कल्पना शक्ति का विस्तार होगा। आज कार्यक्षेत्र में आपको कुछ अलग तरह के अनुभव हो सकते हैं। अधिकारियों से अपनी बात कहने के लिए, आज का दिन अच्छा है। पारिवारिक मामलों में कोई बड़ा फैसला ले सकते हैं।

**मकर** — आज का दिन आपके लिए बेहतर रहेगा। इस राशि के जो लोग लेखन के क्षेत्र में आगे जाना चाहते हैं उनके लिए आज अपनी प्रतिभा को निखारने का दिन है। आज किसी से बेवजह की बातें न करें, जितना हो सके विवाद से दूर रहें। अगर आप खुद की कोई फर्म खोलना चाहते हैं, तो आपको अपने बड़े भाई से सहयोग मिल सकता है।

**कुंभ** — आज खुशियां खुद चलकर आपके सामने आएंगी। आपको किसी नए बिजनेस में साझेदारी का प्रस्ताव मिल सकता है, इसका आपको आने वाले दिनों में काफी फायदा होगा। अगर आप कुछ दिनों से किसी बात को लेकर परेशान चल रहे थे, तो मित्रों के साथ साझा करने से आपको राहत मिलेगी।

**मीन** — आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहेगा। आज बिजनेस में नए एग्रीमेंट होने की संभावना है। कार्यक्षेत्र में आप जो काम करेंगे, उसमें आपको सफलता मिलेगी। कई दिनों से घर में चल रही समस्या आज सुलझ जाएगी। आप कोई पार्टटाइम वर्क की शुरूआत कर सकते हैं, धैर्य और संयम बनाकर रखें।

# वार्ड में निर्माण कार्य नहीं होने से नाखुश, कांग्रेस पार्षद ने सीएमओ से जतायी नाराजगी, इस्तीफे की पेशकश

**छुरिया (दावा)। नगर पंचायत छुरिया में कांग्रेस पार्षदों में निर्माण कार्य की अनदेखी को लेकर आपसी खटास देखने को मिल रहा है। हाल में ही नगर की सत्ता में काबिज पीआईसी मेंबर एवं कांग्रेस महिला पार्षद ने अपने वार्ड में स्वीकृत निर्माण कार्य में लेटलतीफी के चलते नगर पंचायत के कार्यकारी अध्यक्ष एवं पीसीसी मेंबर सहित नगर पंचायत सीमएओ के समक्ष नाराजगी जाहिर करते हुए इस्तीफे की भी पेशकश कर दी थी। जहां आपसी सहमति एवं शीघ्र ही उनके वार्ड में कार्य प्रारंभ होने का आश्वासन मिलने पर वे शांत हुई।**

## मामला नगर पंचायत छुरिया का




उल्लेखनीय है कि नगर पंचायत छुरिया का नाता हमेशा विवादों से घिरा रहा है चाहे निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार हो या पार्षदों में आपसी तालमेल का हाल में ही वार्ड नं. 2 की कांग्रेस पार्षद एवं पीसीसी मेंबर लक्ष्मी यादव जिनके वार्ड में कलामंच का जीर्णोधार एवं नाली निर्माण कार्य होना था जहां टाईल्स, रंग-रोगन, मरम्मत सहित नगर पंचायत से अधोसंरचना मद से लगभग एक लाख रूपये का निविदा जारी कर टेण्डर राजनांदगांव के एक ठेकेदार को मिला हुआ था। लेकिन ठेकेदार की लापरवाही से आज लगभग चार माह गुजर जाने के बाद भी स्वीकृत निर्माण कार्य को ठेकेदार ने प्रारंभ नहीं किया है। जिससे नाराज होकर कांग्रेस पार्षद लक्ष्मी यादव ने कांग्रेस के नगर पंचायत कार्यकारी अध्यक्ष सुनील लारोकर एवं पीआईसी मेंबर डॉ.राधेश्याम ठाकुर, सलमान खान, साजदा दबीज खान, मनोज यादव एवं नगर पंचायत सीमओ सचिन गुप्ता के समक्ष नगर पंचायत अध्यक्ष के चेंबर में अपने इस्तीफे की पेशकश कर दी थी। एकाएक कांग्रेस पार्षद के तेवर देख वहां उपस्थित सभी लोग नाराज कांग्रेस पार्षद को मनाने का भरपूर प्रयास किया, काफी देर बाद शीघ्र अपूर्ण निर्माण कार्य प्रारंभ होने की सहमति बनने पर किसी तरह कांग्रेस पार्षद शांत हुई तब जाकर अन्य कांग्रेसियों ने राहत की सांस ली।

> अधूरे अपूर्ण कार्य के संबंध में वार्ड पार्षद से चर्चा हुई है।
>
> - सचिन गुप्ता, सीएमओ- न.पं.छुरिया

# दिग्विजय महाविद्यालय एवं कॉन्फ्लुएन्स महाविद्यालय के मध्य एमओयू गतिविधि सम्पन्न

**राजनांदगांव (दावा)। दिग्विजय महाविद्यालय एवं कॉन्फ्लुएन्स महाविद्यालय के मध्य एम.ओ.यू. गतिविधि संपन्न हुई। फैकल्टी एक्सचेन्ज कार्यक्रम के तहत शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के प्राचार्य एवं प्राध्यापकगण कॉन्फ्लुएन्स महाविद्यालय विजिट किये।**



जहां दोनों महाविद्यालय में चल रही शैक्षणिक गतिविधियों एवं पाठ्येत्तर गतिविधियों सहित विभिन्न विषयों पर विचार विमर्श हुआ। इस अवसर पर दिग्विजय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. के.एल. टांडेकर ने कहा कि नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति अनुसार आने वाले समय में सभी महाविद्यालयों में बहुविषयक समावेशी शिक्षण पद्धति होना है जिसमें विद्यार्थियों के समग्र विकास हेतु मूलभूत पाठ्यक्रमों के साथ-साथ कौशल उन्नयन एवं रोजगारपरक पाठ्यक्रमों का भी समावेश किया जाना है। कॉन्फ्लुएन्स महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रचना पाण्डेय ने दिग्विजय महाविद्यालय के प्राचार्य एवं प्राध्यापकगणों का स्वागत करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां आयोजित होने से महाविद्यालयीन विकास हेतु नवाचार का आदान-प्रदान होता है।

इस अवसर पर दिग्विजय महाविद्यालय के प्राध्यापकों ने विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए वेस्ट फ्रॉम बेस्ट आर्ट की काफी सराहना की।

# लोक महोत्सव जयसिंगटोला के कार्यक्रम में शामिल हुई किरण रविन्द्र वैष्णव



छुरिया (दावा)। जनपद पंचायत छुरिया क्षेत्र के ग्राम जयसिंग टोला में लोक महोत्सव की संगारंग समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत छुरिया अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव शामिल हुई कार्यक्रम की अध्यक्षता किसून साहू सभापति जनपद पंचायत छुरिया ने की जनपद पंचायत छुरिया अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने उत्कृष्ट आयोजन के लिए आयोजन समिति को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। व लोक महोत्सव में आये हुए मंडलीयों का उत्साहवर्धन किया। आये हुए मंडलीयो के द्वारा झांकी के रूप में मनमोहक प्रस्तुति दी गई। साथ ही इस अवसर पर श्रीमती भेष बाई साहू उपाध्यक्ष जिला महिला मोर्चा, देवारु मालेकर सदस्य जनपद पंचायत छुरिया, श्रीमती हेमिन साहू सदस्य जनपद पंचायत छुरिया श्रीमती चंपा बाई चंद्रवंशी, सरपंच ग्राम पंचायत जयसिंग टोला, विष्णु साहू संस्थापक मोर चलाव सामाजिक संस्था सुधीर चंद्रवंशी उप सरपंच, हरिराम चंद्रवशी, मोहनीश साहू सहित समस्त ग्रामवासीगण उपस्थित रहे।

## वर्ष 2023-24 के विद्यार्थियों का संस्था एवं पाठ्यक्रम परिवर्तन की अंतिम तिथि 24 तक

बालोद। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का पंजीयन, स्वीकृति एवं भुगतान की कार्यवाही विभागीय पोर्टल पोस्ट मेट्रिक स्कॉरशीप सीजी डॉट एनआईसी डॉट इन के माध्यम से किया जा रहा है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया कि वर्ष 2023-24 में ऐसे विद्यार्थी जो संस्था परिवर्तन, पाठ्यक्रम परिवर्तन तथा संस्था एवं पाठ्यक्रम दोनों परिवर्तन करना चाहते हैं। ऐसे विद्यार्थियों के लिए भारत सरकार के नियमानुसार पात्रता रखने वाले विद्यार्थियों को पोर्टल पर सुविधा दी गई है। वे वर्तमान में अध्ययनरत संस्था से संपर्क कर विभाग द्वारा प्रदायित प्रपत्र में जानकारी भरकर जमा कर सकेंगे।

# निजी पंजीकृत वास्तुविद, इंजीनियर व पर्यविक्षक के विरुद्ध आयुक्त ने की बड़ी कार्यवाही

**० भवन निर्माण अनुज्ञा प्रकरणों में बकाया अदायगी शुल्क निगम कोष में जमा नहीं कराने पर 31 लोगों का आई.डी. बंद एवं लायसेंस हुआ रद्द**

राजनांदगांव (दावा)। शासन निर्देशानुसार 5 हजार वर्गफीट आवासीय भवनों में 1 रू. प्रक्रिया शुल्क में जारी डायरेक्ट भवन अनुज्ञा के प्रकरणों में निर्धारित प्रभार्य शुल्क तथा डायरेक्ट भवन अनुज्ञा के अतिरिक्त अन्य प्रकरणों में विकास शुल्क के रूप में जमा होने वाली अदायगी राशि निगम कोष में जमा नहीं करने के कारण निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने 31 निजी पंजीकृत वास्तुविद, इंजीनियर एवं पर्यवेक्षक के अनुज्ञप्ति को रद्द कर उनकी आई.डी. बंद करने तथा भवन अनुज्ञा आवेदन सदा के लिये प्रतिबंधित करने आदेश जारी किया है।

निगम आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि शासन द्वारा नागरिकों को भवन निर्माण में सुविधा प्रदान करने 1 रूपया प्रक्रिया शुल्क में डायरेक्ट भवन अनुज्ञा देने का प्रावधान किया है, प्रावधान अनुसार मकान निर्माण करने पंजीकृत वास्तुविद के माध्यम से लोग भवन अनुज्ञा लेने आवेदन कर रहे है। वास्तुविद इंजीनियर भवन अनुज्ञा आवेदन करने भूखण्ड स्वामी का अधिकृत आवेदक होता है, अधिकृत आवेदक होने के नाते यथा प्रक्रिया अनुसार प्रभार्य शुल्कों का भुगतान कराना था, लेकिन कतिपय वास्तुविद इंजीनियर व पर्यवेक्षक द्वारा लापरवाही बरता गया जिस पर उन्हें 5 जनवरी एवं 31 जनवरी को नोटिस जारी किया गया, नोटिस उपरांत भी 1 माह पश्चात उनके द्वारा राशि जमा नहीं करायी गयी, जो नियम विरूद्ध है। उन्होने बताया कि उनके द्वारा 5 हजार वर्गफीट आवासीय भवनों में 1 रूपये प्रक्रिया शुल्क पर जारी डायरेक्ट भवन निर्माण अनुज्ञा के प्रकरणों में आवेदक/भूखण्ड स्वामी द्वारा भवन निर्माण अनुज्ञा हेतु आवश्यक शुल्क भवन अनुज्ञा शुल्क, विकास शुल्क, रेन वॉटर हार्वेस्टिंग, श्रमिक उपकर व अन्य प्रभावी शुल्क राशि 94 लाख 57 हजार 5 सौ 23 रूपये तथा डायरेक्ट भवन अनुज्ञा के अतिरिक्त अन्य प्रकरणो में विकास शुल्क के रूप में जमा होने वाले बकाया अदायगी राशि 1 करोड़ 56 लाख 68 हजार 71 रूपये निगम कोष में जमा नहीं किया गया। जिससे निकाय को 2 करोड 51 लाख 25 हजार 5 सौ 94 रूपये की वित्तीय क्षति हुई। जिस पर कार्यवाही करते हुये उनका लायसेंस रद्द किया जा रहा है।

आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि भवन अनुज्ञा के प्रकरणों में नोटिस उपरांत 30 दिवस बीत जाने के बावजूद भी 31 वास्तुविद इंजीनियर व पर्यवेक्षक के द्वारा भवन अनुज्ञा शुल्क सहित अन्य आवश्यक शुल्क जमा करने में कोई रूचि नहीं ली गयी, न ही अपने स्तर पर किसी प्रकार की कार्यवाही से अवगत कराया और न ही किसी प्रकार का जवाब प्रस्तुत किया गया है। जो कि छ.ग. नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 366 व छ.ग. भूमि विकास नियम 1984 तथा भवन अनुज्ञा आवेदन के दौरान निष्पादित शपथ पत्र का स्पष्ट उल्लंघन किया गया है। उन्होंने बताया उनके इस कृत्य पर छ.ग. भूमि विकास नियम 1984 के नियम 26 के तहत प्रदत्त आर्किटेक्ट/इंजीनियर/पर्यवेक्षक के लायसेंस को रद्द कर उनका नाम भविष्य में काली सूची में दर्ज कर आई.डी. को बंद करते हुये नगर पालिक निगम में भवन अनुज्ञा आवेदन करने सदा के लिये प्रतिबंधित का आदेश जारी किया गया है।

# देश की प्रगति के लिए लैंगिक समानता ज़रूरी-डॉ. शशिकांत त्रिपाठी



बालोद (दावा)। शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालोद के विधि विभाग एवं आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित वन वीक फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम के चौथे दिन, मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. शशिकांत त्रिपाठी, एसोसिएट प्रोफेसर छत्रपति शाहू महाराज कानपुर विश्वविद्यालय एवं अटल बिहारी वाजपेई स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज थे।

उन्होंने 'लैंगिक संवेदीकरण' विषय पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने अपने सारगर्भित उद्बोधन में कहा कि, भारत में नारियों की पूजा की जाती है, हमारे धर्मशास्त्रों में भी इसका उल्लेख देखने को मिलता है। लेकिन व्यवहारिक रूप से देखा जाये तो समाज में ऐसा बिल्कुल नहीं है। हमारा प्रयास यही होना चाहिए कि, हम मानव समाज में बदलाव कैसे लाएं कि, समाज भी नारी और पुरुष को एक समान दृष्टि से देखने लगे। वही समाज संसार में प्रगति कर सकता है, जो लैंगिक समानता को प्राथमिकता देता है। किन्तु विडंबना है कि, आज भी लैंगिक भेदभाव जारी है इसलिए हम सभी को इस मुद्दे पर बात करने की आवश्यकता पड़ रही है, वरना अगर यह प्रचलन में नहीं होता तो इस विषय में बात करने की आवश्यकता ही नहीं पड़ती। आज महिलाएं हवाई जहाज उड़ा रही है, बड़े-बड़े जहाज चला रही है, लड़ाकू विमान उड़ा रही है, डॉक्टर है, टीचर है, नर्स है प्रत्येक क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इसलिए आज पुरानी दकियासुनी मान्यताओं को तोड़ते हुए महिलाओं को आगे बढ़ने का अवसर देने की ज़रूरत है, ताकि वह नई ऊंचाइयों में पहुंचकर अपना खुद का मुकाम बना सके। व्याख्यान के पूर्व कार्यक्रम के संयोजक एवं विधि विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. राघवेश पांडे ने उक्त कार्यक्रम को महत्वाकांक्षी बताते हुए कहा कि, निश्चित ही आज का विषय, समाज के दृष्टिकोण को बदलने में सहायक होंगी और देश के विकास और प्रगति को नया आयाम देगी।

लैंगिक असमानता आज की ज्वलंत समस्या है, और इसे सामाजिक जागरूकता से ही दूर किया जा सकता है। महाविद्यालय के अतिथि प्राध्यापक पूनम चंद गुप्ता ने व्याख्यान से पूर्व, आज के अतिथि और मुख्य वक्ता डॉ. शशिकांत त्रिपाठी का परिचय कराया। कार्यक्रम का सफल संचालन सुश्री पूजा ठाकुर ने किया और आभार प्रदर्शन सुब्रत मण्डल अतिथि प्राध्यापक ने किया। इस अवसर पर आयोजन समिति के सदस्य प्रो. सी.डी. मानिकपुरी, प्रो. स्वाति वैष्णव सहायक प्राध्यापक विधि, कार्यक्रम के सह संयोजक डॉ. जैनेंद्र कुमार पटेल सहायक प्राध्यापक विधि एवं कार्यक्रम संचालन समिति के सदस्य पूनम चंद गुप्ता ने सक्रिय रूप से अपनी भागीदारी सुनिश्चित की।

# दो दिवसीय खिलौना आधारित निर्माण हेतु प्रशिक्षण सह कार्यशाला संपन्न

## बच्चों को आनंदमय शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य को लेकर सामुदायिक भवन में हुआ



छुरिया (दावा)। विकासखण्ड स्तरीय खिलौना आधारित निर्माण हेतु प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन दिनांक 21 एवं 22 फरवरी को सामुदायिक भवन छुरिया में किया गया। इस प्रशिक्षण के मास्टर ट्रेनर्स शिक्षक, रविकांत वर्मा, अचल कुमार वैष्णव, नारायण गिरी गोस्वामी, किर्तन खरे, सतीश लहरे, सुंदर सिंह मंडावी थे। इस प्रशिक्षण के प्रारंभ दिवस का शुभारंभ मां सरस्वती के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। तत्पश्चात राजकीय गीत एवं राष्ट्रगान कर कार्यशाला को गति प्रदान करते हुए बीआरसी पी.डी. साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य बच्चों को आनंदमयी, रूचिकर शिक्षा प्रदान करना है।

जिस प्रकार एक बालक खिलौने को देखकर हर्षित एवं आनंद की अनुभूति करता है उसी प्रकार बच्चों की शिक्षा में भी खिलौना निर्माण कर शैक्षिक वातावरण को आनंददायी बनाया जा सकता है। इस कार्यशाला का उद्देश्य है कि हम बच्चों को तनावमुक्त शिक्षा प्रदान करें ताकि वह खेल-खेल में आनंद की अनुभूति कर शिक्षा से जुड़ सके। इसके बाद इस प्रशिक्षण सह कार्यशाला के सभी मास्टर ट्रेनर्स के द्वारा खिलौना आधारित निर्माण विषय वस्तु का सारगर्भित एवं रोचकतापूर्ण तरीके से प्रथम दिवस पर कागज के खिलौने जिसमें हवाई जहाज उड़ाना गतिविधि के माध्यम से परिचय जानना, पंचकोष पर चर्चा परिचर्चा करते हुए कार्यशाला को रोचकता प्रदान की। वहीं दूसरे दिन दक्षता का तात्पर्य कि सीखे गए बातों को अभिव्यक्त करना ही दक्षता है, पंचपदी अध्ययन पद्धति को विस्तार से बताया गया। साथ ही कार्यशाला के बीच-बीच में खिलौने निर्माण कर शिक्षकों द्वारा रोचक गतिविधि करते हुए प्रशिक्षण कार्यशाला को आनंदवर्धक बनाया गया।

इस दो दिवसीय कार्यशाला के दौरान कार्यशाला में उपस्थित शिक्षकों की ओर से वंदना गीत, प्रेरणा गीत, सहित प्रतिवेदन वाचन भी किया गया। प्रशिक्षण कार्यशाला में भोजन एवं चाय की व्यवस्था विभाग की ओर से किया गया था। जिसका संपूर्ण क्रियान्वयन में छुरिया 1, 2 के संकुल समन्वयक शिक्षक कमल देवांगन की सहभागिता रही। इस अवसर पर विकासखण्ड के प्रत्येक प्राथमिक शालाओं से एक-एक शिक्षकों, विकासखण्ड के सभी संकुल समन्वयकों की इस प्रशिक्षण सह कार्यशाला में सहभागिता रही। दूसरे दिवस समापन पर बीआरसी पी.डी. साहू ने प्रशिक्षण कार्यशाला में उपस्थित शिक्षकों से अपील करते हुए कहा की आप सभी खिलौने निर्माण कर नवाचारी गतिविधि का अपनी शालाओं में अधिक से अधिक उपयोग करते हुए बच्चों को आनंदमय एवं रूचिकर शिक्षा प्रदान करने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन अवश्य करें।

# कर्मचारियों के लिए कब गठित होगी कमेटी, कब पूरी होगी मोदी की गारंटी - हारुन मानिकपुरी



छुरिया (दावा)। छत्तीसगढ़ दैनिक वेतन भोगी वन कर्मचारी संघ दुर्ग के संभाग उपाध्यक्ष हारुन मानिकपुरी ने छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं प्रदेश सरकार से मांग करते हुए कहा है कि भाजपा छत्तीसगढ़ प्रदेश के चुनावी घोषणा पत्र में किए गए मोदी की गारंटी में भी दैनिक वेतन भोगी/अनियमित कर्मचारिओं को नियमितीकरण करने 100 दिन के अंदर कमेटी बनाने का घोषणा किया गया है। जिसमें दो माह का समय बीत चुका है और बहुत जल्दी लोकसभा चुनाव के लिए आचार संहिता भी लागू होगा।

ऐसे में नियमितीकरण करने कमेटी गठित करना मुश्किल होगा। छत्तीसगढ़ दैनिक वेतन भोगी वन कर्मचारी संघ दुर्ग के संभाग उपाध्यक्ष हारुन मानिकपुरी ने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार को नियमितीकरण करने के लिए कमेटी का गठन अविलंब करना चाहिए जिसमें सभी संगठनों के पदाधिकारियों को कमेटी में सदस्य के रूप में शामिल करने की बात कही गई है। संभाग उपाध्यक्ष हारुन मानिकपुरी ने कहा कि लोकसभा चुनाव के पहले नियमितीकरण करने कमेटी का गठन अविलंब करना चाहिए भले ही फैसला बाद में लिया जावे, इससे भाजपा के लिए दैनिक वेतन भोगियों में विश्वास बढ़ेगा और लोकसभा चुनाव भाजपा को पूर्ण बहुमत हासिल होगा उन्होंने याद दिलाते हुए कहा कि वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने भी छत्तीसगढ़ में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनने पर दैनिक वेतन भोगियों को दस दिन में नियमितीकरण करने का घोषणा पत्र जारी किया था किन्तु सरकार बनने पर वाले से मुकर गया। परिणाम स्वरूप विधानसभा चुनाव वर्ष 2023 में कांग्रेस पार्टी को सत्ता से हाथ धोना पड़ा।

# भाजपा प्रवेश का सिलसिला जारी, छुईखदान नगर पंचायत उपाध्यक्ष ने थामा भाजपा का दामन



खैरागढ़(दावा)। सत्ता सरकार बदलते ही भाजपा प्रवेश का सिलसिला जारी है। जिला केसीजी के छुईखदान नगर पंचायत में पार्षदों सहित नगर पंचायत उपाध्यक्ष ने भाजपा का दामन थाम लिया है, नगर पंचायत उपाध्यक्ष पहले 2019 के चुनाव में भाजपा से चुनाव लड़कर पार्षद बने थे। उस समय प्रदेश में कांग्रेस की सरकार काबिज थी और छुईखदान नगर पंचायत में भाजपा के अध्यक्ष उपाध्यक्ष काबिज थे। लेकिन अचानक भाजपा के कुछ पार्षदों ने साल भर बाद कांग्रेस का दामन थाम लिया, जिससे छुईखदान नगर पंचायत में कांग्रेस के अध्यक्ष काबिज हुए और उपाध्यक्ष उमाकांत महोबिया ने भाजपा से कांग्रेस प्रवेश कर अपनी उपाध्यक्ष कि कुर्सी बचा ली थी और अब भाजपा सरकार बनते ही फिर पल्टी मार गये उमाकांत महोबिया।

जिला भाजपा कार्यालय के सीजी में छुईखदान नगर पंचायत के उपाध्यक्ष एवं 3 बार के पार्षद उमाकांत महोबिया ने थामा भाजपा का दामन। उक्त अवसर में जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू, जिला संयोजक टी के चंदेल, गिरिराज किशोर दास, ज्ञान दास बंजारे, आलोक श्रीवास, जिला भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष आयश सिंह, ऋषभ सिंह, राघवेन्द्र वैष्णव सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# शराब के अवैध विक्रय को लेकर ग्रामीण पहुंचे थाने

## लगातार कार्यवाही के बावजूद थम नहीं रहा शराब का अवैध विक्रय



डोंगरगांव (दावा)। थाना क्षेत्र के ग्राम अरसीटोला में शराब के खुलेआम अवैध विक्रय और ग्राम का माहौल खराब होने की शिकायत लेकर बड़ी संख्या में ग्रामीण गुरूवार 22 फरवरी को डोंगरगांव थाने पहुंचे और नामजद आवेदन के देकर शीघ्र कार्यवाही करने की मांग है, बता दें कि डोंगरगांव थाना क्षेत्र में मदिरा के अवैध विक्रय में लगाम लगाने के लिए स्थानीय पुलिस लगातार कार्यवाही कर रही है किन्तु इसके बावजूद गांव-गांव में शराब का अवैध विक्रय रूक नहीं रहा है।

इस मामले में ग्रामीणों ने बताया कि एक व्यक्ति गांव में लगातार शराब का अवैध विक्रय करता है और वह पुलिस की पहुंच से दूर है। उन्होंने अपने स्तर पर इस व्यक्ति पर लगाम लगाने का प्रयास किया है किन्तु इसे ग्रामीणों के किसी बात से फर्क नहीं पड़ रहा है, ऐसे थक-हारकर इस ग्राम के सभी ग्रामीण एक दिन का त्यौहार मनाकर डोंगरगांव थाना पहुंचे, जहाँ लिखित आवेदन में अपनी पीड़ा बतायी, हॉलाकि इस मामले में टीआई उपेन्द्र शाह ने चर्चा के दौरान बताया कि इस ग्राम से शराब के अवैध विक्रय को लेकर कभी कोई शिकायत या दूरभाष से कोई जानकारी उन्हें नहीं मिली है और आज शिकायत मिलते ही त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस की टीम ग्राम में भेजा गया है।

# पहला कॉलम...

## चार दिवसीय यात्रा पर जापान और दक्षिण कोरिया जा रहे विदेश मंत्री जयशंकर

नई दिल्ली। भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर 4 दिनों की यात्रा पर जापान और दक्षिण कोरिया की यात्रा करने वाले हैं। इस दौरान वह कई अहम कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। विदेश मंत्री भारत-जापान और भारत-दक्षिण कोरिया के बीच द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने जा रहे हैं। उनकी यह यात्रा 4 मार्च से शुरू होगी। इस दौरान हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चुनौतियों समेत अहम द्विपक्षीय, क्षेत्रीय तथा वैश्विक मुद्दों पर अपने वार्ताकारों के साथ बातचीत करेंगे। विदेश मंत्रालय ने कहा कि जयशंकर की भारत के दो प्रमुख साझेदारों कोरिया गणराज्य व जापान की यात्रा द्विपक्षीय आदान-प्रदान को और गति प्रदान करेगी तथा भविष्य के सहयोग के लिए एजेंडा तय करेगी। जयशंकर दो दिवसीय यात्रा पर पहले सियोल जाएंगे जहां वह कोरिया के अपने समकक्ष चो ताइ-युल के साथ 10वीं भारत-दक्षिण कोरिया संयुक्त आयोग बैठक (जेसीएम) की सह-अध्यक्षता करेंगे। विदेश मंत्रालय ने यात्रा की घोषणा करते हुए बताया कि जयशंकर के कोरिया में गणमान्य व्यक्तियों, विचार समूहों (थिंक टैंक) के प्रमुखों और भारतीय समुदाय से मुलाकात करने की उम्मीद है।

## सेंसेक्स 300 अंक से ज्यादा लुढ़का

नई दिल्ली । बीएसई का सेंसेक्स सुबह के कारोबार में 300 अंक से अधिक लुढ़क गया। सेंसेक्स दोपहर से पहले 386.15 अंक टूटकर 72,236.94 अंक पर कारोबार कर रहा था। भारती एयरटेल और टाइटन के शेयर सेंसेक्स में सबसे ज्यादा दो फीसदी टूट गए। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के रिटेल रिसर्च प्रमुख दीपक जसानी ने वैश्विक ब्रोकरेज जेफरीज के हवाले से कहा कि लगातार सकारात्मक जीडीपी विकास दर, सहायक भू-राजनीति, बढ़ती बाजार पूंजी, निरंतर सुधार और मजबूत कॉर्पोरेट संस्कृति की बदौलत भारत 2027 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अंतरिक्ष क्षेत्र के लिए प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) नीति में बदलाव को मंजूरी दे दी, जिससे कुछ गतिविधियों के लिए स्वचालित मार्ग के तहत 100 प्रतिशत तक विदेशी निवेश की अनुमति मिल जाएगी। इनमें उपग्रहों के लिए घटकों और प्रणालियों और उप-प्रणालियों का निर्माण शामिल है। उन्होंने कहा कि एनवीडिया कॉर्प द्वारा उम्मीद से बेहतर राजस्व पूर्वानुमान जारी करने के बाद वैश्विक इक्विटी में नई गति का संकेत देते हुए गुरुवार को एशियाई शेयर बाजारों में तेजी आई।

## बायजू के फाउंडर बायजू रवींद्रन को ईडी ने लुकआउट सर्कुलर जारी किया

नई दिल्ली। एडटेक कंपनी बायजू के फाउंडर बायजू रवींद्रन की मुश्किलें बढ़ गई है। दरअसल, प्रवर्तन निदेशालय (श्वष्ठ) ने बायजू के संस्थापक बायजू रवींद्रन के खिलाफ आव्रजन ब्यूरो से लुक-आउट-सर्कुलर (एलओसी) जारी करने को कहा है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वह जांच अधिकारी को सूचित किए बिना देश नहीं छोड़ें। पिछले साल नवंबर में, एजेंसी ने 9,362.35 रुपये के विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के कथित उल्लंघन के खिलाफ दायर एक शिकायत के आधार पर बायजू की मूल कंपनी थिंक एंड लर्न प्राइवेट लिमिटेड और रवींद्रन को कारण बताओ नोटिस जारी किया था। एक सरकारी सूत्र ने कहा कि उन्होंने आव्रजन विभाग को बायजू के फाउंडर के खिलाफ एलओसी जारी करने का अनुरोध किया है। केंद्रीय एजेंसी ने कहा कि उसने थिंक एंड लर्न प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्राप्त विदेशी निवेश और फर्म के व्यावसायिक आचरण के संबंध में विभिन्न शिकायतों के आधार पर जांच कर रही है।

## पीएम मोदी 6 मार्च को जाएंगे पश्चिम बंगाल

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले महीने की छह तारीख (6 मार्च) को पश्चिम बंगाल जाएंगे. वे संदेशखाली के पास एक महिला सम्मेलन को संबोधित करेंगे. पश्चिम बंगाल के नॉर्थ 24 परगना जिले में स्थित संदेशखाली इन दिनों काफी चर्चा में है. यहां की महिलाओं की ओर से यौन उत्पीड़न और हिंसा के आरोप लगाए गए थे. बीजेपी ने भी संदेशखाली को लेकर ममता सरकार को घेरा था. वैसे सूत्रों के मुताबिक- पीएम मोदी का आगामी प. बंगाल दौरा लोकसभा चुनाव के तहत पार्टी की तैयारियां को मूर्त रूप देने के लिए भी है. जल्द ही लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान हो सकता है.

बता दें कि पीएम मोदी के पश्चिम बंगाल दौरे से ठीक पहले संदेशखाली हिंसा को लेकर भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने ममता बनर्जी सरकार पर हमला बोला था. संदेशखाली पर एक निजी न्यूज चैनल के रिपोर्ट को ट्वीट करते हुए BJP ने लिखा था कि ये वो सच्चाई है, जो आपको हिला कर देगी. ये वो सच्चाई है, जिसे जानकर आपको दर्द होगा.

# रांची टेस्ट के लिए इंग्लैंड ने किया प्लेइंग XI का ऐलान, सीरीज में पहली बार धाकड़ तेज गेंदबाज की हुई एंट्री

नई दिल्ली. भारत और इंग्लैंड के बीच चौथा टेस्ट मैच शुक्रवार से रांची में खेला जाएगा. 23 फरवरी से खेले जाने वाले इस टेस्ट मैच से एक दिन पहले इंग्लैंड ने अपनी प्लेइंग इलेवन का ऐलान कर दिया है. स्पिनर रेहान अहमद और तेज गेंदबाज मार्क वुड को प्लेइंग इलेवन से बाहर कर दिया गया है जबकि पेसर ओली रॉबिन्सन और शोएब बसीर को रांची टेस्ट के लिए प्लेइंग इलेवन में मौका मिला है.




रॉबिन्सन पहली बार मौजूदा सीरीज में बॉलिंग करते हुए दिखाई देंगे. 5 मैचों की टेस्ट सीरीज में मेहमान इंग्लैंड की टीम 1-2 से पीछे है. रांची टेस्ट बेन स्टोक्स एंड कंपनी के लिए करो या मरो जैसा है. इस मुकाबले को जीतकर वह सीरीज में बराबरी कर लेगी जबकि हारने पर वह सीरीज गंवा बैठेगी.

तेज गेंदबाज मार्क वुड और रेहान अहमदको क्यों प्लेइंग इलेवन से बाहर किया गया, इसके बारे में इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड की ओर से कोई कारण नहीं बताया गया है. ओली रॉबिन्सन की लगभग 7 महीने बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी हो रही है. उन्होंने अपना आखिरी टेस्ट मैच जुलाई 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लीड्स में खेला था. 19 टेस्ट मैचों में रॉबिन्सन 76 विकेट ले चुके हैं. टेस्ट की एक पारी में उनकी बेस्ट गेंदबाजी 49 रन देकर 5 विकेट है. वह 4 बार चार विकेट और 3 बार पांच विकेट हॉल अपने नाम कर चुके हैं.

दूसरी ओर, 20 साल के स्पिनर शोएब बशीर ने मौजूदा टेस्ट सीरीज में भारत के खिलाफ विशाखापत्तनम टेस्ट के जरिए अपने टेस्ट करियर की शुरुआत की है. उन्होंने विशाखापत्तनम टेस्ट की पहली पारी में 3 विकेट लिए थे जबकि दूसरी पारी में उन्होंने एक विकेट अपने नाम किया. इस टेस्ट को भारत ने 106 रन से अपने नाम किया था. बशीर के नाम 7 फर्स्ट क्लास मैचों में 14 विकेट दर्ज हैं.

भारत के खिलाफ चौथे टेस्ट के लिए इंग्लैंड की प्लेइंग इलेवन- जैक क्राउली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, जॉनी बेयरस्टो, बेन स्टोक्स (कप्तान), बेन फोक्स, टॉम हार्टली, ओली रॉबिन्सन, जेम्स एंडरसन, शोएब बशीर.

# पूर्व फुटबॉलर डैनी एलव्स को यौन शोषण मामले में दोषी करार

नई दिल्ली। बार्सिलोना के पूर्व फुटबॉलर और दिग्गज लियोनल मेसी के साथी रहे डैनी एलव्स को गुरुवार को यौन शोषण के मामले में दोषी करार दिया गया। कैटलोनिया के टॉप कोर्ट ने ब्राजील के इस पूर्व फुटबॉलर को जेल की सजा सुनाई और साथ ही भारी भरकम जुर्माना देने को भी कहा।




डैनी एल्वस पर साल 2022 में बार्सिलोना के एक नाइट क्लब में महिला के साथ यौन शोषण करने का आरोप लगा था। वह इस मामले में दोषी पाए गए हैं। कोर्ट ने उन्हें एक करोड़ 35 लाख का जुर्माना भरने को कहा है जो की पीड़िता को दिया जाएगा। इसके साथ ही इस स्टार फुटबॉलर को साढ़े चार साल जेल में बिताने होंगे। कोर्ट ने अपने बयान में कहा, 'यह साबित हो चुका है कि पीडिता की मर्जी के बगैर उनके साथ संबंध बनाए गए। इसके सबूत भी मौजूद हैं।' एलव्स के पास अब भी सजा के खिलाफ अपील करने का विकल्प है। 40 साल के एलव्स मामले की शुरुआत से यही कह रहे हैं कि वह बेकसूर है।

## आईपीएल 2024 से मो. शमी हुए बाहर, इस वजह से नहीं खेलेंगे टूर्नामेंट

नई दिल्ली। आईपीएल 2024 का आगाज 22 मार्च से होने जा रहा है, जिसके शेड्यूल का एलान आज यानी 22 फरवरी को शाम 5 बजे होगा।



आईपीएल 2024 के शेड्यूल के एलान से पहले गुजरात टाइटंस को बड़ा झटका लगा है। गुजरात टाइटंस के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी आईपीएल 2024 से बाहर हो गए हैं। बाएं टखने की चोट के चलते मोहम्मद शमी को आईपीएल 2024 से बाहर होना पड़ा है।

दरअसल, गुजरात टाइटंस के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी अगले महीने होने वाले आईपीएल 2024 से बाहर हो गए हैं। बाएं हाथ के टखने की चोट की वजह से मोहम्मद शमी आईपीएल 2024 से बाहर हो गए हैं। न्यूज एजेंसी पीटीआई ने बातचीत करते हुए बीसीसीआई के एक सूत्र ने इसकी जानकारी दी। हालांकि, गुजरात टाइटंस ने फिलहाल कोई आधिकारिक एलान नहीं किया है। 33 साल के तेज गेंदबाज इंग्लैंड के खिलाफ जारी पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम का हिस्सा नहीं है।

## स्कूल में मोबाइल के इस्तेमाल पर लगेगा बैन

नई दिल्ली। यूके सरकार ने इंग्लैंड के सभी स्कूलों को स्कूल के घंटों के दौरान मोबाइल फोन के इस्तेमाल पर बैन लागू करने की सलाह देते हुए कड़े नए दिशानिर्देश जारी किए हैं। शिक्षा सचिव गिलियन कीगन ने कहा कि इन नियमों का उद्देश्य छात्रों के अत्यधिक फोन इस्तेमाल को कम करना है। यूनाइटेड किंगडम के अलावा कई अन्य यूरोपीय देश जैसे फ्रांस, इटली और पुर्तगाल में भी स्कूलों में मोबाइल फोन को बैन कर दिया है। नए दिशानिर्देश के मुताबिक, स्कूल के प्रिंसिपल इन कानून के जरिए पूरी तरह से बैन लगाए बिना स्कूलों के अंदर मोबाइल फोन के उपयोग को सीमित करने की आजादी देते हैं।

## भारत 2027 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा, 2030 तक शेयर बाजार यहां पहुंच जाएगा

नई दिल्ली। भारतीय अर्थव्यवस्था के नाम एक और बड़ी उपलब्धि जुड़ने वाली है। 2027 तक भारत, जापान और जर्मनी को पीछे छोड़ दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगी। ग्लोबल ब्रोकरेज फर्म जेफ़रीज़ ने अपनी एक रिपोर्ट में ये बात कही है। ब्रोकरेज फर्म ने यह भी कहा है? कि भारतीय स्टॉक मार्केट काफी तेजी से बड़ा हो रहा है। पिछले 20 साल में स्टॉक मार्केट 10-12 प्रतिशत यूएसडी सीएजीआर से बढ़ रहा है। अब यह 5वां सबसे बड़ा इक्विटी बाजार है। इस रफ्तार से बढ़ने के चलते भारतीय शेयर बाजार का मार्केट कैप 2030 तक 10 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचने की संभावना है। ब्रोकरेज फर्म के मुता?बिक, पिछले 10 वर्षों में, भारत की जीडीपी अमेरिकी डॉलर में 7 प्रतिशत सीएजीआर से बढ़कर 3.6 ट्रिलियन डॉलर हो गई है। इस तरह यह 8वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है।

विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) के अध्यक्ष बोर्गे ब्रेंडे ने गुरुवार को कहा कि भारत आने वाले वर्षों में 10000 अरब अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था और तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। ब्रेंडे ने कहा कि विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) समय आने पर भारत सरकार के सहयोग से डब्ल्यूईएफ इंडिया शिखर सम्मेलन के साथ देश में वापस आने की उम्मीद करता है। उन्होंने कहा, दुनिया की सभी बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में भारतीय अर्थव्यवस्था सबसे तेजी से बढ़ती है। हमने इस साल दावोस में देखा कि भारत को लेकर काफी दिलचस्पी है और मुझे लगता है कि यह जारी रहेगा।

ब्रेंडे ने कहा, भारत अच्छी स्थिति में है और समय के साथ अमेरिका और चीन के बाद भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। भू-राजनीतिक संघर्षों से निपटने में भारत की भूमिका पर उन्होंने कहा कि हम आने वाले वर्षों में वैश्विक राजनयिक परिदृश्य पर भारत की बड़ी छाप देखेंगे।

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बृहस्पतिवार को विश्वास जताया कि भारत अगले 10 वर्षों में लगातार छह से आठ प्रतिशत की वृद्धि दर से बढ़ना जारी रखेगा। उन्होंने कहा कि घरेलू तथा वैश्विक बाजारों का लाभ उठाने के लिए वैश्विक कंपनियों को देश में आमंत्रित किया जा रहा है।

# सबसे तेज इंटरनेट वाले टॉप 20 देशों में शामिल हुआ भारत

नई दिल्ली। बीते कुछ सालों में इंटरनेट दुनिया के हर कोने के पहुंच गया है। जहां लोग 1त्नक्क में पूरा महीना इंटरनेट चलाते थे, वहीं अब दिन के 2जीबी भी कम पड़ जाते हैं। इसके साथ ही गेमिंग और वीडियो डाउनलोड को लेकर भी काफी बदलाव देखने के लिए मिलेंगे। आपको बता दें कि भारत ने भी बीते कुछ सालों में इंटरनेट जगत में एक नय मुकाम हासिल कर लिया है।



हाल ही आई एक रिपोर्ट में पता चला है कि भारत ने सबसे तेज इंटरनेट वाले देशों की लिस्ट में अपनी जगह को और बेहतर बना लिया है। ह्लश्वद्मद्यद्ग की नई रिपोर्ट में पता चला है कि 99.03एमबीपीएस डाउनलोड स्पीड के साथ सबसे तेज इंटरनेट वाले देशों की लिस्ट में 18 पॉजिशन पर आ गया है। आइये इसके बारे में जानते हैं। आपको बता दें कि दुनिया भर के देशों में इंटरनेट स्पीड की जानकारी और डिटेल देने वाली फर्म ह्लश्वद्मद्यद्ग ने एक नई रिपोर्ट शेयर की है, जिसमें भारत के डाउनलोड स्पीड में बेहतरीन छलांग देखी गई है।

फर्म की स्पीडटेस्ट ग्लोबल इंडेक्स रिपोर्ट में बताया गया कि दुनिया भर में सबसे बहतरीन इंटरनेट स्पीड देने वाले देशों के लिस्ट में भारत ने भी अपनी जगह बनाई है।

इस रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत को डाउनलोड स्पीड में 18वां स्थान मिला है। ये रिपोर्ट जनवरी 2024 की स्थिति बताती है।

आपको बता दें कि पिछले साल दिसंबर 2023 में भारत 21वें नंबर पर था, यानी कि इस लिस्ट में देश ने लंबी छलांग लगाई है।भारत के लिए 2023 एक खास साल रहा क्योंकि पूरे देश में 5त्न नेटवर्किंग ने अपनी जाल फैलाना शुरू किया है। रिपोर्ट की मानें तो इसका प्रभाव भी भारत की स्पीड पर पड़ा है। 5त्न लॉन्च से पहले( सितंबर 2022 ) भारत स्पीडटेस्ट ग्लोबल इंडेक्स में 188वें रैंक पर था। इस समय में इंटरनेंट स्पीड 13.87रूड्ढश्चह्य की औसत डाउनलोड स्पीड थी। एक महीने के भीतप ये रैंक बढ़कर सीधे 43वें नंबर पर पहुंच गया।

## तालिबान क्रूरता, 2 लोगों को हजारों व्यक्तियों के सामने दी खौफनाक मौत

गजनी। तालिबानियों ने भरे चौराहे पर 2 लोगों को इतनी खौफनाक मौत दी है, जिसे सुनकर आपके होश उड़ जाएंगे। आम जनता के सामने ही तालिबान ने दोनों लोगों को गोलियों से भून दिया। यह देखकर हर किसी के अंदर दहशत पैदा हो गई। तालिबान ने दक्षिणपूर्वी अफगानिस्तान के एक स्टेडियम में इस खौफनाक मौत की घटना को अंजाम दिया। बृहस्पतिवार को दो लोगों को सार्वजनिक रूप से मौत की सजा के इस तरीके से अफगानिस्तान में हड़कंप मच गया। गजनी शहर के अली लाला इलाके में समाचार एजेंसी एसोसिएटेड प्रेस के एक संवाददाता समेत हजारों लोगों की मौजूदगी में दोनों लोगों को गोली मार कर मौत की सजा दी गयी।

## कश्मीर के गुलमर्ग में हिमस्खलन, कई सैलानी फंसे; एक पर्यटक की मौत

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग में भयंकर हिमस्खलन हुआ है। इस हिमस्खलन में तीन विदेशी लोगों के फंसे होने की आशंका है। जानकारी के अनुसार, इस आपदा में एक व्यक्ति की मौत हो गई है, जबकि एक घायल हो गया है।



हादसा गुरुवार को गुलमर्ग के अफरवाट पीक के खिलान मार्ग पर हुआ। इस हादसे की चपेट में आने से एक पर्यटक की मौत हो गई और तीन अन्य को बचा लिया गया, जबकि एक लापता है। सूत्रों के अनुसार, यह हादसा आज दोपहर करीब दो बजे हुआ। इसमें कम से कम पांच विदेशी पर्यटक फंस गए। इसके तुरंत बाद, साइट पर बड़े पैमाने पर बचाव अभियान शुरू किया गया, जिसके परिणामस्वरूप अब तक एक पर्यटक की मौत हो गई और तीन अन्य को बचा लिया गया। बर्फ के नीचे फंसे कम से कम एक स्कीयर की तलाश के लिए बचाव अभियान जारी है। ऐसा माना जा रहा है कि सभी पर्यटक विदेशी थे।

बता दें कि इन दिनों श्रीनगर में जबरदस्त बर्फबारी का दौर जारी है, इसके चलते हिसम्खलन की घटनाएं बढ़ गई हैं। पिछले दिनों जम्मू-कश्मीर के सोनमर्ग इलाके में हिमस्खलन ने सिंध नदी अवरुद्ध कर दी, इसके चलते जलाशय का रास्ता बदल गया है और पानी सड़कों पर आने लगा। इससे लोगों को खासी दिक्कतों का भी सामना करना पड़ा।

## शेष प्रथम पृष्ठ का

**किसान आंदोलन : देश भर में....**

हरियाणा की बीकेयू (चढूनी ग्रुप) के प्रदेश प्रवक्ता राकेश बैंस ने कहा कि उनकी यूनियन शुक्रवार को मीटिंग करेगी, जिसमें फैसला लिया जाएगा कि आंदोलन में कैसे मदद करनी है. उन्होंने कहा कि सब किसान संगठनों को एक जुट होकर चलना होगा, तभी हम जीत हासिल कर सकते हैं। पंजाब के वित्तमंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि केंद्र के खिलाफ मोर्चे में कई किसान घायल हो रहे हैं, पंजाब सरकार के जो विधायक या मंत्री डॉक्टर हैं, वे किसान मोर्चों पर कैंप लगाएंगे. कैंप में चमकौर साहिब से डॉ. चरणजीत सिंह, मंत्री डॉ. बलबीर सिंह और मंत्री डॉ. बलजीत कौर सभी वहां कैंप लगाएंगे।

**सरकारी अस्पतालों में अब होगा रोबोट ...**

कुरुद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के 50 बिस्तर से 100 बिस्तर अस्पताल में उन्नयन का प्रावधान आगामी वर्ष के बजट में रखा गया है। यह घोषणाएं भी हुई- रिमोट एरिया में ड्रोन तकनीक का विस्तार किया जाएगा, रायपुर-बिलासपुर राष्ट्रीय राजमार्ग में स्थान चिन्हांकित कर ट्रामा सेंटर की स्थापना, जिला अस्पताल गरियाबंद, कवर्धा, मुंगेली, रायगढ़, बैकुंठपुर और नारायणपुर का आदर्श जिला अस्पताल के रूप में उन्नयन, शहीद वीरनारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना के तहत गरीबों को पांच लाख रुपये तक का निःशुल्क इलाज, 57 नए मोबाइल मेडिकल यूनिट, मनेन्द्रगढ़ एवं कुनकुरी में 220 बिस्तर अस्पताल खोलने के साथ ही इनके भवन निर्माण का भी प्रविधान। रायपुर, बिलासपुर, सरगुजा एवं जगदलपुर एयरपोर्ट में चिकित्सा केंद्र। नशामुक्ति के लिए शहरी स्वास्थ्य केंद्रों में फिजियोथेरेपी, मनोरोग विशेषज्ञ, फिजियोथेरेपिस्ट, योग शिक्षा। अंबिकापुर में एम्स की तर्ज पर सिम्स की स्थापना की घोषणा हुई है।

इन पदों पर होगी भर्ती- दूर-दराज के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में पैथोलाजी लैब के लिए 393 लैब टेक्निशियनों की भर्ती नए जिले सक्ती, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर एवं सारगंढ-बिलाईगढ़ में 165 नए पदों पर भर्ती।

**छत्तीसगढ़ में जल्द होगी 33 हजार...**

उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में लगभग तीन साल से टीईटी परीक्षा का आयोजन नहीं हुआ है, जिसके कारण शिक्षक बनने का सपना देखने वाले युवाओं में काफी निराशा है, जिसके चलते युवा अभ्यर्थी उन्हें राज्य में टीईटी परीक्षा आयोजित करने के लिए ज्ञापन सौंपा था।

**जांजगीर में अमित शाह की विजय ...**

चुनाव नहीं जीत पाए। इस बार लोकसभा की सभी 11 सीटें जीताकर देना है। इसके पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने और आभार प्रदर्शन विधायक राजेश मूणत ने किया। इस अवसर पर दोनों उपमुख्यमंत्री अरुण साव, विजय शर्मा, वित्तमंत्री ओपी चौधरी, सांसद गुहाराम अजगले, भाजपा के पूर्व विधायक, सांसद और पदाधिकारी व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

**छत्तीसगढ़ को मिली एक और....**

बायोगैस से बिजली उत्पादन और ग्रिड में समायोजन जैसे कई सफल अनुसंधान एवं विकास कार्य किया है। प्राधिकरण को अपने सफल प्रयोगों से राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर मिली उपलब्धियों देखते हुए 'इंडिया ग्रीन एनर्जी अवार्ड, 2024' पुरस्कार दिया गया है।

**हार का बदला लेने के लिए ...**

और भाजपा को हरायेंगे। उन्होंने कहा, जब से चंडीगढ़ के मेयर चुनाव पर सुप्रीम कोर्ट का फ़ैसला आया तब से हमें हर जगह से यह खबर आने लगी कि, अब ईडी केजरीवाल को समन करने वाली है, उन्हें गिरफ़्तार करने वाली है। आज भी अरविंद केजरीवाल को आया समन सिर्फ़ और सिर्फ़ चंडीगढ़ के मेयर चुनाव के बदले का प्रयास है।

**यूएन सुधार पर जयशंकर ने...**

स्थितियों का समाधान निकालने में यूएन असफल- उन्होंने पांच वर्षों का उदाहरण देते हुए समझाया कि कैसे प्रमुख चुनौतीपूर्ण स्थितियों का समाधान निकालने में संयुक्त राष्ट्र असफल रहा है। यह बताता है कि यहां सुधार की कितनी जरूरत है। कई मामलों में यह देखा गया है कि नियम कैसे बनाये गये हैं। आज दुनिया के सामने जो चुनौतियां हैं उनमें से कई इसलिए उत्पन्न हुई हैं कि कई देशों ने अंतरराष्ट्रीय सिस्टम को अपने फायदे के लिए बनाया है।

भारत ने वैश्विक बहुराष्ट्रीय संस्थानों का सम्मान किया- भारत के संदर्भ में जयशंकर ने कहा कि हमने हमेशा से वैश्विक बहुराष्ट्रीय संस्थानों का सम्मान किया है व उन पर भरोसा किया है। आजादी के तुरंत बाद कश्मीर में आक्रमण का मुद्दा संयुक्त राष्ट्र ले कर भारत गया था लेकिन वहां इसे दूसरा रंग दे दिया गया और भूराजनीतिक तौर पर इस्तेमाल किया गया।

**22 मार्च से होगा आईपीएल ...**

टूर्नामेंट का पहला दिन एमएस धोनी के मैदान में दोबारा लौटने के तौर पर देखा जाएगा। पिछले सत्र अहमदाबाद में बारिश से प्रभावित फाइनल में गुजरात को हराकर खिताब जीतने के बाद धोनी को घुटने की सर्जरी से गुजरना पड़ा था और तब से वह कोई पेशेवर क्रिकेट नहीं खेले हैं।

टूर्नामेंट में हार्दिक पंड्या की भी मुंबई इंडियंस में वापसी दिखेगी। दो सत्र गुजरात की कप्तानी करने के बाद अब वह मुंबई की कप्तानी करते दिखेंगे। ऋषभ पंत भी दिसंबर 2022 में कार दुर्घटना के बाद पहली बार पेशेवर क्रिकेट में वापसी करेंगे।

***शरदचंद्र पवार को मिला नया चुनाव ...***

जुलाई, 2023 में शरद पवार के भतीजे अजित पवार ने आठ अन्य विधायकों के साथ एकनाथ शिंदे नीत सरकार में शामिल हो गए थे। वहीं, लंबे समय से जारी बयान बाजी और उठापठक के बीच चुनाव आयोग ने डिप्टी सीएम अजीत पवार के नेतृत्व वाले गुट को पार्टी का नाम और 'घड़ी' चिह्न दे दिया था।

# शाहरुख खान ने मेग लैनिंग के साथ सिग्नेचर पोज दिया-हरमनप्रीत को गले भी लगाया, ओपनिंग सेरेमनी से पहले रिहर्सल किया

बेंगलुरू। बॉलीवुड के बादशाह के नाम से मशहूर शाहरुख खान और ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम की कप्तान मेग लैनिंग गुरुवार को मैदान पर शाहरुख का सिग्नेचर स्टेप करते नजर आए। दोनों स्टार विमेंस प्रीमियर लीग की ओपनिंग सेरेमनी के रिहर्सल पर मिले थे। WPL ने गुरुवार को सोशल मीडियो में एक वीडियो पोस्ट किया। इस वीडियो में शाहरुख लैनिंग को अपना सिग्नेचर स्टेप सिखाते नजर आए। वे भारतीय लीग में हिस्सा ले रही भारतीय खिलाड़ियों से मुलाकात की। इस दौरान पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली और मेग लैनिंग साथ दिखे।



### ओपनिंग सेरेमनी में सिद्धार्थ, कार्तिक और शाहरुख की परफॉर्मेंस

लीग की सेरेमनी सेरेमनी में बॉलीवुड एक्टर सिद्धार्थ मल्होत्रा, कार्तिक आर्यन और शाहरुख खान परफॉर्म कर सकते हैं। इनके अलावा, एक्ट्रेस कियारा आडवाणी, कृति सेनन और हिप-हॉप सिंगर एपी ढिल्लों भी मंच पर नजर आएंगे।

### टॉप पर रहने वाली टीम सीधे फाइनल खेलेगी

दूसरे सीजन में भी 5 टीमें हिस्सा ले रही हैं। सभी टीमें एक-दूसरे के खिलाफ 2-2 लीग मैच खेलेंगी। लीग स्टेज खत्म होने के बाद पॉइंट्स टेबल में पहले नंबर पर रहने वाली टीम फाइनल में पहुंचेगी। वहीं दूसरे और तीसरे नंबर पर रहने वाली टीम के बीच दिल्ली में एलिमिनेटर खेला जाएगा। इसे जीतने वाली टीम 17 मार्च को पहले नंबर पर रहने वाली टीम के खिलाफ फाइनल खेलेगी।

### मुंबई ने दिल्ली को हराकर जीता था सीजन-1 का खिताब

विमेंस प्रीमियर लीग का पहला सीजन 2023 में 4 से 26 मार्च के बीच खेला गया। मुंबई इंडियंस ने फाइनल में दिल्ली कैपिटल्स को हराकर खिताब जीता था। मुंबई की कप्तानी हरमनप्रीत कौर और दिल्ली की मेग लेनिंग ने की थी। पहले सीजन में 5 टीमों ने हिस्सा लिया था, दूसरे सीजन में भी 5 ही टीमें हिस्सा लेंगी।

# धर्म विशेष के साथ भेदभाव करने वालों के खिलाफ एकजुट हुआ कलार समाज

डोंगरगढ़(दावा)। अछोली-मोतीपुर मार्ग पर स्थित आयुर्वेदिक ग्राम बेलगॉव में निवासरत कलार (सिन्हा)समाज के द्वारा सामाजिक भवन हेतु विगत अनेक वर्षों से की जा रही मांग को गंभीरता से लेते हुए स्थानीय प्रशासन द्वारा उचित पहल की गई है।प्रशासनिक हलकों से प्राप्त जानकारी अनुसार संभावना व्यक्त की गई है की, शीघ्र ही कलार समाज की मांगों पर प्रशासन द्वारा न्यायसंगत निर्णय लिया जाएगा।



कलार समाज द्वारा अतिक्रमण कर मंदिर का निर्माण करने, सरपंच द्वारा विरोध करने व ग्रामीणों के साथ मिलकर चक्का जाम करने की चेतावनी देने से उपजे विवाद के बीच जिला कलेक्टर के निर्देश पर तहसीलदार व थाना प्रभारी दल-बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। सामाजिक गणों ने अधिकारियों को बताया की,बेलगॉव के कलार समाज को पूर्व सरपंच गोविन्द कंवर, वर्तमान सरपंच छबिल साहू द्वारा समाज के भवन निर्माण के लिए हमेशा विवादित जगह को चिन्हाकित किया जाता रहा है। गांव में 100 से ज्यादा लोग अवैध कब्जा किये हुए हैं। दूसरे जगह की मांग करने पर कोई जगह नहीं मिल सकता, यह बात बोलकर सरपंच ने समाज को सार्वजनिक रूप से अपमानित किया है। तहसीलदार द्वारा दोनों पक्षों का बयान दर्ज किया गया एवं ग्रामीणों को आश्वस्त किया गया कि, उत्पन्न विवाद का जल्द ही निराकरण कर लिया जाएगा।

### सरपंच पर सार्वजनिक रूप से अपमानित करने का आरोप

सामाजिक भवन हेतु उचित स्थान पर पंचायत द्वारा वर्षों बाद भी भूमि नही दिए जाने एवं ग्राम पंचायत सरपंच द्वारा खुले रूप में समाज प्रमुखों को अपमानित करने से नाराज सामाजिक गणों ने पुराने पशु औषधालय की रिक्त भूमि पर अतिक्रमण कर अपनी कुलदेवी माता कलारीन, श्री राम, सीता व हनुमानजी की मूर्ति की स्थापना कर विधिवत प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम कराया गया था। सिन्हा समाज के लोगों ने बताया गॉव प्रमुख और सरपंच द्वारा एक दूसरे समाज में फूट डालकर आपस में लड़वाने का काम किया जा रहा हैं। सरपंच व ग्राम प्रमुख के द्वारा कई तरह से षड्यंत्र किया जा रहा हैं। जिसे बेलगॉव सरपंच द्वारा आवेदन को हाथ मे लहराते हुए कलार समाज को अपमानित करते हुए कोई जगह नही देने की बात कहीं। जिसके बाद ही समाज के लोग जमीन पर कब्जा किए। ग्रामीणों द्वारा चक्का जाम की चेतावनी दी गई थी, ग्राम पंचायत सरपंच व ग्राम प्रमुख द्वारा ग्रामीणों के साथ मिलकर कलार समाज द्वारा अतिक्रमण कर श्री राम, सीता, हनुमान व कुलदेवी कलारिन माता की मूर्ति स्थापना कर मंदिर का निर्माण किए जाने का प्रशासन के समक्ष कड़ा विरोध दर्ज किया गया था।इसके लिए चक्का जाम करने की चेतावनी भी प्रशासन को दी गई थी।

# राजेश अग्रवाल की राष्ट्रीय सीनेट बोर्ड में नियुक्ति



रायपुर (दावा)। शहर के प्रसिद्ध उद्यमी एवं समाजसेवी राजेश अग्रवाल को जेसीआई के द्वारा पुनः राष्ट्रीय सीनेट बोर्ड में बतौर डायरेक्टर नियुक्त किया गया।

आज ही राष्ट्रीय अध्यक्ष जेसी रेकेश शर्मा ने नियुक्ति पत्र भेजा है, ज्ञात हो वे एक मात्र डायरेक्टर हैं जिन्हें निरन्तर नौंवी दफा इस पद में नियुक्त किया गया हैं एवं उन्हें इस पद के साथ अतिरिक्त प्रभार में जेसीआई इंडिया के डायमंड जुबिली सेलेब्रेशन कमेटी में भी डायरेक्टर नियुक्त किया गया हैं। ज्ञात हो की राजेश अग्रवाल विगत 40 वर्षो से अधिक समय से जेसीआई में अपनी सेवाएं देते आ रहें हैं, उनकी कार्यप्रणाली, कार्यशैली न केवल रायपुर शहर, वरन पूरे जेसीआई इंडिया के युवा साथियों में प्रचलित हैं वे व्यक्तित्व विकास के अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षक भी है, राजेश जी की नियुक्ति पर मण्डल अध्यक्ष जेसी अमन शुक्ला, पूर्व मण्डल अध्यक्ष जेसी अमिताभ दुबे सहित, जेसी लीना वाढेर, जेसी चित्रांक चोपड़ा, जेसी आकाश सुंदरानी, जेसी अमितेश पाठक व अन्य सदस्यों ने बधाई दी है।

# छत्तीसगढ़ लघु वेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ ने आभार व सम्मान का कार्यक्रम आयोजित

डोंगरगढ़(दावा)। विगत दिनों छत्तीसगढ़ लघु वेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ ने पांच सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल व मंत्रालय का घेराव किया था। जिसमें दो सूत्री मांग 10 वर्ष सेवा पूर्ण होने पर प्रथम समयमान और 30 वर्ष सेवा पूर्ण होने पर तृतीय समयमान वेतनमान के आदेश शासन से जारी किए गए। जिसके लिए संघ ने आभार व सम्मान कार्यक्रम मंडल कार्यालय परिसर दुर्ग में आयोजित किया गया।



सम्मान समारोह में प्रांताध्यक्ष बिंदेश्वर राम रौतिया, प्रातीय महामंत्री योगेश चौरे, प्रांतीय सचिव विनोद यादव, प्रांतीय सचिव कामता प्रसाद साहू, कार्यकारी अध्यक्ष क्रांति अमृतलाल केवट, जिला अध्यक्ष दुर्ग मोतीराम खिलाड़ी, जिला अध्यक्ष कवर्धा कोमल साहू, जिला अध्यक्ष बालोद परशुराम धनेंद्र, जिला अध्यक्ष राजनांदगांव हरिश्चंद्र यादव, जिला अध्यक्ष मानपुर मोहला ए.के. शुक्ला, धनवंत, शंभू राम सिंह, माधव दास, लोक निर्माण विभाग अयोध्या प्रसाद सिंह, लोक निर्माण विभाग दुर्ग, विशिष्ट अतिथि राजेश चटर्जी प्रांतीय सचिव फेडरेशन, विजय लहरे, अनवर साहू व संघ के कर्मचारी उपस्थित रहे।

o वर्ष 2000 से जारी संघर्ष पर मिली सफलता

छत्तीसगढ लघु वेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ के प्रांतीय महामंत्री योगेश चौरे ने बताया की, मध्य प्रदेश शासन काल में वर्ष 1998 99 में 12 व 24 वर्ष सेवा पर पूर्ण कर लिए कर्मचारियों को प्रथम व द्वितीय क्रमोन्नत वेतनमान का लाभ दिया जाता था। क्रमोन्नत वेतनमान का लाभ दिया जाना था। किन्तु चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को इसमें शामिल नहीं किया गया था। लेकिन वर्ष 2000 में छत्तीसगढ़ अस्तित्व में आने के बाद चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ द्वारा कर्मचारियों को भी क्रमोन्नत-वेतनमान का लाभ दिया जाने की मांग व लड़ाई की गई। तत्पश्चात 2006 में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को भी क्रमोन्नत वेतनमान का लाभ दिया गया। लेकिन इसमें कार्यभारित कर्मचारियों को छोड़ दिया गया था। इस बात को लेकर 2007 में कार्यभारित कर्मचारियों के लिये भी क्रमोन्नत वेतनमान का लाभ दिया गया। जिसे कुछ दिन के बाद क्रमोन्नत वेतनमान के स्थान पर समयमान वेतनमान लागू किया गया। साथ ही 12 वर्ष तथा 24 वर्ष सेवा के स्थान पर 10 व 20 वर्ष की सेवा शर्त लागू कर दिया गया। उसके कुछ दिन बाद वर्ष 2017 में 30 वर्ष सेवा अवधि पश्चात तृतीय समयमान वेतनमान लागू किया गया। लेकिन फिर से कार्यभारिक कर्मचारियों को छोड़ दिया गया था। लेकिन संघ के लड़ाई लड़ने पर इसे भी 2024 में फिर से आकस्मिकत एवं कार्यभारित कर्मचारियों को तृतीय समयमान का लाभ देने के लिए आदेश किया गया।

# ऑनलाइन विवाद निपटारा विधि मिल का पत्थर होंगी साबित - डॉ. राज संधू

बालोद (दावा)। शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालोद के विधि विभाग एवं आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित वन वीक फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम के तृतीय दिवस में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. राज संधू जम्मू विश्वविद्यालय जम्मू रहे। उन्होंने ऑनलाइन विवाद निपटारा विधि पर विस्तार से चर्चा की और बताया कि, यह विषय भारत में नया जरूर है किंतु इस विधि से न्याय बहुत आसानी से और कम खर्चे में त्वरित गति से प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने आगे यह भी कहा कि, वर्तमान समय में ऑनलाइन विवादित निपटारे से संबंधित कोई स्पेसिफिक विधि नहीं है, किंतु उन्होंने इससे संबंधित भारत में वर्तमान में जितनी भी विधियाँ हैं उन सभी के प्रावधानों का विस्तार से उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि, ऑनलाइन विवाद निपटारा विधि अनुकल्पीय विवाद निपटारा विधि का ही एक भाग है, और कोविड -19 के समय हमारे देश के न्यायालयों ने ऑनलाइन विधि से ही विवादों का निपटारा किया था। अतः इस सिस्टम को आगे बढ़ाने की आज जरूरत है। जिससे आम जनता को आसान एवं सुलभ तरीके से सस्ता एवं त्वरित न्याय प्राप्त हो सके। उन्होंने इससे संबंधित विधि मध्यस्थ एवं सुलह अधिनियम 1996 भारतीय साक्ष्य अधिनियम एवं सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000, डिजिटल पर्सनल डाटा प्रोटेक्शन एक्ट 2023 के बारे में भी प्रतिभागियों को अवगत कराकर उपरोक्त विषय में सारगर्भित प्रकाश डाला। उन्होंने प्रतिभागियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का भी संतोषजनक ढंग से जवाब दिया। कार्यक्रम में स्वागत भाषण प्रो. जी.एन. खरे विभागाध्यक्ष भूगोल विभाग एवं आभार प्रदर्शन डॉ. जे.के. पटेल सहायक प्राध्यापक विधि विभाग द्वारा किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के संयोजक एवं विधि विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. राघवेश पांडेय जी ने इस कार्यक्रम को प्रतिभागियों के लिए बेहद महत्वपूर्ण बताया तथा उन्होंने बताया कि, ऑनलाइन विवाद निपटारा विधि आज के वर्तमान समय की आवश्यकता है, जिससे आम नागरिक को आसानी से सुलभ एवं त्वरित न्याय प्राप्त हो सके। कार्यक्रम का संचालन पूजा ठाकुर अतिथि प्राध्यापक द्वारा किया गया। इस अवसर पर आयोजन समिति के सदस्य प्रो. सी. डी. मानिकपुरी, प्रो. स्वाति वैष्णव सहायक प्राध्यापक विधि, कार्यक्रम के सह - संयोजक डॉ. जैनेंद्र कुमार सहायक प्राध्यापक विधि एवं कार्यक्रम संचालन समिति के सदस्य पूनम चंद गुप्ता, सुब्रत मंडल अतिथि प्रध्यापक ने सक्रिय रूप से अपनी भागीदारी सुनिश्चित की।



o वन वीक फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का शानदार तीसरा दिन

# सावित्री बाई फुले निःशुल्क कोचिंग क्लास प्रारंभ

डोंगरगढ़ (दावा)। कक्षा पहली से दसवीं में अध्यनरत छात्र-छात्राओं के लिए बौद्ध समाज के जागरुक युवाओं ने आदर्श बौद्ध महासभा नागसेन बुद्ध विहार ट्रस्ट समिति डोंगरगढ़ के तत्वाधान में प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु मार्गदर्शन देने निःशुल्क कोचिंग क्लास प्रारंभ किया गया है।



o बौद्ध समाज के युवाओं का अभिनव प्रयास
o प्रेरणा बनी देश की पहली महिला शिक्षिका

समस्त उपासक एवं उपासिकाओं से अपील की गई है की, वे इस अवसर का लाभ लेने अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को कोचिंग क्लास में आने के लिए प्रेरित करे। सामाजिक कार्यकर्ता मनीष बडोले, विलास सहारे, मुकेश काण्डे से प्राप्त जानकारी अनुसार कोचिंग क्लास कक्षा 1 से 10 तक का समय शाम 5 बजे से 7 बजे तक एवं विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी करने वाले अभ्यर्थियों के लिए, जिसमें छत्तीसगढ पी.एस.सी. व्यापम, रेल्वे, बैंकिंग एवं पुलिस सेवाओं इत्यादि के लिए कक्षाए सुबह 6 बजे से 8:30 बजे तक, उत्कृष्ट शिक्षकों द्वारा संचालित की जायेगी। सभी कक्षाएं पूर्णतः निःशुल्क आयोजित की जायेगी।

### लड़कियों के लिए 18 स्कूल खोले, प्रेरणा बनी देश की पहली शिक्षिका

शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन लाने वाली देश की प्रथम शिक्षिका सावित्रीबाई फुले से प्रेरणा लेकर सामाजिक युवाओं ने सामाजिक बच्चों के शिक्षा स्तर को सुधारने का बीड़ा उठाया है। जिसकी सभी ओर सराहना की जा रही है। ज्ञात होवे कि सावित्री बाई फुले ने अपने पति ज्योतिराव फुले के साथ मिलकर लड़कियों के लिए 18 स्कूल खोले। उन्होंने साल 1848 में महाराष्ट्र के पुणे में देश में सबसे पहले बालिका स्कूल की स्थापना की थी. वहीं, 18 वां स्कूल भी पुणे में ही खोला गया था. उन्होंने 28 जनवरी, 1853 को गर्भवती बलात्कार पीड़ितों के लिए बाल हत्या प्रतिबंधक गृह की भी

# कबीर मठ नादिया के 200 वर्ष में विराट अ.भा. कबीर आचार्य सम्मेलन 21 मार्च से

राजनांदगांव(दावा)। जिले में धर्मनगर नादिया (खुज्जी) में स्थित छ.ग. की प्राचीन एवं ऐतिहासिक कबीर मठ के 200 वर्ष पूर्ण होने पर द्वितीय शताब्दी समारोह के सुवसर पर विराट अखिल भारतीय कबीर आचार्य सम्मलेन दिनांक 21, 22 एवं 23 मार्च को कबीर मठ धाम नादिया में आयोजित हैं। द्वितीय शताब्दी विराट समारोह में अखिल भारतीय संत समागम की व्यापक तैयारी प्रारंभ हो गई है। कबीर सभागृह नादिया में मठ के आचार्य स्वामी मंगल साहेब की अध्यक्षता में संत महंतो एवं कबीर अनुनायिओं की उपस्थिति में आयोजन हेतु समितियों का गठन कर प्रभारियों की नियुक्ति की गई तथा स्मारिका हेतु सम्पादक मंडल का गठन किया गया।



मठ के धर्माधिकारी संत सत्येन्द्र साहेब शास्त्री एवं कबीर साहेब मठ ट्रस्ट के वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेश साहू ने बताया कि संस्था के आध्यात्मिक आयोजन का 200 वर्षो का गौरवशाली इतिहास हैं। ई.सन् 1826 से स्थापना काल से ही मानवीय एकता, आध्यात्मिक मूल्यों के पोशक, संत मत के प्रवक्त, सत्य अहिंसा के पद प्रदर्शक, युग दृष्टा संतशिरोमणि कबीर साहेब के अमृत वचनों का देश में मठ के आचार्य के मार्गदर्शन में व्यापक प्रचार किया जा रहा है। कबीर वाणी के माध्यम से सर्वसमाज में भाई-चारा के साथ-साथ समरसता की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किया जा रहा है। द्वितीय शताब्दी समारोह में देश के आचार्य धर्मेन्द्र साहेब, कबीर पारख संस्थान प्रयागराज उ.प्र.,आचार्य विचार साहेब, सद्गुरू सनाधी मंदिर मगहर उ.प्र.,आचार्य ब्रजेश मुनी साहेब, आचार्य गद्दी ठाकुरदिया फतुहामठ बिहार, संत अमोही साहेब, कबीर निर्णय मंदिर बुढ़हानपुर म.प्र., धर्माधिकारी सुधाकर साहेब, आचार्य गद्दी खसरिया एवं वाराणासी, संत रमाशंकर साहेब, जीवन ज्योति केन्द्र पूर्णिया बिहार, संत डॉ.भागीरथी साहेब, मूलगादी कबीर चौरामठ वाराणासी उ.प्र., महंत राम सुंदरदास पीठाचार्य दुद्धाधारी मठ रायपुर, सहित राष्टीय ख्याति प्राप्त भवन उपदेशक राजू परदेशी बिहार, संत देवेन्द्र दास वाराणासी उ.प्र., के मठ मंदिरों में मुर्धन्य विद्धानों की गरिमामय उपस्थिति में सम्पन्न होगा। साथ ही केन्द्र सरकार और राज्य सरकार के मंत्रियों, सांसद विधायक एवं जन प्रतिनिध समारोह में विशेष रूप उपस्थित रहेगें।

द्वितीय शताब्दी समारोह को अविस्मरणीय बनाने हेतु कबीर अनुयायिओं एवं धर्मानुरागियों को विराट आयोजन के साक्षी हेतु सतत् सम्पर्क संत महंतो एवं ट्रस्ट के पदाधिकारियों द्वारा सम्पर्क किया जा रहा हैं। बैठक में संत प्रकाश साहेब, महंत रेखदास, महंत रीहूदास, महंत मनसुखदास, महंत रोही दास, महंत मोहित दास, महंत धनजय साहेब, महंत रेवादास सहित ट्रस्ट समिति से संरक्षक दयाल दास, हिरेन्द्र साहू (समाज सेवी),रामप्रकाश साहू,भारत गोमासे नागपुर, दौऊवा साहू ,मन्नू लाल गंजीर, डीसेन दास, अमरदास, दुलरवा दास, केवल ठाकुर (सरपंच), करूणामयी कबीर संस्थान, चिंताराम साहू, भगवानी दास, जनकदास साहू, धानू राम पटेल, सहित बड़ी संख्या में कबीर अनुनायिओं की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। बैठक का संचालन ट्रस्ट के महामंत्री संत गिरवर दास ने तथा अंत में आभार दयाल दास द्वारा किया गया।

# स्थैतिक निगरानी दल का किया गया गठन

**राजनांदगांव (दावा)। आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए जिले में तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है। भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत निर्वाचन व्यय मानिटरिंग एवं आदर्श आचरण संहिता के अनुपालन में लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 6-राजनांदगांव अंतर्गत जिले के सभी विधानसभा क्षेत्र के लिए स्थैतिक निगरानी दल का गठन किया है। जिले के गठित स्थैतिक निगरानी दल में एक अधिकारी के साथ पुलिस अधिकारी-कर्मचारी की ड्यूटी लगाई गई है और दल में वीडियोग्राफर साथ रहेंगे।**

जारी आदेश लोकसभा निर्वाचन 2024 घोषणा दिनांक से प्रभावी होगा। स्थैतिक निगरानी दल लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान अलग-अलग स्थानों पर चेक पोस्ट का निर्माण कर निगरानी करेंगे। दल द्वारा निर्वाचन में अत्यधिक प्रचार खर्चों, रिश्वत की मदों का नगद या वस्तुत रूप में वितरण, अवैध शस्त्रों, गोला-बारूद, शराब या असमाजिक तत्वों आदि पर निगरानी रखी जाएगी। जांच की सभी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी की जाएगी। दल के साथ आवश्यकताअनुसार सुरक्षा बल साथ रहेंगे। निगरानी दलों द्वारा प्राप्त सूचना एवं निर्देशों पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 74-डोंगरगढ़ (अनुसूचित जाति) अंतर्गत दल क्रमांक 1 में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी डोंगरगढ़ दुष्यंत कुमार वर्मा की ग्राम ढारा (डोंगरगढ़-खैरागढ़ रोड), दल क्रमांक 2 में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी डोंगरगढ़ शेखर श्रीवास्तव की ग्राम रंगकठेरा (खैरागढ़-जालबांधा रोड), दल क्रमांक 3 में वि.वि. अधिकारी जनपद पंचायत डोंगरगढ़ के लेखराम चंद्रवंशी की ग्राम मोहंदी (खैरागढ़-दुर्ग रोड), दल क्रमांक 4 में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी डोंगरगढ़ राहुल कुमार गौतम की ग्राम ढारा (डोंगरगढ़-खैरागढ़ रोड), दल क्रमांक 5 में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी राजनांदगांव जितेन्द्र वर्मा की ग्राम रंगकठेरा (खैरागढ़-जालबांधा रोड), दल क्रमांक 6 में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी डोंगरगढ़ अनमोल मेश्राम की ग्राम मोहंदी (खैरागढ़-दुर्ग रोड), दल क्रमांक 7 में मत्स्य निरीक्षक मछली पालन विभाग प्रशांत चन्द्रवंशी को ग्राम ढारा (डोंगरगढ़-खैरागढ़ रोड), दल क्रमांक 8 में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी घनश्याम सोनी को ग्राम रंगकठेरा (खैरागढ़-जालबांध रोड), दल क्रमांक 9 में उप अभियंता (घुमका सेक्शन) लोक निर्माण विभाग संजीव कुमार द्विवेदी को ग्राम मोहंदी (खैरागढ़-दुर्ग रोड) में ड्यूटी लगाई गई है। रिजर्व में उप अभियंता उप संभाग डोंगरगढ़ लोक निर्माण विभाग श्री प्रवीण कोसले एवं रिजर्व 2 में उपअभियंता उप संभाग डोंगरगढ लोक निर्माण विभाग जितेन्द्र कुमार भनारकर को रखा गया है।

विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 75-राजनांदगांव अंतर्गत दल क्रमांक 1 में उप अभियंता लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण संभाग सुशांत कौशिक की ग्राम अंजोरा (दुर्ग-राजनांदगांव व एनएच 53), दल क्रमांक 2 में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी राजनांदगांव योगेश बिसेन की ग्राम सुकुलदैहान (राजनांदगांव-डोंगरगढ़ रोड), दल क्रमांक 3 में ग्रामीण कृषि विकास अधिकारी चुरामन सिंह टण्डन की ग्राम सुरगी (राजनांदगांव-अर्जुदा रोड), दल क्रमांक 4 में ग्रामीण कृषि विकास अधिकारी आनंद राम जंघेल को ग्राम अंजोरा (दुर्ग-राजनांदगांव व एनएच 53), दल क्रमांक 5 में ग्रामीण कृषि विकास अधिकारी नीरज टैगोर की ग्राम सुकुलदैहान (राजनांदगांव-डोंगरगढ़ रोड), दल क्रमांक 6 में ग्रामीण कृषि विकास अधिकारी याजवेन्द्र कटरे की ग्राम सुरगी (राजनांदगांव-अर्जुंदा रोड), दल क्रमांक 7 में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी पीके नाग की ग्राम अंजोरा (दुर्ग-राजनांदगांव व एनएच 53), दल क्रमांक 8 में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी अविनाश दुबे की ग्राम सुकुलदैहान (राजनांदगांव-डोंगरगढ़ रोड), दल क्रमांक 9 में सहायक मत्स्य अधिकारी मछली पालन विभाग नयन कुमार गजभिये की ग्राम सुरगी (राजनांदगांव-अर्जुदा रोड) में ड्यूटी लगाई गई है। रिजर्व 1 में ग्रामीण कृषि विकास अधिकारी सुरगी पीके यादव एवं रिजर्व 2 में ग्रामीण कृषि विकास अधिकारी सलोनी वैभव मंडावी को रखा गया है।

o जारी आदेश लोकसभा निर्वाचन 2024 घोषणा दिनांक से प्रभावी होगा

विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 76-डोंगरगांव अंतर्गत दल क्रमांक 1 में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी डोंगरगांव ललित साहू की ग्राम मोहड़ (डोंगरगांव-मोहला रोड), दल क्रमांक 2 में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी राजनांदगांव शेखर हिरवानी की ग्राम तुमड़ीबोड़ (राजनांदगांव-डोंगरगढ़ रोड़), दल क्रमांक 3 में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी डोंगरगांव सतीश नेवरा की ग्राम बोरतलाव (बोरतलाव-साल्हेवारा रोड), दल क्रमांक 4 में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी डोंगरगांव टुनेश्वर मिश्रा की ग्राम मोहड़ (डोंगरगांव-मोहला रोड), दल क्रमांक 5 में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी डोंगरगांव एनके मंडावी की ग्राम तुमड़ीबोड़ (राजनांदगांव-डोंगरगढ़ रोड),दल क्रमांक 6 में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी डोंगरगांव शैलेश साहू की ग्राम बोरतलाव (बोरतलाव-साल्हेकसा रोड), दल क्रमांक 7 में उप अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी राजनांदगांव त्रिलोक कुमार चौबे की मोहड़ (डोंगरगांव-मोहला रोड), दल क्रमांक 8 में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी डोंगरगांव प्रणेश शर्मा की ग्राम तुमड़ीबोड़ (राजनांदगांव-डोंगरगढ़ रोड), दल क्रमांक 9 में उद्यान विकास अधिकारी डोंगरगांव बाबूलाल राणा ग्राम बोरतलाव (बोरतलाव-सालहेकसा रोड) में ड्यूटी लगाई गई है। रिजर्व 1 में उप अभियंता डोंगरगांव सेक्शन लोक निर्माण विभाग संजय उइके तथा रिजर्व 2 में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी तुमड़ीबोड़ चमन बघेल को रखा गया है।

विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 77-खुज्जी अंतर्गत दल क्रमांक 1 में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी छुरिया सुनील ठाकुर की ग्राम बागनदी (राजनांदगांव-गोंदिया रोड एनएच 53), दल क्रमांक 2 में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी छुरिया नितिन श्रीवास की ग्राम कल्लुबंजारी (छुरिया-कल्लूबंजारी रोड), दल क्रमांक 3 में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी हितेश गुप्ता की ग्राम गैन्दाटोला (कुमरदा-चिल्हाटी रोड), दल क्रमांक 4 में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी छुरिया रामेश्वर सिन्हा की ग्राम बागनदी (राजनांदगांव-गोंदिया रोड एनएच 53), दल क्रमांक 5 में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी छुरिया शिशिर विश्वास की ग्राम कल्लुबंजारी (छुरिया कल्लूबंजारी), दल क्रमांक 6 में सहायक उ.वि. अधिकारी छुरिया गिरिश शंकर राणा की ग्राम गैन्दाटोला (कुमरदा-चिल्हाटी रोड), ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी छुरिया संतोष कुमार साहू की ग्राम बागनदी (राजनांदगांव-गोंदिया रोड एनएच 53), ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी छुरिया विकास कुमार यादव की ग्राम कल्लुबंजारी (छुरिया-कल्लुबंजारी रोड), उप अभियंता कुमर्दा सेक्टर लोक निर्माण विभाग देव कुमार भूआर्य की ग्राम गैन्दाटोला (कुमर्दा-चिल्हाटी रोड) में ड्यूटी लगाई गई है। रिजर्व 1 में मत्स्य निरीक्षक छुरिया संदीप साहू एवं रिजर्व 2 में उपअभियंता खुज्जी सेक्शन लोक निर्माण विभाग विजय राव ढोके को रखा गया है।

# आफ लाइन सहित आनलाइन की अवधि समाप्त महतारी वंदन फार्म का सत्यापन कार्य जारी

**दावा-आपत्ति के लिए तीन दिन का समय- 2 मार्च को होगा अंतिम सूची का प्रकाशन, 8 मार्च से मिलेगी राशि**

राजनांदगांव (दावा)। प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद अपनी चुनावी वादा पूरा करते हुए महिलाओं को प्रति माह एक हजार रूपए देने वाली महतारी वंदन योजना की शुरूआत की है। इसके 22 फरवरी तक आफ लाइन आवेदन भरे जाने थे। उसकी अवधि पूरी हो चुकी है। इसी तरह ऑन लाईन आवेदन करने में पहले-पहले कुछ दिक्कत आने के कारण इसकी अवधि 22 फरवरी तक बढ़ा दी गई थी।

उक्त अवधि भी पूरी हो जाने के पश्चात इन आवेदनों की जांच का काम शुरू कर दिया गया है। आज 23 फरवरी को पात्र और अपात्र हितग्राहियों की एक सूची जारी की जाएगी। जिसमें अपात्र आवेदकों को दावा-आपत्ति के लिए 23 से 25 तक का तीन दिन का समय दिया गया है। इसके बाद ही इस योजना के तहत 2 मार्च को अंतिम सूची का प्रकाशन किया जाएगा। इसमें पात्र हितग्राहियों को आने वाले 8 मार्च को योजना की पहली किश्त के रूप में एक हजार रूपए दिए जाएंगे। उक्त राशि बैंक खाते के माध्यम से प्राप्त होंगे।




### जिले में ढ़ाई लाख आवेदन

बता दे कि 5 फरवरी से शुरू हुए महतारी वंदन आवेदन की प्रक्रिया के तहत पहले दिन से अंतिम अवधि 22 फरवरी तक राजनांदगांव जिले में 2.55 लाख आवेदन प्राप्त हुए है। इन आवेदनों की जांच प्रक्रिया जारी है। जैसा कि बताया जा चुका है कि अपात्र आवेदकों को दावा-आपत्ति के लिए गए तीन दिन का समय के अंतर्गत दावा-आपत्ति प्रक्रिया में आने वाले प्रकरणों की जांच के लिए जिला स्तर पर एक कमेटी बनाई गई है। यह कमेटी सभी दावा-आपत्ति की सुनवाई करते हुए अंतिम फैसले लेगी। बताया जाता है कि सभी प्रकरणों का निराकरण होने के बार एक मार्च को सूची फायनल कर ली जाएगी। जिसके बाद 2 मार्च को अंतिम सूची का प्रकाशन कर दिया जाएगा। उक्त सूची सीाी आंगनवाड़ियों में चस्पा की जाएगी।

### आवेदन का मिलेगा मौका

महतारी वंदन की आवेदन प्रक्रिया में किसी कारणों से छूट चुकी महिलाओं को फिर से आवेदन किए जाने का मौका दिया जा रहा है। बताया जाता है कि आवेदन जमा करने के अंतिम दिन सर्वर की दिक्कतें और फोन नम्बर पहले से रजिस्टर्ड दिखाने के चक्कर में कई महिलाएं आवेदन करने से चूक गई है। उन महिलाओं का फिर से मौका मिलने वाला है। उक्त प्रक्रिया आने वाले समय में ही शुरू होगी जो लोकसभा चुनाव के बाद ही हो सकता है। बहरहाल जिले में बड़ी संख्या में महिलाओं ने महतारी वंदन के आवेदन भरे है। सूत्रों की माने तो जिले की 3.30 लाख महिला वोटरों में से 2.55 लाख महिलाओं ने आवेदन भरे है। फिलहाल इसका सत्यापन कार्य जारी है।

# सांसद संतोष पाडे को उठा लेने की मिली धमकी



**मोबाईल पर पाकिस्तानी नंबर से आया काल**

राजनांदगांव (दावा)। सांसद संतोष पांडे को फोन पर उठा लेने की धमकी मिली है। उक्त फोन का रिसीव सांसद पुत्र अंकित पांडे ने किया है। धमकी के संबंध में सांसद संतोष पांडे ने शिकायत में लिखा कि उक्त फोन काल उनकी धर्मपत्नी श्रीमती रेखा पांडे के मोबाइल नम्बर पर व्हाट्सअप का काल के माध्यम से आया था जिसे उसके पुत्र अंकित ने रिसीव किया तो उसे धमकी दी गई कि तुम्हारे पिता को दो दिन के अन्दर उठा लिया जाएगा। उसके पुत्र द्वारा यह प्रश्न पर कि 'मेरे पिता का नाम क्या है?' फोनकर्ता ने जवाब दिया कि तुम्हारे पिता का नाम संतोष पांडे है। सांसद ने कहा कि इस प्रकार के धमकी भरे फोन से उनके परिवार के लोग सुरक्षा को लेकर चिंतित है। सांसद उस समय पंडरिया में कालेज के कार्यक्रम में थे। जब वो भोजन के लिए घर पहुंचे, तब उन्हें इस अज्ञात कालर की जानकारी उनके बेटे ने दी। सांसद श्री पांडे ने उक्ताशय के संबंध में कबीरधाम के एसपी को पत्र लिखकर फोन काल की जांच व आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। सांसद जी ने एसपी को व्हाट्सअप काल के मोबाईल नम्बर उपलब्ध कराया है। बताया जाता है कि एसपी ने उक्त संदर्भ में डीजी एवं डीआईजी को फारवर्ड कर दिया है। जिले के सांसद को आए उक्त धमकी भरे काल से भाजपा के समस्तजनों सहित सांसद के परिजनों व शुभचिंतकों में रोष देखा जा रहा है। जांच में पता चला है कि सांसद को किए काल पाकिस्तान का है। इसके बाद पुलिस के आला अफसर प्रकरण की जांच कर रहे हैं।

# तुमड़ीबोड़ के पास सड़क हादसा दो सगे भाईयों की मौत



**डोंगरगढ़ से होंडा में सवार होकर आ रहे थे तीनों**

राजनांदगांव (दावा)। तुमड़ीबोड़ नेशनल हाइवे में सड़क हादसा होने के चलते दो सगे भाईयों की मौत हो गई है वही एक को गंभीर रूप से घायल बताया जाता है। घायल को भिलाई रिफर किए जाने की जानकारी मिल रही है।

उक्त घटना दीवानझिटिया के पास मोड़ में हुई है। सड़क हादसे में मृत सगे भाईयों में एक का नाम पेंड्री निवासी मनीष प्रजापति (25 वर्ष) और दूसरे का नाम संदीप प्रजापति (35 वर्ष) बताया जाता है। वही घायल युवक का नाम करण बताया जाता है। नेशनल हाईवे में दीवानझिटिया व मचान पार के पास गुरूवार की शाम 4 बजे हुई।

उक्त घटना के सम्बंध में जानकारी देते हुए तुमड़ीबोड़ चौकी प्रभारी ने बताया कि तीनों सीजी-08/एडब्ल्यू 0753 होंडा में सवार होकर डोंगरगढ़ की ओर से आ रहे थे। दोनों गांव के समीप मोड़ पड़ने के कारण विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार ट्रक क्रं. सीजी-08 /ए.एल. 5488 की चपेट में आ गए। पुलिस ने मामले की जांच में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# तेन्दूपत्ता शाखकर्तन की गोपनीय कार्यशाला आज डोंगरगांव में

**स्थानीय विधायक सहित जनप्रतिनिधियों की अनदेखी**

डोंगरगांव (दावा)। शहर के बांस डिपो में वन विभाग द्वारा तेन्दूपत्ता शाखकर्तन कार्यशाला का आयोजन शुक्रवार 23 फरवरी को किया जा रहा है, छत्तीसगढ़ का हरा सोना तेन्दूपत्ता की गुणवत्ता में सुधार के लिए शासन व्दारा निर्धारित समय में तेन्दूपत्ता का शाखकर्तन किया जाता है।

छत्तीसगढ़ शासन के इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए तेन्दूपत्ता संग्रहणकाल के पूर्व शाखकर्तन सभी पोषक अधिकारी, समिति प्रबंधक, फड़मुंशियों, अध्यक्ष/संचालक सदस्यगण, ग्राम सरपंच क्रेता प्रतिनिधी एवं जनप्रतिनिधियों को विशेष रूप से आमंत्रित कर सभी महत्वपूर्ण पहलुओं पर एक कार्यशाला आयोजित की जाती है. शासन की महत्वाकांक्षी योजना होने की वजह से इसका व्यापक प्रसार प्रसार भी आवश्यक है लेकिन वन विभाग व्दारा स्थानीय जनप्रतिनिधियों की अनदेखी कर इस प्रकार के बड़े आयोजनों को संपन्न कर रही है. इस विषय में कुछ जनप्रतिनिधियों सहित क्षेत्रीय विधायक दलेश्वर साहू से भी चर्चा की गई, तो उन्होंने इसे लेकर अनभिज्ञता जाहिर की।

बता दें कि आज शुक्रवार को डोंगरगांव में आयोजित इस कार्यशाला में चौकी, खुज्जी और डोंगरगांव से बड़ी संख्या में वन विभाग के कर्मचारियों की उपस्थिति रहेगी, ऐसे में इस आयोजन को लेकर वन विभाग द्वारा गोपनीयता क्यों बरती जा रही है। इस संबंध में हमारे प्रतिनिधि द्वारा जानकारी लेने वन परिक्षेत्र अधिकारी खुज्जी के दूरभाष क्रमांक 9713722535 में संपर्क करने का प्रयास किया गया किन्तु उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया।

# पूर्व सांसद मधुसूदन ने स्वास्थ्य मंत्री के साथ रायपुर में किया जनसमस्या निवारण

**पूर्व सांसद मधुसूदन ने स्वास्थ्य मंत्री से एमसीएच राजनांदगांव में सुविधा बढ़ाने का अनुरोध किया**

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा छत्तीसगढ़ के प्रदेश महामंत्री (संगठन) पवन साय के द्वारा प्रदेश के वरिष्ठ भाजपा नेतागण एवं प्रदेश पदाधिकारीयों को जनता और कार्यकर्ताओं की समस्याएं को सुनने एवं उनका निराकरण करने हेतु निर्देशित किया गया है।

इसी तारतम्य में पूर्व सांसद मधुसूदन यादव मंगलवार 20 फरवरी को छत्तीसगढ़ शासन के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल के साथ जनसुनवाई के लिए प्रदेश भाजपा कार्यालय, कुशाभाऊ ठाकरे परिसर, बोरिया कला, रायपुर में उपस्थित रहे। इस दौरान पूर्व सांसद मधुसूदन के साथ राजनांदगांव से वरिष्ठ भाजपा नेता एवं ग्राम पंचायत तुमडीबोड़ के पूर्व सरपंच राजेंद्र जैन बंटू एवं मोतीपुर राजनांदगांव के लोक कलाकार मनोहर यादव भी उपस्थित रहे। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के



साथ जनसमस्या निवारण में सहयोग करते हुए प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन ने बताया की मुख्य रूप से संविदा स्वास्थ्यकर्मियों की समस्याएं, स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत कर्मचारियों के लंबित मानदेय राशि संबंधी, 102 महतारी एम्बुलेंस सेवा बहाली एवं उसके वाहन चालक एवं चिकित्सकीय स्टाफ की समस्याएं के निराकरण संबंधी, 108 एम्बुलेंस सेवा में नियोजित कर्मी, संजीवनी के कर्मचारीयों कि समस्या आदि को मंत्री जी ने सुना एवं यथायोग्य निराकरण हेतु विभागीय अधिकारियों को दूरभाष पर निर्देशित किया है। शेष समस्याओं को मंत्री जी ने पत्राचार के माध्यम से निराकरण हेतु अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को निर्देशित किया है। इस दौरान पूर्व सांसद मधुसूदन ने स्वास्थ्य मंत्री जी को शासकीय चिकित्सा विद्यालय संबद्ध चिकित्सालय राजनांदगांव में सुविधाएं बढ़ाने एवं यहां कार्यरत दैनिक वेतनभोगी श्रमिक कर्मचारीगण की विभिन्न समस्याओं से भी अवगत कराया और यथोचित निराकरण के लिए अनुरोध किया है। शासकीय चिकित्सा विद्यालय राजनांदगांव के दैनिक वेतन भोगी श्रमिक कर्मचारीयों की मुख्य समस्याओं के बारे में विभागीय मंत्री से चर्चा करते हुए पूर्व सांसद मधु ने उन्हें रूपये 4000 मासिक की दर से श्रम सम्मान राशि दिए जाने, इन कर्मचारियों को आकस्मिक अवकाश एवं मेडिकल अवकाश जैसी मूलभूत सुविधाएं देने, कर्मचारियों की ईपीएफ कटौती करने एवं एमसीएच राजनांदगांव में कार्यरत कर्मचारियों के पद सेटअप में स्वीकृत नहीं होने के संबंध में स्वास्थ्य मंत्री का ध्यान आकृष्ट कर यथोचित समाधान का अनुरोध किया है।

# स्वदेशी का प्रतीक स्वावलंबन और स्वावलंबन का प्रतीक स्वाभिमान- सांसद संतोष पाडे

राजनांदगांव (दावा)। स्वदेशी मेले के शानदार छठवें दिवस में आज के कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता के तेल चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप जलाकर की गई स्वागत समिति के अध्यक्ष विनोद डडडा ने स्वागत भाषण दिया तत्पश्चात मुख्य अतिथि के रूप में सांसद संतोष पांडे ने कहा कि स्वदेशी का प्रतीक स्वावलंबन है और स्वावलंबन का प्रतीक स्वभिमान।

प्राचीन समय में उद्यमिता के कारण देश समृद्ध और स्वावलंबी थे, अब हजारों वर्षों के गुलामी के बाद लोगों का स्वभिमान जागा है और लोग पुनः स्वदेशी मेले के जरिए स्वावलंबन की संकल्पना को सकार करने लगे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आव्हान है कि देश को समृद्ध और स्वावलंबी बनाएं। सांसद संतोष पांडे सात दिवसीय स्वदेशी मेला के सफलतम छठवें दिवस कल शाम संस्कारधानी राजनांदगांव के स्टेट स्कूल मैदान में आयोजित सप्ताहिक स्वदेशी मेला के कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। सांसद संतोष पांडे ने कहा कि 21वीं सदी में लोगों का स्वभिमान जागा है और स्वदेशी उद्यमिता के माध्यम से देश को समृद्ध करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर आगे बढ़ रहा है। वर्तमान में भारत देश विश्व की 5वां अर्थव्यवस्था के रूप में सामने आया है। आगामी कुछ वर्षों बाद भारत देश विश्व में तीसरी अर्थव्यवस्था के रूप में सामने आएगी। उन्होंने स्वदेशी मेला मे विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त बच्चों का पुरस्कार वितरण कर उत्साहवर्धन किया

पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने स्वदेशी मेला को सम्बोधित करते हुए कहा कि रामलला का संस्कार ही स्वदेशी है, प्राचीन समय में शहरों की सुविधा गांवों में थी अब गांवों की सुविधा शहरों में आ गई है और लोग गांवों से शहरों की ओर अग्रसर होने लगे हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत देश रक्षा क्षेत्रों में भी स्वदेशी को अपना लिया है यह गर्व की बात है। लोग धीरे-धीरे स्वदेशी टूथब्रश से लेकर घरेलू उपयोग की वस्तु और रोजमर्रा की चीजें भी अपनाने लगे हैं। निश्चित ही इससे हम देश को विकसित और समृद्ध भारत बना सकते हैं।

पूर्व सांसद प्रदीप गांधी ने कहा कि स्वदेशी मेले में स्वदेशी उत्पादों का विक्रय भी किया जा रहा है। मेला स्थल में प्रतिदिन विभिन्न संस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए जा रहे हैं। हजारों की संख्या में लोग परिवार के साथ प्रतिदिन यहां पहुंचकर स्वदेशी उत्पादों की खरीदी के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद ले रहे हैं। इस अवसर पर भाजपा के जिला अध्यक्ष रमेश पटेल सचिन बघेल, संतोष अग्रवाल जिला पंचायत सदस्य गीता साहू, चेंबर ऑफ कॉमर्स के अजय भशिन, दिग्विजय कॉलेज के प्राचार्य के एल टांडेकर सहित मेला समिति के सदस्य और आमजन उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन भागचंद गीड़िया ने किया आभार प्रदर्शन कोमल सिंह राजपूत मेला संयोजक ने किया।




### मेला व्यवस्था में विशेष योगदान के लिए सम्मान

16 फरवरी से आयोजित स्वदेशी मेले की व्यवस्था में बेहतरीन सहयोग करने वाले हकीम खान, दुर्गेश यादव, भीष्म देवांगन, डॉ संदीप भट्टाचार्य, रितेश देवांगन, जग्गू सोनकर, रघुवीर वाधवा, शिव वर्मा का आभार व्यक्त करते हुए विशेष रूप से सम्मान किया गया। उक्त जानकारी स्वदेशी मेला के प्रचार प्रसार प्रभारी रवि सिन्हा ने दी है।

### मेले में प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया

प्रतिदिन की अनुसार आज भी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन जिला स्थल पर किया गया जिसमें बसंत सुंदरी प्रतियोगिता व्यंजन प्रतियोगिता रखी गई थी जिसमें क्रमशः अमृता खंडेलवाल, मनीष श्रीवास्तव आरती को प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान नमकीन व्यंजन में मिला मनीष श्रीवास्तव, अमृता खंडेलवाल, जूही गुप्ता को प्रथम द्वितीयं तृतीय पुरस्कार मीठा व्यंजन में मिला बसंत सुंदरी प्रतियोगिता में प्राची ठक्कर छाया तिवारी, अमृत खंडेलवाल को प्रथम द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ निर्णयाक के रूप में श्रीमती सोनाली ओसवाल, श्रीमती इंदुबेन ठक्कर, श्रीमती निर्मला सिंह रही।

किराये से देना है
फर्स्ट फ्लोर में 3700 वर्गफीट हॉल किराये से देना है।
पता - मोहारा नदी रोड, ब्लू डायमण्ड सिटी के पास, अनय लॉन के सामने, राजनांदगांव
संपर्क करें
79991-61135
81037-58669
















पुण्य स्मरण

श्रीमती ज्योति मूंदड़ा
(ध. प. अनिल मूंदड़ा)
वो बिछड़े कुछ इस तरह कि
दुनिया ही बदल गई।
रहने को तो सदा यहाँ आता नहीं कोई
लेकिन आप जैसे गये वैसे जाता भी नहीं कोई।।
पुण्यतिथि पर कोटिशः नमन्
श्रद्धानवत
मूंदड़ा परिवार, राजनांदगांव

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुदक्र दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com